खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :34°C
न्यूनतम: 20°C

बरेली, गुरुवार 30 अप्रैल 2026 बरेली संस्करण: वर्ष 23 अंक 149 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper


shahtimes2015@gmail.com बैसाख शुक्ल पक्ष 13 विक्रमी सम्वत् 2083 11 जिलकदा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



यूपी विधानसभा के विशेष सत्र की तैयारी, महिला आरक्षण पर सियासी घमासान तय पेज 2



राजस्थान रॉयल्स के सूर्यवंशी ने फिर किया ऑरेंज कैप पर कब्जा खेल टाइम्स




स्कूल की चौखट पर खड़ा बाजार, भीतर सिमटती शिक्षा सम्पादकीय



ईरान में हार से बचने को अमेरिका रास्ता तलाश रहा: अमेरिकी विशेषज्ञ पेज 12

# एग्जिट पोल: बंगाल में पहली बार भाजपा

## असम, पुडुचेरी में भी खिलेगा कमल, तमिलनाडु में टीवीके आगे व केरलम में यूडीएफ बनाएगी सरकार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में 6 एग्जिट पोल के नतीजे आ चुके हैं। 5 में भाजपा और एक में टीएमसी सरकार बनने का अनुमान जताया गया है। मैट्रिज के एग्जिट पोल में टीएमसी को 125 से 140 और भाजपा को 146 से 161 सीटें मिलने का अनुमान है।

चाणक्य स्ट्रैटजी ने टीएमसी को 130 से 140 और भाजपा को 150 से 160 सीटें मिलने का अनुमान जताया है। पीपुल्स पल्स ने टीएमसी को 177 से 187 और भाजपा को 95 से 110 सीटें मिलने की बात कही है। प्रजा पोल ने टीएमसी को 85 से 110 और भाजपा को 178 से 200 सीटें मिलने की बात कही है। पी-मार्क के एग्जिट पोल में टीएमसी को 118 से 138 और भाजपा को 150 से 175 और सीटें दी गई हैं। पोल डायरी ने टीएमसी को 99 से 127 और भाजपा को 142 से 171 सीटें मिलने की बात कही है। असम के 8 एग्जिट पोल सामने आए हैं, सभी में भाजपा की वापसी का दावा किया गया है। एक्सिस माय इंडिया ने भाजपा को 88-100, जबकि कांग्रेस को 24-36 सीटें मिलने का अनुमान जताया है। मेट्रिज ने भाजपा को 85-95 और कांग्रेस को 25-32 सीटें दी हैं। पीपुल्स पल्स ने भाजपा को 68-72 और कांग्रेस को 22-26 सीटें दी हैं। पी मार्क ने भाजपा को 82-94 और कांग्रेस को 30-40 सीटें दी हैं। जेवीसी ने भाजपा को 88-101 और कांग्रेस को 23-33 सीटों का अनुमान जताया है। चाणक्य स्ट्रैटजी ने भाजपा को 88-98 और कांग्रेस को 22-32 सीटें मिलने की बात कही है। पोल डायरी ने भाजपा को 86-101 और कांग्रेस को 15-26 सीटें मिलने का अनुमान जताया है। वोट वाइब ने भाजपा को 90-101 और कांग्रेस को 23-33 सीटें दी हैं। तमिलनाडु के 5 एक्जिट पोल- 4 में डीएमके+ की वापसी बताई गई है। मैट्रिज ने डीएमके+ को 122-132, एआईके डीएमके+ को 87-110 सीटें मिलने का अनुमान जताया है। पी मार्क ने डीएमके+ को 125-145, एआईडीएमके+ को 65-85 सीटें दी हैं। पीपल्स इनसाइट ने डीएमके+ को 120-140, एआईण्डीएमके+ को 60-70 सीटें दी हैं। जेवीसी- टाइम्स नाउ डीएमके+ को 75-95 एआईडीएमके+ को 128-147 सीटें दी हैं। पीपल्स पल्स ने डीएमके+ को 125-145 एआईडीएमके+ को 65-80 सीटें मिलने की अनुमान जताया है।

बंगाल एग्जिट पोल्स 2026

कुल सीटें: 294 | बहुमत: 148

| एजेंसी | TMC | BJP | अन्य |
| --- | --- | --- | --- |
| मैट्रिज | 125-140 | 146-161 | 6-10 |
| चाणक्य स्ट्रेटीज | 130-140 | 150-160 | 0-5 |
| पीपुल्स पल्स | 177-187 | 95-110 | 1-4 |
| पोल डायरी | 99-127 | 142-171 | 5-9 |
| प्रजा पोल | 85-110 | 178-208 | 0-5 |
| पी मार्क | 118-138 | 150-175 | 0-0 |
| जनमत पोल्स | 195-205 | 80-90 | 1-4 |
| एवरेज | 142 | 145 | 7 |

## बंगाल में आखिरी चरण में 92 प्रतिशत से ज्यादा वोटिंग

- उत्तर 24 परगना में टीएमसी-भाजपा कार्यकर्ताओं में हिंसा
- दावा: हावड़ा में CRPF की पिटाई से बुजुर्ग की मौत



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में सेकेंड फेज की 142 सीटों पर वोटिंग खत्म हो गई है। शाम 6 बजे तक के आकड़ों के मुताबिक, 92फीसदी से ज्यादा वोटिंग हुई है। यह और बढ़ सकता है।

वोटिंग के दौरान कई जगहों पर हिंसा, झड़प, लाठीचार्ज और ईवीएम से छेड़छाड़ की घटनाएं सामने आईं। नॉर्थ 24 परगना के अरविंद रैली में टीएमसी और भाजपा कार्यकर्ताओं में हिंसक झड़प हुई। दोनों पार्टियों के कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को दौड़ा-दौड़ाकर मुक्के, लाठियों से हमले किए। भारी संख्या में सुरक्षाबलों की मौजूदगी के बावजूद हालात बेकाबू दिखे। सीएम ममता ने सीआरपीएफ पर टीएमसी समर्थकों और वोटरों से मारपीट का आरोप लगाया। ममता ने कहा कि सीआरपीएफ ने हमारे कई लोगों को गिरफ्तार किया है। वोटरों और सेंट्रल ऑब्सर्वर लोगों को मार रहे हैं। महिलाओं और बच्चों को भी नहीं छोड़ा। टीएमसी ने आरोप लगाया कि सीआरपीएफ के हमले से हावड़ा के उदयनारायणपुर में एक बुजुर्ग की मौत हो गई। टीएमसी महासचिव अभिषेक बनर्जी ने दावा किया कि बुजुर्ग अपने बेटे के साथ वोट डालने गए थे। केंद्रीय बलों ने उन्हें धक्का दिया और मारपीट की। बुजुर्ग को अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। जिन 142 सीटों पर वोटिंग हो रही है, उनमें से 123 सीटों पर टीएमसी ने 2021 के विधानसभा चुनाव में जीत दर्ज की थी। पहले फेज की 152 सीटों पर 23 अप्रैल को रिकॉर्ड 93 फीसदी मतदान हुआ था। 4 मई को रिजल्ट आएंगे।

## शुवेंदु अधिकारी को टीएमसी के कार्यकर्ताओं ने घेरा

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में दूसरे फेज की वोटिंग के दौरान कई विधानसभा सीटों पर हिंसा और मारपीट की घटनाएं सामने आईं। नादिया जिले के छपरा में भाजपा एजेंट ने टीएमसी कार्यकर्ताओं पर हमले का आरोप लगाया।

वहीं, शांतिपुर में भाजपा कैंप पर भी हमला हुआ। बीजपुर में निर्दलीय प्रत्याशी और काउंसलर के बीच मारपीट हो गई। श्यामपुकुर में भाजपा उम्मीदवार के खिलाफ प्रदर्शन किया। भाजपा उम्मीदवार रत्ना देबनाथ ने टीएमसी कार्यकर्ताओं पर हमले का आरोप लगाया है। वहीं बंगाल में अंतिम चरण के साथ मतदान संपन्न हो गया है। अब मतगणना चार मई को होगी। इस बार पश्चिम बंगाल का चुनाव पूरे देश में सुर्खियों में बना रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### पेट्रोल-डीजल की कीमतें बढ़ने संबंधी आदेश फर्जी: सरकार

**नई दिल्ली।** सरकार ने कहा है कि पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी से संबंधित सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा आदेश फर्जी है और पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने इस तरह का कोई आदेश जारी नहीं किया है। सोशल मीडिया पर वायरल पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के इस कथित आदेश में दावा किया जा रहा है कि पेट्रोल की कीमत में दस रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत में साढ़े बारह रुपए प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई है। कथित आदेश में कहा गया है कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में अप्रत्याशित बढ़ोतरी के कारण सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों ने इस बढ़ोतरी का निर्णय लिया है। सूचना और प्रसारण मंत्रालय के पत्र सूचना कार्यालय पीआईबी की फैक्ट चैक टीम ने बुधवार को इस कथित आदेश की जांच के बाद कहा है कि यह फर्जी है और सरकार ने पेट्रोल तथा डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी का कोई आदेश जारी नहीं किया है।

### राजस्थान में गर्मी के चलते ट्रेन के ब्रेक में लगी आग

**नई दिल्ली।** देश के कई शहर हीटवेव की चपेट में हैं। ज्यादातर हिस्सों में तापमान 40-46 डिग्री सेल्सियस के बीच है। मध्य प्रदेश के देवास में गर्मी से बचने के लिए 20 कूलर के साथ बारात निकाली गई। राजस्थान के धौलपुर रेलवे स्टेशन पर ट्रेन के एक जनरल कोच के निचले हिस्से में आग लग गई। रेलवे के सूत्रों के मुताबिक, गर्मी के कारण ब्रेक पैडल वाले हिस्से में आग लगी थी। ओडिशा के झारसुगुड़ा में 45.3 डिग्री से ज्यादा तापमान रहा। यहां लू सेंटर बनाए जा रहे हैं, जहां ठंडा पानी और ग्लूकोज का इंतजाम होगा। यूपी के 15 शहरों में आंधी-बारिश हुई।

### गाजियाबाद में आवासीय इमारत में आग लगने से हड़कंप

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश में गाजियाबाद जिले के इंदिरापुरम स्थित गौर ग्रीन एवेन्यू सोसाइटी में बुधवार को भीषण आग लग जाने से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। अग्निशमन अधिकारी ने घटनास्थल से जानकारी देते हुए बताया कि दमकल कर्मियों की टीम ने तुरंत वहां पहुंचकर आग बुझाने की कोशिश शुरू कर दी है। हालांकि, आग ऊंची मंजिलों तक फैल रही थी, इसलिए इस पर काबू पाने के लिए क्रेन को मौके पर लगाया और आग पर काबू पाने का प्रयास किया जा रहा है। आग के दूसरे फ्लैट तक भी फैलने की आशंका से वहां रह रहे लोगों में अफरा-तफरी मच गई है।

### ग्रेट निकोबार परियोजना पर राहुल ने मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अंडमान-निकोबार के ग्रेट निकोबार द्वीप में प्रस्तावित विकास परियोजना को लेकर सवाल उठाते हुए सरकार से इस पर स्पष्ट जवाब देने को कहा है। श्री गांधी ने 'एक्स' पर क्षेत्र के अपने हालिया दौरे का जिक्र करते हुए कहा कि ग्रेट निकोबार के जंगल अत्यंत प्राचीन और अद्भुत हैं, जिन्हें विकसित होने में पीढ़ियां लगी हैं।

## ईरान को NPT का उपाध्यक्ष बनाने पर तिलमिलाया अमेरिका

- अमेरिकी अधिकारी बोले: यह संगठन का अपमान
- ईरान बोला: अमेरिका हमें न सिखाए

**न्यूयॉर्क।** ईरान और अमेरिका के बीच परमाणु कार्यक्रम को लेकर युद्ध जैसी स्थिति बनी हुई है। इसी बीच एक दिलचस्प खबर सामने आई है। ईरान को परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी) का उपाध्यक्ष चुना गया है। यह फैसला न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र में चल रहे एनपीटी के 11वें रिव्यू कॉन्फ्रेंस में लिया गया। यह कॉन्फ्रेंस 5 साल में एक बार होती है।

सम्मेलन के अध्यक्ष और वियतनाम के राजदूत दो हुंग वियेत ने बताया कि ईरान का नाम 'गुटनिरपेक्ष देशों के ग्रुप' की तरफ से आया था। इस ग्रुप में भारत समेत 100 से भी ज्यादा देश हैं। अमेरिका के एक अधिकारी क्रिस्टोफर येओ ने इसे एनपीटी के लिए अपमान बताया। उनका कहना है कि ईरान लंबे समय से परमाणु हथियार बनाने की कोशिश कर रहा है। ऐसे में उसे इस संगठन का अहम पद देना सही नहीं है। वही ईरान ने इन आरोपों को खारिज कर दिया। ईरान ने कहा कि अमेरिका, जो खुद परमाणु हथियार इस्तेमाल कर चुका है और लगातार अपने हथियार बढ़ा रहा है, उसे दूसरों को सीख देने का हक नहीं है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस 27 अप्रैल 2026 को यूएन हेडक्वार्टर में परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी) पर हुई मीटिंग में प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस 27 अप्रैल 2026 को यूएन हेडक्वार्टर में परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी) पर हुई मीटिंग में प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए। परमाणु अप्रसार संधि 1970 में लागू हुई थी। यह दुनिया में परमाणु हथियारों को फैलने से रोकने की सबसे अहम व्यवस्था मानी जाती है। इस संधि का एक सीधा सौदा है, जिन देशों के पास परमाणु हथियार नहीं हैं, वे इन्हें नहीं बनाएंगे और जिनके पास हैं, वे धीरे-धीरे उन्हें खत्म करेंगे।

## तीस्ता सीतलवाड़ की अर्जी खारिज



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को एक्टिविस्ट तीस्ता सीतलवाड़ की पासपोर्ट रिलीज करने की अर्जी खारिज कर दी। कोर्ट ने कहा कि जब भी वह विदेश जाने का प्लान तय करेंगी, तो नई अर्जी दे सकती हैं। तीस्ता ने अपना पासपोर्ट रिलीज करने की मांग की थी। तीस्ता का पासपोर्ट 2002 के गोधरा के बाद हुए दंगों के मामलों में बेगुनाह लोगों को फंसाने के लिए कथित तौर पर डॉक्यूमेंट्स बनाने के मामले में जमानत की शर्त के तौर पर कोर्ट में जमा किया गया था।

## सुधार के नाम पर धर्म को खोखला नहीं कर सकते: SC

शाह टाइम्स ब्यूरो



- कहा: आस्था और विवेक के मामलों पर कोर्ट में बहस नहीं हो सकती

**नई दिल्ली।** केरलम के सबरीमाला मंदिर सहित अन्य धार्मिक स्थलों में महिलाओं के साथ होने वाले भेदभाव से जुड़ी याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को सुनवाई हुई। कोर्ट ने एडवोकेट इंदिरा जयसिंह की दलीलों के जवाब में कहा कि सामाजिक सुधार के नाम पर धर्म को खोखला नहीं किया जा सकता।

आस्था और विवेक के मामलों पर कोर्ट में बहस नहीं हो सकती। एडवोकेट जयसिंह ने सुनवाई के 10वें दिन कहा कि सबरीमाला मंदिर में एंट्री का फैसला अब भी लागू है। इस पर स्टे नहीं है, लेकिन मंदिर में प्रवेश नहीं मिल रहा है। जयसिंह ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट इसकी रिव्यू पिटिशन पर सुनवाई कर रहा है। हालांकि, कोर्ट कभी यह तय नहीं करता कि धर्म में क्या जरूरी है या और क्या नहीं। इसका फैसला तो धर्म ही करता है। इस पर जस्टिस बीवी नागरत्ना ने कहा कि हम इस भूमि के सभ्यता के विकास और धार्मिक इतिहास को नजरअंदाज नहीं कर सकते। इसी बैकग्राउंड से संविधान के आर्टिकिल 25 और 26 आए हैं। इस पर जयसिंह ने कहा कि इस पर डिबेट हो सकती है। यह क्लीन स्लेट है। सबरीमाला मंदिर मामले पर 7 अप्रैल से सुनवाई शुरू हुई थी। इस दौरान केंद्र सरकार ने महिलाओं की एंट्री के विरोध में दलीलें रखीं। सरकार ने कहा था कि देश के कई देवी मंदिरों में पुरुषों की एंट्री भी बैन है, इसलिए धार्मिक परंपराओं का सम्मान किया जाना चाहिए।

## सौगात: पीएम ने गंगा एक्सप्रेसवे किया राष्ट्र को समर्पित

### उप्र के पूर्वी और पश्चिमी हिस्सों को जोड़ने वाली लाइफलाइन साबित होगा एक्सप्रेसवे

शाह टाइम्स संवाददाता




**हरदोई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को यहां 594 किलोमीटर लंबे गंगा एक्सप्रेसवे का उद्घाटन किया और इसी के साथ ही उत्तर प्रदेश के अवसंरचना विकास में एक ऐतिहासिक अध्याय जुड़ गया।

यह राज्य की कनेक्टिविटी और आर्थिक महत्वाकांक्षाओं में एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रधानमंत्री ने स्थल पर एक पौधा लगाया और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ एक्सप्रेसवे पर पैदल चलकर इसके डिजाइन और विशेषताओं का जायजा लिया। इस अवसर पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और बृजेश पाठक, साथ ही भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री पंकज चौधरी भी उपस्थित थे। ग्रीनफील्ड गंगा एक्सप्रेसवे की आधारशिला दिसम्बर 2021 में स्वयं प्रधानमंत्री ने रखी थी। लगभग 36,230 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से निर्मित यह परियोजना विश्व स्तरीय अवसंरचना की दिशा में राज्य के प्रयासों को दर्शाती है। उद्घाटन से पहले, प्रधानमंत्री ने उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा आयोजित एक प्रदर्शनी का भी दौरा किया।

### विपक्ष को सजा देने को बहन-बेटियों ने किया रिकॉर्ड मतदान: मोदी

**हरदोई।** देश के पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाले राजग की जीत का भरोसा जताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि महिला आरक्षण का विरोध करने वाले विपक्ष की कुटिल मंशा को बहन-बेटियां पहचान गई हैं और यही कारण है कि असम, केरलम, पुडुचेरी, बंगाल और तमिलनाडु में बहनों ने रिकॉर्ड मतदान किया है। हरदोई के मल्लांवा में देश के सबसे बड़े गंगा एक्सप्रेस वे के लोकार्पण के अवसर पर श्री मोदी ने आयोजित एक जनसभा में कहा कि आज हर क्षेत्र में, हर मोर्चे पर भारत की बेटियां इतना शानदार काम कर रही हैं, तो राष्ट्र के भविष्य से जुड़े फैसलों में भी बहनों-बेटियों की भूमिका और बढ़नी ही चाहिए।

## हैरत: दिल्ली HC में वर्चुअल सुनवाई में चली पोर्न वीडियो

- स्क्रीन पर दिखा हैक का मैसेज, गाने भी बजे

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट में बुधवार को वर्चुअल सुनवाई के दौरान अश्लील वीडियो चल गया। उस वक्त चीफ जस्टिस देवेंद्र कुमार उपाध्याय और जस्टिस तेजस खरिया की बेंच सुनवाई कर रही थी।

यह मामला दोपहर 12:56 बजे का है। यह साफ नहीं हुआ है कि वारदात के वक्त बेंच किस मामले में सुनवाई कर रही थी। जैसे ही पोर्न वीडियो चला, फौरान सुनवाई रोक दी गई। कुछ मिनट बाद सुनवाई दोबारा शुरू हुई, फिर पोर्न वीडियो चलने लगा। मामले की शिकायत दिल्ली पुलिस की आईएफएसओ यूनिट को दी गई है। वर्चुअल सुनवाई के दौरान कई लोग जुड़े हुए थे। इनमें एक क्षितिजीत सिंह थे। शुरुआती पूछताछ में क्षितिजीत ने दावा किया कि उसका अकाउंट अमेरिका से हैक किया गया था। उन्हें इस बात की कोई जानकारी नहीं है कि सुनवाई के दौरान वह अश्लील वीडियो कैसे चला। बुधवार को सुनवाई के दौरान वीडियो चलने के बाद आपका सिस्टम हैक हो गया है', का मैसेज भी स्क्रीन पर दिखाई दिया। दो बार पोर्न वीडियो चला और तीसरी बार म्यूजिक वीडियो चला। कोर्ट में 100 से ज्यादा जनहित याचिकाओं पर सुनवाई हो रही थी। ये मामला उसी दौरान समाने आया।

## संक्षिप्त समाचार

### नशीले पदार्थों से जुड़े मामलों में अवैध संपत्तियों को ढहाया

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में पुलिस ने नागरिक प्रशासन के सहयोग से नशीले पदार्थों की तस्करी से जुड़े मामलों में बड़ी कार्रवाई करते हुए सरकारी जमीन पर करोड़ों रुपये की अवैध रूप से बनी संपत्तियों को ढहा दिया है। पुलिस ने बताया कि इस अभियान के दौरान, राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे एस्टेट संगम में सरकारी जमीन पर बनी कई इमारतों को ढहा दिया गया। पुलिस ने बताया कि इन इमारतों का इस्तेमाल सड़क किनारे ढाबों के तौर पर किया जा रहा था और ए इमारतें एनडीपीएस अधि. नियम के मामलों में शामिल लोगों से जुड़ी पाई गईं। ढहाई गई संपत्तियों में कश्मीर रेस्तरां (ढाबा) भी शामिल था, जिसके मालिक डोनिपोरा संगम के रहने वाले गुल मोहम्मद मीर और बशीर अहमद मीर थे। पुलिस ने बताया कि इन दोनों के नाम बिजबेहारा पुलिस स्टेशन में दर्ज अलग-अलग एनडीपीएस मामलों में शामिल हैं।

### विश्वनाथ धाम में प्रधानमंत्री मोदी को त्रिशूल-डमरू भेंट

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने काशी दौरे के दूसरे दिन बुधवार सुबह बरेका से रोड शो करते हुए काशीवासियों और भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं का अभिवादन करते हुए श्री काशी विश्वनाथ धाम पहुंचे। धाम में ब्राह्मणों और बटुकों ने प्रधानमंत्री का डमरुओं की निनाद तथा शंखनाद के साथ भव्य स्वागत किया। विश्वनाथ धाम भ्रमण के दौरान प्रधानमंत्री ने विक्रमादित्य वैदिक घड़ी को देखा और उसके बारे में विस्तार से जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने विश्वनाथ धाम में लोगों का अभिवादन किया और गंगा द्वार भी पहुंचे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्री काशी विश्वनाथ जी का जलाभिषेक किया।

### 11 घंटे का सफर मात्र छह घंटे में होगा पूरा

# गंगा एक्सप्रेस से मिलेगी विकास को रफ्तार

शाह टाइम्स ब्यूरो




■ पश्चिमी उप्र के मेरठ को पूर्वी उत्तर प्रदेश के प्रयागराज से जोड़गा, 3.5 किमी लंबा इमरजेंसी लैंडिंग फैसिलिटी तैयार, वायुसेना के एयरक्राफ्ट को आपात स्थिति में लैंड कर सकेंगे

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के सबसे बड़े ग्रीनफील्ड प्रोजेक्ट गंगा एक्सप्रेस का लोकार्पण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को हरदोई में किया। 594 किलोमीटर लंबा गंगा एक्सप्रेसवे प्रदेश के सबसे बड़ी ग्रीनफील्ड इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट में से एक है, जिसे 3-5 साल से भी कम समय में पूरा किया गया है।

पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मेरठ को पूर्वी उत्तर प्रदेश के प्रयागराज से जोड़ने वाले इस एक्सप्रेस वे के शुरू होने से राज्य के विकास को नई गति मिलने की उम्मीद है। गंगा एक्सप्रेसवे के शुरू होने से यात्रा समय करीब 11 घंटे से घटकर लगभग छह घंटे रह जाएगा। इससे बिजनेस, लॉजिस्टिक्स, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं और पर्यटन क्षेत्रों को व्यापक लाभ होगा। सड़क सुरक्षा को बेहतर बनाने के लिए इस एक्सप्रेसवे पर एआई-सक्षम कैमरा सिस्टम लगाए गए हैं, जो दुर्घटनाओं को रोकने के लिए एडवांस अलर्ट करेंगे। इस प्रोजेक्ट के तहत शाहजहांपुर जिले में 3-5 किमी लंबा इमरजेंसी लैंडिंग फैसिलिटी तैयार किया गया है, जिससे भारतीय वायुसेना के एयरक्राफ्ट को आपात स्थिति में लैंड कर सकेंगे और इस रणनी. तिक कॉरिडोर की क्षमताएं और मजबूत होंगी। 12 जिलों से गुजरने वाला यह छह लेन का एक्सप्रेसवे, जिसे भविष्य में आठ लेन तक विस्तारित किया जा सकता है, बाजारों, स्वास्थ्य सुविधाओं, शिक्षा केंद्रों और पर्यटन स्थलों तक पहुंच को बेहतर बनाएगा। आम नागरिकों को जहां आवश्यक सेवाओं तक तेजी से पहुंच मिलेगी, वहीं व्यापार और उद्योगों को तेज कनेक्टिविटी का लाभ मिलेगा। अदाणी रोड ट्रांसपोर्ट लिमिटेड ने इस परियोजना में 464 किमी, यानी कुल एलाइनमेंट का लगभग 80 फीसदी हिस्सा विकसित किया। निर्माण के समय में इश प्रोजेक्ट पर 12,000 से ज्यादा श्रमिक तैनात रहे। बाकि हिस्से का निर्माण आईआरबी इंफास्ट्रक्चर ने बनाया है। उत्तर प्रदेश सरकार के अनुसार यह एक्सप्रेसवे हर वर्ष 25,000-30,000 करोड़ रुपये की लॉजिस्टिक्स बचत करेगा, अगले एक दशक में लगभग तीन लाख रोजगार सृजित करेगा और राज्य के जीडीपी में एक लाख करोड़ रुपये से अधिक का योगदान देगा। इसके साथ ही, यह फेट वेलोसिटी को बढ़ाने और कई क्षेत्रों में इन्वेंट्री होल्डिंग लागत को कम करने में मदद करेगा। यह ट्रंक कॉरिडोर कृषि उत्पादों और अन्य वस्तुओं की तेज आवाजाही सुनिश्चित कर व्यापार प्रवाह को मजबूत करेगा। किसानों और छोटे कारोबारियों को बेहतर बाजार पहुंच और बेहतर मूल्य प्राप्ति में सहायता मिलेगी। गंगा एक्सप्रेसवे उत्तर प्रदेश की औद्योगिक और कृषि कनेक्टिविटी को मजबूती देने के साथ करीब 8 करोड़ से अधिक लोगों को को फायदा पहुंचाएगा।

# यूपी विधानसभा के विशेष सत्र की तैयारी

## सियासी सरगर्मियां तेज हुई

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ महिला आरक्षण को लेकर सियासी घमासान होना तय
■ कांग्रेस भी अपने रुख को स्पष्ट करने की तैयारी में

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा का विशेष सत्र गुरुवार को आयोजित होने जा रहा है, जिसे लेकर सियासी सरगर्मियां तेज हो गई हैं। एक ओर जहां विपक्ष अपनी रणनीति तय करने में जुटा है, वहीं सत्तारूढ़ एनडीए ने महिला आरक्षण के मुद्दे पर समाजवादी पार्टी और कांग्रेस को घेरने की पूरी तैयारी कर ली है।

साल 2027 के विधानसभा चुनाव से करीब 10 महीने पहले बुलाया गया यह विशेष सत्र सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच बड़े टकराव का मंच बन सकता है। प्रमुख विपक्षी दल समाजवादी पार्टी ने अपने विधायकों की बैठक बुलाकर रणनीति को अंतिम रूप देने की तैयारी की है। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने बताया कि पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने 29 अप्रैल की दोपहर बैठक बुलाई है, जिसमें इस मुद्दे पर आगे की रणनीति तय की जाएगी। वहीं कांग्रेस भी इस मुद्दे पर अपने रुख को स्पष्ट करने की तैयारी में है। कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि पार्टी आज इस विषय पर निर्णय लेगी और बेहतर तालमेल के लिए समाजवादी पार्टी नेतृत्व से भी बातचीत की जाएगी। समा. जवादी पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि राज्य सरकार इस मुद्दे पर कोई प्रस्ताव सदन में लाएगी या नहीं, लेकिन पार्टी सरकार के रुख का जवाब देने के लिए रणनीति बना रही है। इधर, भारतीय जनता पार्टी विपक्ष को संसद में संविधान (131वां संशोधन) विधेयक, 2026 पारित न होने देने के मुद्दे पर घेरने की तैयारी में है। इस संशोधन का उद्देश्य लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिला आरक्षण को तेजी से लागू करना और लोकसभा की सीटों की संख्या बढ़ाना है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में 'जन आक्रोश महिला पदयात्रा' का नेतृत्व किया था, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वाराणसी में महिला रैली कर इस मुद्दे को प्रमुखता दी है। इस बीच विधानसभा की कार्यमंत्रणा समिति की बैठक आज होगी, जिसमें विशेष सत्र की कार्यवाही का एजेंडा तय किया जाएगा। राज्य सरकार की ओर से महिला सशक्तिकरण पर व्यापक चर्चा के साथ-साथ बजट सत्र के बाद जारी छह अध्यादेशों को सदन में पेश किए जाने की संभावना है, जिनमें राजस्व संहिता (संशोधन) अध्यादेश, 2026 भी शामिल है। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश में 30 अप्रैल को विधानसभा का विशेष सत्र बुलाया गया है। जिसको लेकर सरकार अपनी तैयारी में जुटी है।

# राजनाथ ने पाकिस्तान को दी क्लीन चिट: कांग्रेस

नई दिल्ली, वार्ता



■ जयराम रमेश का दावा: ऐसा अमेरिका को खुश करने के लिए किया गया है

कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आतंकवाद के मामले में पाकिस्तान को 'क्लीन चिट' दे दी है और दावा किया कि ऐसा अमे. रिका को खुश करने के लिए किया गया है।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने बुधवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि निश्चित रूप से रक्षा मंत्री ने पीएम नरेंद्र मोदी की स्वीकृति और निर्देश पर ही किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक में शंघाई सहयोग संगठन की बैठक में 'क्लीन चिट' दी है। उन्होंने इसे शर्मनाक बताया और सवाल किया कि सरकार को ये बताना चाहिए कि क्या पाकिस्तान आतंकवाद का केन्द्र नहीं है। उन्होंने सवाल किया, क्या वहां भारत के खिलाफ आतंकी शिविर नहीं चल रहे हैं और क्या मुंबई तथा पहलगाम जैसे हमलों की साजिश पाक से जुड़े आतंकियों ने नहीं रची थी। रमेश ने आरोप लगाया कि पाकिस्तान के प्रति सरकार का यह रुख अमेरिका को खुश करने और चीन के सामने संतुलन साधने की नीति का हिस्सा है। उन्होंने 19 जून 2020 को चीन को लेकर दिए गए मोदी के बयान का हवाला देते हुए कहा कि सिंह का यह भी उसी तरह का चौंकाने वाला रुख है।

# सामूहिक दुष्कर्म के आरोपी भाजपा नेता पर घोषित इनामी राशि हुई 50 हजार

फतेहपुर, वार्ता

उत्तर प्रदेश के खागा कोतवाली क्षेत्र में मंगेतर के सामने युवती से सामूहिक दुष्कर्म के चर्चित मामले में फरार आरोपी भाजपा नेता पर घोषित इनाम की राशि 25 हजार रुपये से बढ़ाकर 50 हजार रुपये कर दी गई है। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक ने सात टीमों का गठन किया है। इस घटना को लेकर जिले में सियासी पारा भी चरम पर पहुंच गया है।

पुलिस सूत्रों ने बुधवार को बताया कि मुख्य आरोपी गोलू ठाकुर की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है। यदि शीघ्र गिरफ्तारी नहीं हुई, तो न्यायालय से आदेश लेकर कुर्की की कार्रवाई भी की जा सकती है। पुलिस अधीक्षक ने मामले में लापरवाही बरतने पर खागा इंस्पेक्टर और चौकी इंचार्ज को लाइन हाजिर कर दिया है। जानक. ारी के अनुसार खागा कोतवाली क्षेत्र में एक युवक अपनी मंगेतर से मिलने उसकी ससुराल पहुंचा था और उसे लेकर एक बाग में गया, जहां पहले से मौजूद तीन युवकों ने युवती के साथ उसके मंगेतर के सामने ही सामूहिक दुष्कर्म किया। घटना के बाद पीड़ित किसी तरह घर पहुंची और परिजनों को जानकारी दी। आरोप है कि परिजन जब पीड़ित को लेकर थाने पहुंचे तो पुलिस ने प्रारंभ में गंभीरता नहीं दिखाई। बाद में युवती की हालत बिगड़ने पर उसे अस्पताल ले जाया गया। घटना मीडिया में आने के बाद पुलिस ने भाजपा के मंडल उपाध्यक्ष बताए जा रहे गोलू ठाकुर समेत तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया, जिनमें दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया, जबकि गोलू ठाकुर फरार है। मुख्य आरोपी की कुछ भाजपा नेताओं के साथ तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस और भाजपा दोनों की किरकिरी बढ़ गई। भाजपा नेताओं ने अपने बचाव में बयान जारी कर कहा है कि गोलू ठाकुर पार्टी का पदा. धिकारी नहीं है, जबकि इससे पहले वह स्वयं को मंडल उपाध्यक्ष बताता रहा है। इस मामले को लेकर नेता प्रतिपक्ष और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि आरोपी की गिरफ्तारी में देरी राजनीतिक संरक्षण और जातीय पक्षपात के कारण हो रही है। वहीं पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने 30 अप्रैल को पीड़िता के घर जाकर मुलाक. ात करने और आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

## अर्थ व्यापार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 77496.36 |
| निफ्टी | 24177.65 |
| सोना (प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)) | 153594 |
| चांदी रु. (प्रति किलो) | 250210 |



# शेयर बाजारों में लौटी तेजी सेंसेक्स 609 अंक चढ़ा

मुंबई, वार्ता



घरेलू शेयर बाजारों में बुधवार को एक बार फिर तेजी लौट आई और बीएसई का सेंसेक्स 600 अंक से अधिक की बढ़त में बंद हुआ। सेंसेक्स की शुरुआत तेजी के साथ हुई और पूरे दिन यह हरे निशान में रहा। अंत में पिछले कारोबारी दिवस की तुलना में 609.45 अंक (0.79 प्रतिशत) चढ़कर 77,496.36 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी-50 सूचकांक 181.95 अंक यानी 0.76 फीसदी की मजबूती में 24,177.65 अंक पर बंद हुआ। वृहत बाजार में मझौली कंपनियों के सूचक. ांक लाल निशान में रहे, जबकि छोटी कंपनियों में लिवाली देखी गई। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0. 06 प्रतिशत उतर गया। वहीं निफ्टी स्मॉलकैप-100 सूचकांक में 0.65 प्रतिशत की बढ़त रही। एफएमसीजी, रियलटी और ऑटो सेक्टरों के सूचक. ांक एक से दो प्रतिशत के बीच चढ़े। आईटी, तेल एवं गैस, धातु और रसायन समूहों में भी अच्छी तेजी रही। निजी बैंकों के सूचकांक जहां बढ़त में रहे वहीं सार्वजनिक बैंकों में बिकवाली का जोर रहा। वित्त और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों के सूचकांक भी गिरावट में रहे। सेंसेक्स की कंपनियों में आईटीसी का शेयर चार प्रतिशत के करीब मजबूत हुआ। टेक महिंद्रा में तीन प्रतिशत से अधिक की तेजी रही। मारुति सुजुकी, रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारती एयरटेल और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर दो से तीन प्रतिशत तक चढ़े। सन फार्मा, एलएंडटी, अडानी पोर्ट्स, हिंदुस्तान यूनीलिवर, इंफोसिस, टीसीएस और बजाज फाइनेंस के शेयर एक से दो प्रतिशत तक ऊपर बंद हुए। कोटक महिंद्रा बैंक, एक्सिस बैंक, टाइटन, पावरग्रिड, टाटा स्टील और बीईएल के शेयर भी हरे निशान में बंद हुए। इंडिगो का शेयर ढाई फीसदी और एनटीपीसी का डेढ़ फीसदी के करीब टूट गया। बजाज फिनसर्व, आईसीआईसीआई बैंक, एशियन पेंट्स, ट्रेंट, एचडीएफसी बैंक और भारतीय स्टेट बैंक के शेयर भी नीचे बंद हुए।

### सोने की आभूषण मांग से अधिक रही निवेश मांग: विश्व स्वर्ण परिषद

**नई दिल्ली।** इस साल 31 मार्च को समाप्त तिमाही में देश के सर्राफा बाजार में एक बड़ा बदलाव देखने को मिला और पहली बार सोने की निवेश मांग ने आभूषण बनाने के लिए सोने की खरीद को पीछे छोड़ दिया है। विश्व स्वर्ण परिषद के अनुसार इस साल की पहली तिमाही में सिक्कों, बिस्कुट और एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) में मजबूत रुचि के कारण निवेश के लिए पीली धातु की खरीद में तेज बढ़ोतरी हुई। दूसरी तरफ, आभूषण मांग में गिरावट देखी गई। सोने की ऊंची कीमतों के कारण सर्राफा की मांग प्रभावित हुई। रिपोर्ट के अनुसार, इस तिमाही में निवेश मांग साल-दर-साल 52 प्रतिशत बढ़कर 82 टन हो गई।

# चावल, गेहूं में टिकाव, चीनी नरम खाद्य तेलों, दालों में रही घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता



घरेलू थोक जिंस बाजारों में बुधवार को चावल में टिकाव देखा गया। चावल के साथ गेहूं की कीमत भी कमोबेश स्थिर रही। चीनी के भाव घटे, जबकि दालों और खाद्य तेलों में घट-बढ़ रही। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 3,835 रुपये प्रति क्विटंल पर लगभग स्थिर रही।

गेहूं 2,780 रुपये प्रति क्विटंल पर अपरिवर्तित रहा। आटे में भी टिकाव देखा गया। दाल-दलहनों में उतार.चढ़ाव रहा। चना दाल की औसत कीमत 10 रुपये और मसूर दाल की चार रुपये प्रति क्विटंल बढ़ गई। तुअर दाल 20 रुपये और उड़द दाल 13 रुपये सस्ती हुई। मूंग दाल भी नौ रुपये प्रति क्विटंल टूट गई। मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में जुलाई का पाम ऑयल वायदा 42 रिंगिट चढ़कर 4,578 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। जुलाई का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 1.24 प्रतिशत महंगा हुआ और 73.42 सेंट प्रति पौंड के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में सरसों तेल औसतन 13 रुपये और वनस्पति पांच रुपये प्रति क्विंटल फिसल गया। सोया तेल 31 रुपये और मूंगफली तेल 17 रुपये महंगा हुआ। पाम ऑयल में 14 रुपये और सूरजमुखी तेल में 13 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी रही। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव तीन रुपये प्रति क्विटंल गिर गया। चीनी भी दो रुपये सस्ती हुई। दाल-दलहन: दाल चना 7673.63 रुपये, मसूर काली 8090.45 रुपये, मूंग दाल 10162. 80 रुपये, उड़द दाल 10805.51 रुपये, तुअर दाल 11246.19 रुपये प्रति क्विटंल रही। अनाज: गेहूं दड़ा 2780.11 रुपये और चावल 3835.44 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3258.72 रुपये प्रति क्विटंल रहा। चीनी.गुड़: चीनी एस 4304 रुपये और गुड़ 5019.62 रुपये प्रति क्विटंल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17843.59 रुपये, मूंगफली तेल 18866.73 रुपये, सूरजमुखी तेल 17448.66 रुपये, सोया तेल 14892.32 रुपये, पाम ऑयल 13457.62 रुपये और वनस्पति 14910.02 रुपये प्रति क्विटंल के स्तर पर रहा।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# भारतीय पर्यटकों को भा रही अनजान और शांत जगहें: रिपोर्ट

नई दिल्ली, वार्ता

■ प. एशिया संकट से लोगों ने अपने गंतव्य बदले

छुट्टियां बिताने के लिए पसंदीदा स्थान चुनने के भारतीय पर्यटकों के मानदंड बदल रहे हैं और अब वे एसी जगहों पर जाना चाहते हैं जहां कुछ नया अनुभव मिले और बहुत ज्यादा लोग न जाते हों। ब्रितानी सर्च एग्रीगेटर एवं ट्रेवल एजेंसी स्काईस्कैनर की यहां मंगलवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि 81 प्रतिशत भारतीय पर्यटकों को नई जगहों पर जाने से कोई गुरेज नहीं है जबकि 60 प्रतिशत से अधिक लोग कम भीड़-भाड़ वाली शांत जगहों को पसंद करते हैं।

स्काईस्कैनर के भारतीय कारोबार के प्रमुख नील घोष ने यह रिपोर्ट जारी करते हुए कहा कि पहले जहां लोग ज्यादातर ऐसी जगहों पर जाना पसंद करते थे, जो प्रसिद्ध हों या लोकप्रिय हों, वहीं अब वे ऐसी जगहों को तरजीह दे रहे हैं जहां कम लोग जाते हैं, जहां कुछ नया अनुभव मिले और बिल्कुल अनजान जगहों पर जाने से भी नहीं कतराते हैं। उन्होंने बताया कि छोटे-छोटे और नए पर्यटन स्थलों के उभरकर सामने आने का एक कारण यह भी है कि पहले जहां ये जगहें दुर्गम थीं अब इनके लिए परिवहन सुविधाएं आसानी से उपलब्ध हैं। श्री घोष का कहना है कि पश्चिम एशिया संकट के कारण लोगों ने अपने गंतव्य जरूर बदले हैं, लेकिन छुट्टियों पर बाहर जाना पूरी तरह टाला नहीं है। उन्होंने कहना है कि आम तौर पर भी अब पर्यटक अपने गंतव्य और समय को लेकर काफी लचीलापन दिखा रहे हैं। यही कारण है कि 48 फीसदी भारतीय पर्यटक अब नॉन-पीक टाइम यानी उन दिनों में भी सफर करने के लिए तैयार हैं, जब भीड़ ज्यादा नहीं होती। रिपोर्ट के अनुसार एक-तिहाई लोग छुट्टी रद्द करने की बजाय अपना गंतव्य बदलने के लिए तैयार हैं। रिपोर्ट लॉन्च के मौके पर होस्टल चेन जोस्टल और जो वर्ल्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अविरल गुप्ता ने बताया कि अब काफी पहले योजना बनाने की बजाय लोग अंतिम समय में यात्रा के लिए ज्यादा बुकिंग कर रहे हैं। लगभग आधे पर्यटक अब उसी दिन या यात्रा से एक दिन पहले बुकिग करते हैं। उन्होंने कहा कि अब यात्रा छुट्टियां मनाने के कहीं बढ़कर जीवनशैली में शामिल हो चुका है।

# प्रदेश की समृद्धि का प्रमुख माध्यम साबित हो रहे एक्सप्रेसवे: योगी

हरदोई, वार्ता




देश के सबसे बड़े गंगा एक्सप्रेसवे के लोकार्पण अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि दिसंबर 2021 में प्रधानमंत्री द्वारा रखी गई आधारशिला आज साकार रूप ले चुकी है। 594 किलोमीटर लंबा यह एक्सप्रेसवे अन्नदाता किसानों की उन्नति, युवाओं के रोजगार, आस्था व संस्कृति के संरक्षण तथा उत्तर प्रदेश की समृद्धि का प्रमुख माध्यम साबित होगा।

मेरठ से प्रयागराज तक फैले इस आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर ने 12 जनपदों के एक लाख से अधिक किसानों के योगदान से आकार लिया है। एक्सप्रेसवे के साथ-साथ 27 स्थानों पर इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल क्लस्टर और लॉजिस्टिक हब विकसित किए जा रहे हैं, जो न केवल आवागमन को तेज करेंगे बल्कि नए निवेश और रोजगार के द्वार भी खोलेंगे। डबल इंजन सरकार की दूरदर्शिता का प्रतीक यह एक्सप्रेसवे उत्तर प्रदेश को नई ऊंचाइयों की ओर ले जा रहा है। मुख्यमंत्री ने जोर देकर कहा कि डबल इंजन सरकार का संकल्प है कि जिस परियोजना का शिलान्यास होगा, उसका उद्घाटन भी सुनिश्चित किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कर-कमलों से प्रदेश के इस बड़े इंफास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट 'गंगा एक्सप्रेसवे' का भव्य उद्घाटन आज संपन्न हो रहा है। प्रधानमंत्री ने दिसंबर 2021 में जिस एक्सप्रेसवे की आधारशिला रखी थी, आज वही परियोजना लोकार्पण के साथ साकार रूप ले रही है। योगी ने हरदोई की पावन धरती को भगवान विष्णु के परम भक्त प्रह्लाद और नरसिंह अवतार से जुड़ी आस्था की भूमि बताते हुए कहा कि इसी पवित्र स्थल पर यह एतिहासिक अवसर प्राप्त होना गौरव का विषय है। कोविड-19 जैसी वैश्विक महामारी के चुनौतीपूर्ण दौर में भी भूमि अधिग्रहण से लेकर निर्माण कार्यों को निरंतर गति देने और समयबद्ध तरीके से परियोजना को पूरा करने का जो विजन प्रधानमंत्री ने प्रदेश को दिया था, आज वह पूरी तरह साकार होकर हमारे सामने है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज जब देश 'नए भारत' की परिकल्पना को साकार होते देख रहा है, तब 'नए उत्तर प्रदेश' में विकसित हो रहा आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर न केवल आवागमन को सुगम बना रहा है, बल्कि अर्थव्यवस्था को भी नई ऊंचाइयों तक ले जा रहा है। यह परिवर्तन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन को स्पष्ट नीति, साफ नीयत और प्रभावी क्रियान्वयन के साथ धरातल पर उतारने का परिणाम है। 2017 से पहले प्रदेश परिवारवाद, जातिवाद, दंगों, अराजकता, कर्फ्यू और माफिया राज के माहौल से जकड़ा हुआ था, जहां विकास, रोजगार और निवेश की कल्पना भी मुश्किल थी। लेकिन पिछले 9 वर्षों में डबल इंजन सरकार के प्रयासों से उत्तर प्रदेश में एक्सप्रेसवे, हाईवे, जिला मार्गों और ग्रामीण सड़कों का लगभग चार लाख किलोमीटर का विशाल नेटवर्क विकसित हुआ है। इसके साथ ही इंटरस्टेट कनेक्टिविटी को मजबूत करते हुए हर जिला मुख्यालय को चार लेन और प्रत्एक ब्लॉक व तहसील मुख्यालय को चार लेन व दो लेन सड़कों से जोड़ने का कार्य भी सफलतापूर्वक किया गया है। उन्होने कहा कि देश की पहली रैपिड रेल का दिल्ली-मेरठ के बीच उद्घाटन कर प्रधानमंत्री ने दूरियों को सिमटाने का एतिहा. सिक कार्य किया है। उत्तर प्रदेश की अपार संभावनाओं को आगे बढ़ाने के लिए किए गए प्रयास आज जमीन पर एक्सप्रेसवे, रैपिड रेल, इनलैंड वॉटरवेज, मेट्रो और रेलवे के डेडिकेटेड फेट कॉरिडोर के रूप में स्पष्ट दिखाई दे रहे हैं, जो डबल इंजन सरकार की ताकत का प्रमाण हैं।

**आत्महत्या नहीं, ऑनर किलिंग!** घर के अंदर रची गई हत्या की खौफनाक साजिश

# मां निकली बेटी की कातिल! नाबालिग बेटे संग मिलकर की बेटी की हत्या

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नौगांवा सादात।** क्षेत्र में 14 वर्षीय किशोरी की मौत का मामला उस वक्त दिल दहला देने वाली ऑनर किलिंग में बदल गया, जब पुलिस जांच में हैरान कर देने वाला खुलासा हुआ। जिस घटना को शुरुआत में आत्महत्या बताया जा रहा था, वह दरअसल परिवार की इज्जत के नाम पर रची गई साजिश निकली। आरोप है कि किशोरी के प्रेम संबंध से नाराज मां और नाबालिग भाई ने ही गला दबाकर उसकी हत्या कर दी और सबूत मिटाने के लिए शव को फंदे पर लटका दिया, ताकि मामला आत्महत्या का लगे। पुलिस ने हत्यारा. पी मां को को जेल भेज दिया जबकि बाल अपचारी भाई को बाल सुधार गृह भेजा गया है।

यह घटना नौगावां सादात थाना क्षेत्र के एक गांव की थी। यहां पर एक राजमिस्त्री का परिवार रहता है। सोमवार सुबह में अचानक उनकी 14 वर्षीय बेटी की मौत हो गई थी। इसके बाद पूरे गांव में आत्महत्या किए जाने का शोर मच गया था लेकिन एकाएक ही आत्महत्या की कहानी उस वक्त किसी के भी गले नहीं उतरी थी। दरअसल, रविवार रात में घर से गायब

**■ ऑनर किलिंग में मां-बेटा गिरफ्तार, एसपी ने किया हत्याकांड का खुलासा**

किशोरी आधी रात में पड़ोसी प्रेमी के घर से आपत्तिजनक हालत में मिली थी। जिसे लेकर गांव में सुबह सवेरे तक हंगामा चला था। पुलिस के पूछने पर परिजनों ने बताया कि उनकी बेटी ने पड़ोसी से हुए झगड़े के बाद आत्महत्या की है। पंचनामा भरकर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था लेकिन बाद में मृतका के पिता ने पड़ोसी के बेटे पर गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दे दी थी। जिसके बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया था। परिजनों का आरोप था कि आरोपी उनकी बेटी को 26 अप्रैल की सुबह को बहला-फुसला कर ले गया था। जिसे थोड़ी देर बाद ही बरामद कर लिया था। लेकिन, घंटाभर बाद उसने घर में घुस कर गला दबा कर



हत्या कर दी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी गला दबा कर हत्या किए जाने की पुष्टि की गई थी। परिजनों के बार-बार बयान से पलटने पर पुलिस इस मामले की गहनता से जांच कर रही थी। जिसमें मंगलवार शाम को सच्चाई सामने आ गई। किशोरी की गला दबाकर हत्या प्रेमी ने नहीं बल्कि उसकी मां व नाबालिग भाई ने की थी। हत्या को आत्महत्या का रूप देने के लिए गले में दुपट्टे का फंदा बनाकर शव को लटका दिया था। बुधवार को एसपी लखन सिंह यादव ने पुलिस कार्यालय सभागार में प्रेस कांफ्रेंस कर इस घटना का पर्दाफाश किया। उन्होंने बताया कि बेटी के घर वापस लौटने के बाद राजमिस्त्री काम पर चला गया था। जबकि, प्रेमी के साथ जाने से हुई बदनामी और आन की खातिर मां व नाबालिग भाई ने घर के भीतर ही गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। हत्यारोपी मां को गिरफ्तार कर जेल तो वहीं बाल अपचारी भाई को अभिरक्षा में लेते हुए बाल सुधार गृह भेजा गया है। वहीं, एसपी ने घटना का खुलासा करने वाली पुलिस टीम को 15 हजार रुपये का पुरस्कार देने की घोषणा की। इस दौरान एएसपी अखिलेख भदौरिया, सीओ अवधभान सिंह भदौरिया व प्रभारी निरीक्षक बालेंद्र कुमार मौजूद रहे।

**तीन दिन तक किशोरी की मौत बनी पहेली**

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** आखिर वह घटना, जिसने तीन दिनों तक पुलिस और लोगों को उलझाए रखा, उसका सच इस तरह सामने आएगा यह किसी ने सोचा भी नहीं था। शुरुआत में मामला आत्महत्या माना गया और गांव में भी यही चर्चा रही। लेकिन अगले ही दिन कहानी ने मोड़ लिया और प्रेमी के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज हो गया। जांच आगे बढ़ी तो तस्वीर पूरी तरह बदल गई। बुधवार को जब पुलिस ने मृतका किशोरी की मां को हिरासत में लिया तो सामने आया कि यह आत्महत्या या साधारण हत्या नहीं, बल्कि ऑनर किलिंग थी। इस खुलासे ने सभी को हैरान कर दिया और गांव में चर्चाओं का दौर तेज हो गया। यह घटना बताती है कि सच तक पहुंचना कितना जटिल हो सकता है। शुरुआती तौर पर जो दिखता है, कई बार हकीकत उससे बिल्कुल अलग होती है, और जांच के साथ-साथ हर परत खुलती चली जाती है।

**इज्जत के नाम पर बर्बाद हुआ परिवार**

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** बेटी की हत्या के इस मामले ने एक पूरे परिवार की जिंदगी को तबाह कर दिया। इज्जत के नाम पर उठाए गए कदम में जहां मां को जेल जाना पड़ा, वहीं नाबालिग भाई भी इस अपराध में फंसकर बाल सुधार गृह पहुंच गया। जिस बेटे के हाथों में अभी किताबें होनी चाहिए थीं, वह अब कानून की गिरफ्त में है। एक पल के गुस्से और सामाजिक दबाव में लिया गया फैसला न सिर्फ बेटी की जिंदगी ले गया, बल्कि एक बेटे का भविष्य भी अंधेरे में धकेल गया। आज इस परिवार में न बेटी बची, न मां घर पर है और न ही बेटा अपने सामान्य जीवन में। एक गलत निर्णय ने तीन जिंदगियों को बर्बाद कर दिया।

# फरीदाबाद में संदिग्ध हालत में युवक की मौत

## कमरे में फंदे से लटका मिला शव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** डिडौली क्षेत्र के गांव हरियाना निवासी युवक का फरीदाबाद में संदिग्ध परिस्थितियों में शव कमरे में पंखे से लटका मिला। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया, जबकि पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। डिडौली क्षेत्र के गांव हरियाना में किसान आसिफ अली का परिवार रहता है। उनके परिवार में पत्नी भूरी व दो बेटे हैं। 17 वर्षीय बड़ा बेटा नावेद तीन दिन पहले गांव के चार दोस्तों के साथ रोजगार की तलाश में फरीदाबाद के भड़कल क्षेत्र गया था। जहां वह एक साइट पर कारपेंटर का काम कर रहा था। मंगलवार को उसके साथी काम पर चले गए जबकि नावेद अपने कमरे पर ही रुका रहा। शाम को जब साथी वापस लौटे तो उन्हें कमरे का दरवाजा अंदर से बंद मिला। आवाज देने पर भी अंदर से कोई आहट नहीं सुनाई दी। इस पर



साथियों ने दरवाजा तोड़ दिया। अंदर जाकर देखा तो होश उड़े रह गए। कमरे में पंखे के सहारे नावेद का शव फंदे पर लटका हुआ था। उन्होंने इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। वहीं, बेटे की मौत की खबर मिलते ही परि. जनों में कोहराम मच गया। रात में ही परिजन फरीदाबाद के लिए रवाना हो गए। नावेद के आत्मघाती कदम उठाने के पीछे क्या कारण रहे, ये स्पष्ट नहीं हो सका है। जवान बेटे की मौत पर परिजनों का रोते बिलखते बुरा हाल है।

# खेत की सिंचाई कर रहे किसान पर हमला

## चार नामजदों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नौगांवा सादात।** थाना क्षेत्र के गांव जब्बारपुर में खेत में सिंचाई कर रहे एक किसान पर हमला किया गया। पुलिस ने इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित शमसुद्दीन ने आरोप लगाया है कि 25 अप्रैल की दोपहर करीब 1:30 बजे जब वह अपने खेत में सिंचाई कर रहे थे, तभी सुल्तानपुर निवासी दानिश, राकिब, अरशद और मिट्ठेपुर निवासी नाजिर वहां पहुंचे। उन्होंने गाली-गलौज शुरू कर दी और विरोध करने पर लाठी व फावड़े से हमला कर दिया। इस मारपीट में शमसुद्दीन के सिर और शरीर पर गंभीर चोटें आई हैं। शमसुद्दीन ने थाने पहुंचकर आरो. पियों के खिलाफ तहरीर दी और कानूनी कार्रवाई की मांग की। पीड़ित का यह भी आरोप है कि आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी दी और मौके से फरार हो गए। सीओ अवधभान सिंह भदौरिया ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू करने की बात कही।

## मारपीट में चार ग्रामीण घायल

**गजरौला।** थाना क्षेत्र के एक गांव में झगड़े की घटना में चार लोग घायल हो गए। पीड़ित पक्ष ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव कटाई में मदर खां पुत्र इकबाल खां का परिवार रहता है। आरा. प है कि एहराज उर्फ अच्छे खां द्वारा मदर खां के खेत से जबरदस्ती रास्ता लेने के प्रयास किये जा रहे हैं। मदर खां ने विरोध किया तो एहराज उर्फ अच्छे खां ने फैयाज, शानू आदि के साथ मिलकर मदर खां, गजाना खां, तारिक एवं भूरे खां को लाठी डंडों से पीटकर घायल कर दिया। मारपीट के कारण शोर शराबे की स्थिति बन गई। शोर सुनकर आसपास के लोग बीच बचाव के लिए आए तो आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पीड़ित पक्ष ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने की मांग की है।

# हाईटेंशन लाइन करंट से लाइनमैन की मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** अमरोहा के रजबपुर थाना क्षेत्र में 11 हजार वोल्ट की लाइन ठीक करते समय एक 28 वर्षीय लाइनमैन की करंट लगने से मौत हो गई। इस घटना के बाद परिजनों ने शव को बिजलीघर में रखकर प्रदर्शन किया। मृतक की पहचान जलालपुर कलां निवासी नितिन सैनी (28) पुत्र रामपाल के रूप में हुई है। नितिन अपने पीछे पत्नी और छह माह की बेटी प्रियांशी को छोड़ गए हैं। परिवार में मातम पसरा हुआ है।



जानकारी के अनुसार, बुधवार सुबह करीब 10 बजे गांव जलालपुर में बीती रात आई तेज आंधी और बारिश से पेड़ गिरने के कारण बिजली की लाइन प्रभावित हुई थी। नितिन सैनी लाइन ठीक करने के लिए खंभे पर चढ़े थे। बताया जा रहा है कि लाइन ठीक करने के लिए शटडाउन लिया गया था, लेकिन अचानक विद्युत प्रवाहित होने से वह झुलस गए। लाइनमैन की मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने गांव स्थित बिजलीघर में शव रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। देखते ही देखते सैकड़ों लोगों की भीड़ जमा हो गई। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए स्थानीय पुलिस बल मौके पर पहुंचा और भीड़ को नियंत्रित किया। थाना प्रभारी रजबपुर संजय कुमार सिंह ने बताया कि मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। उन्होंने कहा कि मामले में तहरीर प्राप्त होने के बाद आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। हादसे के कारणों की पुष्टि अभी नहीं हो सकी है और पुलिस जांच में जुटी है।

**बिजलीघर पर शव रखकर परिजनों ने किया हंगामा**



**पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लिए जीवनरेखा साबित होगा एक्सप्रेस-वे**

# गंगा एक्सप्रेस वे से खुलेंगे विकास के द्वार: मलिक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** गंगा एक्सप्रेसवे का डिजिटल आगाज करते हुए उसको जनता के लिए समर्पित कर दिया गया। उत्तर प्रदेश के विकास को नई गति देने वाले गंगा

**■ गांव मंगरौला में हुआ भव्य कार्यक्रम, एलईडी स्क्रीन पर देखा प्रधानमंत्री मोदी का लाइव प्रसारण**

एक्सप्रेसवे के उद्घाटन समारोह का जनपद के गांव मंगरोला में भव्य आयोजन किया गया।

बुधवार को गणेश वंदना से कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्री गणेश की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर गंगा एक्सप्रेसवे का लोकार्पण कर दिया। जैसे ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुख्यमंत्री की उपस्थिति में जनपद हरदोई में गंगा एक्सप्रेसवे का उद्घाटन किया वैसे ही जनता के लिए जो बड़ी एलईडी स्क्रीन लगाई गई थी। जिस पर उद्घाटन समारोह का सीधा प्रसारण अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ



बैठकर हजारों लोगों ने देखा। जनपद के प्रभारी मंत्री केपी मलिक ने गंगा एक्सप्रेसवे को पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लिए जीवनरेखा बताया। उन्होंने कहा कि यह एक्सप्रेसवे केवल सड़क नहीं, बल्कि आर्थिक प्रगति का मार्ग है। जिससे रोजगार और व्यापार के नये अवसर पैदा होंगे। सांसद चौधरी कंवर सिंह तंवर ने केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के शासन में अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक लाभ पहुँच रहा है और एक्सप्रेसवे का जाल इसका जीवंत प्रमाण है। विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी ने स्थानीय विकास कार्यों का ब्योरा दिया। उन्होंने बताया कि योगी सरकार के नेतृत्व में हसनपुर विधानसभा में सड़कों बिजली और शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व सुधार हुए हैं। विधायक राजीव तरारा ने कानून व्यवस्था पर जोर देते हुए कहा कि योगी सरकार ने प्रदेश से माफियाराज का अंत कर दिया है। उन्होंने कहा कि आज बेटियाँ सुरक्षित हैं। विधान परिषद के सदस्य डा. हरि सिंह ढिल्लों एवं सतपाल सिंह सैनी ने भी सरकार की उपलब्धियां का बखान किया। इस अवसर पर कमिश्नर, जिला अध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी, जिलाधिकारी नितिन गौड, पुलिस अधीक्षक लखन सिंह यादव, पालिकाध्यक्ष राजपाल सैनी, ब्लॉक प्रमुख ममता गुर्जर, चंद्रपाल सिंह खड़गवंशी, पूर्व विधायक हरपाल सिंह, मुदित गुर्जर, सुरेंद्र सिंह लोहिया, अभिनव कौशिक, पूर्व विधायक तोताराम, मयंक अग्रवाल आदि मौजूद थे।

**जमीन देने वाले किसानों को नही मिली मंच पर जगह**

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** भारतीय किसान यूनियन अम्बावत के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार लोहिया ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि गंगा एक्सप्रेसवे के उद्घाटन समारोह में उनके गांव के किसी भी व्यक्ति को मंच पर नहीं बैठाया गया है। उन्होंने कहा कि गांव मंगरोला के किसानों ने गंगा एक्सप्रेसवे को अपनी जमीन दी है। लेकिन उसके बाद भी किसी को मंच पर नहीं बुलाया गया। यह बड़े ही अपमानजनक बात है।

# दिग्विजय भाटी को किया नजरबंद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** गंगा एक्सप्रेसवे के पास स्थित लिंक रोड की खस्ताहाल स्थिति को लेकर किसानों का आक्रोश सातवें आसमान पर है। बुधवार को पुलिस प्रशासन ने भारतीय किसान यूनियन बीआर अंबेडकर के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ दिग्विजय सिंह भाटी को उनके घर में नजर बंद कर दिया। दिग्विजय भाटी ने बताया गांव मंगरोला में एक्सप्रेसवे उतार से गांवों को जोड़ने वाले मुख्य संपर्क मार्ग की स्थिति इतनी जर्जर हो चुकी है कि किसान अपनी उपज मंडियों तक नहीं ले जा पा रहे हैं। डॉ दिग्विजय भाटी के साथ सोनू गुर्जर, देवेंद्र यादव, रामपाल यादव, अमरजीत गुर्जर, रूम सिंह खड़गवंशी, नदीम चौधरी, नन्हे यादव आदि मौजूद थे। वही भारतीय किसान यूनियन (इंडिया) के पदाधिकारी प्रभारी मंत्री को ज्ञापन देने निकले, तो उन्हें उनके घरों में नजर बंद कर दिया गया।किसान संगठनों ने साफ कहा है कि यदि जल्द ही सड़कों की मरम्मत नहीं हुई, तो वे चुप नहीं बैठेंगे और आंदोलन को और उग्र किया जायेगा। प्रशासन की इस कार्रवाई से किसानों में भारी रोष है। इस दौरान लोकेश बिधूड़ी, जितेंद्र, हितेश भाटी, धर्मेंद्र, धर्मवीर सहित अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

# मेरठ से प्रयागराज तक लगेगा 1500 का टोल

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** गंगा एक्सप्रेसवे के शुरू होने के साथ जहां सफर तेज और आसान होगा, वहीं मेरठ से प्रयागराज तक यात्रा करने वालों को करीब 1500 रुपये टोल भी चुकाना पड़ सकता है। यह टोल दर लंबी दूरी तय करने वाले यात्रियों और ट्रांसपोर्ट कारोबारियों के लिए अहम साबित होगी। एक्सप्रेसवे पर सफर से समय और ईंधन की बचत तो होगी, लेकिन टोल की लागत यात्रियों के बजट को प्रभावित कर सकती है। खासकर नियमित यात्रा करने वाले लोगों और माल ढुलाई से जुड़े व्यापारियों को इस खर्च को ध्यान में रखना होगा। हालांकि विशेषज्ञों का मानना है कि बेहतर सड़क, कम समय और सुरक्षित यात्रा के चलते यह टोल उचित माना जा सकता है। अब देखने वाली बात होगी कि लोग सुविधा और खर्च के बीच कैसे संतुलन बनाते हैं।

# अब सात घंटे में पहुंचेंगे मेरठ से प्रयागराज

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** मेरठ से प्रयागराज तक बनाया गया गंगा एक्सप्रेसवे जनता का समय बचाने का काम करेगा। बुधवार को हरदोई में गंगा एक्सप्रेसवे का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकार्पण कर जनता को समर्पित कर दिया। करीब 5 साल में 36230 करोड़ की लागत से मेरठ से प्रयागराज तक बनाये गये गंगा एक्सप्रेसवे की दूरी 594 किलोमीटर है। गंगा एक्सप्रेसवे 518 गांव व 12 जनपदों से होकर गुजर रहा है। गंगा एक्सप्रेसवे पर 14 बड़े पुल और 165 के करीब छोटे पुल बनाये गये हैं। इसके अलावा इस पर 32 फ्लाई ओवर 7 रेलवे ओवरब्रिज 453 व्हीकल अंडरपास और 795 पुलिया का निर्माण किया गया है। बताया यह भी जा रहा है कि इस एक्सप्रेसवे पर शाहजहांपुर में 3.5 किलोमीटर लंबी हवाई पट्टी भी है। इस पर 17 से 21 इंटरचेंज एंट्री एग्जिट प्वाइंट बनाये गये हैं। यह एक्सप्रेसवें 12 जिलों से होकर गुजरता है। और इसमें 120 मीटर की राइट ऑफ वें चौड़ाई है। 12 जनपदों में 21 स्थानो पर लोगों के गंगा एक्सप्रेसवे पर चढ़ने उतरने की सुविधा दी गई है।

# झोलाछाप के इलाज से नवजात की मौत

## परिजनों ने मचा कोहराम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रहरा।** रहरा क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित अस्पतालों और झोलाछाप चिकित्सकों का नेटवर्क एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गया है। ताजा मामला रहरा थाना क्षेत्र के कस्बा रहरा के एक निजी अस्पताल का है, जहां प्रसव के बाद नवजात बच्ची की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में भारी आक्रोश है और उन्होंने अस्पताल स्टाफ पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगाए हैं।

जानकारी के अनुसार, रहरा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक गर्भवती महिला को सोमवार को प्रसव पीड़ा होने पर परिजन रहरा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराए थे। अस्पताल में महिला का इलाज शुरू हुआ और देर रात उसने एक बच्ची को जन्म दिया। शुरुआत में सब कुछ सामान्य बताया गया, लेकिन कुछ ही देर बाद नवजात की तबीयत बिगड़ने लगी। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल में न तो पर्याप्त संसाधन थे और न ही विशेषज्ञ डॉक्टर मौजूद थे। जब बच्ची की हालत गंभीर हुई तो अस्पताल स्टाफ ने सही समय पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया। परिजन बार-बार नवजात की स्थिति के बारे में पूछते रहे, लेकिन उन्हें टालमटोल जवाब दिया गया। मंगलवार सुबह बच्ची ने दम तोड़ दिया।क्षेत्र में झोलाछाप डॉक्टरों का बोलबाला है, जो बिना मानक सुविधाओं के अस्पताल चला रहे हैं और लोगों की जान से खिलवाड़ कर रहे हैं। उनका कहना है कि यदि समय रहते उचित इलाज मिलता, तो बच्ची की जान बच सकती थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि रहरा क्षेत्र में झोलाछापों का बढ़ता आतंक अब आम लोगों के लिए खतरा बनता जा रहा है। बावजूद इसके, स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई न के बराबर है। इस घटना ने एक बार फिर प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। परिजनों ने बिना कानूनी कार्रवाई के नवजात बच्चे का अंतिम संस्कार कर दिया

## पालिका बोर्ड की बैठक 4 मई को होगी

**शाह टाइम्स संवाददाता गजरौला।** नगर पालिका परिषद गजरौला की बोर्ड बैठक आगामी 04 मई को पालिका सभागार में पूर्वान्ह 12 बजे से होगी। बैठक में नगर के विकास से जुड़े प्रस्तावों पर चर्चा की जाएगी। यह जानकारी चेयरमैन श्रीमति राजेन्द्र उर्फ उमा देवी ने दी।

# कार की टक्कर से घायल ग्रामीण की मौत

## 22 अप्रैल को धनौरा रोड पर हुआ था हादसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गजरौला।** तेज रफ्तार कार की टक्कर से घायल बाइक सवार ग्रामीण की उपचार के दौरान मौत हो गयी जबकि उसके साथ बाइक पर सवार अन्य दो युवकों का उपचार निजी हॉस्पिटल में चल रहा है। मृतक के पुत्र की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपित कार चालक के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

जानकारी के अनुसार 22 अप्रैल को असलम अली, वसीम अहमद व युसूफ तीनों एक साथ बाइक पर सवार होकर गजरौला से बछरायूं थाना क्षेत्र स्थित अपने गांव रहमापुर माफी जा रहे थे। कुमराला चौकी के पास स्थित पेट्रोल पम्प के पास पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी थी। हादसे में तीनों घायल हो गए थे। घायलों को आसपास के लोगों की मदद से कुमराला चौकी के पास स्थित निजी अस्पताल में ही भर्ती कराया गया था। यहाँ से असलम अली की हालत गंभीर देखते हुए हायर सेंटर रेफर किया था, रास्ते में ही असलम अली की मौत हो गयी थी। इस मामले में पुलिस ने मृतक असलम अली के पुत्र सैफ अली की तहरीर के आधार पर कार चालक के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# बारिश से मौसम हुआ सुहावना

## झुलसाने वाली गर्मी से मिली राहत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गजरौला।** पिछले कुछ दिनों से भीषण गर्मी और लू की मार झेल रहे क्षेत्रवासियों को रात और सुबह के समय हुई बारिश और तेज ठंडी हवाओं से राहत मिली। इतना ही नहीं और दिनों की अपेक्षा तापमान भी कम रहा।

यूं तो मौसम विभाग ने ही बारिश का पूर्वानुमान जताया था। मंगलवार की रात से ही तेज हवाएं चलने लगीं थीं और रात में रूक रूककर कई बार बारिश भी हुई। दिन में भी एक दो बार बारिश हुई। बारिश और तेज ठंडी हवाओं ने कई दिन से पड़ृ रही झुलसाने वाली गर्मी से निजात दिलाई। बारिश व तेज ठंडी हवाओं से और तापमान में भी दिनों की अपेक्षा दस डिग्री की गिरावट दर्ज की। बुधवार को तापमान 33-34 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम सुहावना होने के कारण बाजारों में भी खरीददारों की भीड़ देखने को मिली। तेज धूप से झुलस रहे पेड़ पौधों को भी पानी मिल जाने से उनकी तरोताजगी भी बढ़ गई। मौसम विभाग का अनुमान है कि आगामी दिनों में भी बारिश की संभावना बनी रहेगी।

# बीएसए को तीन स्कूलों में मिली खामियां

## तीनों हेड मास्टरों से मांगा स्पष्टीकरण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। बीएसए डा. मोनिका ने तीन स्कूलों में अनियमित्ताएं मिलने पर हेड मास्टरों को स्पष्टीकरण तलब किया है।

बुधवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा. मोनिका ने ब्लाक के कम्पोजिट विद्यालय खेड़ा का निरीक्षण किया जहां इस वर्ष खेल सामग्री नहीं क्रय की गयी पुरानी खेल सामग्री दिखाई गयी तथा कम्पोजिट बिल वाउचर नहीं दिखाये गये। आंगनवाड़ी में स्टेशनी भी नहीं मिली। परिचालक गेट पर बेठने के बजाए कक्षा कक्ष में बैठे मिले जबकि छात्र छात्राएं गेट के बाहर घूम रहे थे। डीसीएफ भी नहीं भरा मिला। अध्यापक फोटोफ्रेम नही बनाये गये। जिस पर उन्होने नाराजगी जतायी तथा हेड मास्टर से तीन दिन में स्पष्टीकरण तलब किया। प्राथमिक विद्यालय मिठनपुर कलां के निरीक्षण में 135 उपस्थित संख्या बतायी गयी जबकि मौके पर मात्र 97 छात्र छात्राएं मिलीं। इसके अलावा विद्यालय में कई खामियां मिलीं। जिस पर हेड मास्टर से तीन दिन में स्पष्टीकरण मांगा गया है। इसके अलावा प्राथमिक विद्यालय मिठनपुर कलां के निरीक्षण में शैक्षिक स्तर अत्यंत न्यूनतम पाया गया। मिड्डेमील में खाना का सैम्पिल विद्यालय में नही मिला। जिस पर हेड मास्टर से तीन दिन में स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिये गये हैं।

# अति पिछड़ा वर्ग लम्बे समय से उपेक्षा का शिकार

## अति पिछड़े दलित व वंचित वर्गो के हकों की लड़ाई लड़ रही सुभासपाः राजभर



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। कैबिनेट मंत्री एवं सुहैलदेव समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर ने कहा कि अति पिछड़ा समाज लंबे समय तक उपेक्षा का शिकार रहा है, लेकिन अब हालात बदल रहे हैं। सरकार की को. शिश है कि योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे।

कैलसा बाईपास रोड स्थित ताज गार्डन बैंक्वेट हॉल में सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) द्वारा आयोजित अति पिछड़ा सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए ओमप्रकाश राजभर ने कहा कि अति पिछड़ा समाज लंबे समय तक उपेक्षा का शिकार रहा है, लेकिन अब हालात बदल रहे हैं। सरकार की कोशिश है कि योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से गांव-गांव जाकर लोगों को जागरूक करने और संगठन को मजबूत बनाने की अपील की। वहीं अरविंद राजभर ने कहा कि सुभासपा हमेशा से अति पिछड़े, दलित और वंचित वर्गों की लड़ाई लड़ती आई है और आगे भी यह संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने और आने वाले चुनावों के लिए पूरी तैयारी में जुटने का आह्वान किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रामपाल मांडी, दयाराम भार्गव शक्ति सिंह, बलराज सिंह प्रजापति, जिलाध्यक्ष सत्यपाल तोमर राजपाल सिंह, रवि चौधरी, आदेश अमरोही, सुरेंद्र सिंह प्रधान, जसवीर सिंह, अतीकुर्रहमान, मोहम्मद शराफत, विनीत चौहान सहित कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# खेत से लोट रहे किसान के परिवार पर हमला

## चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नौगांवा सादात**। खेत से घर लौट रहे किसान समेत परिवार के लोगों पर हमला करने के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

थाना क्षेत्र के गांव बीबड़ा खुर्द निवासी किसान पुष्पेंद्र की ओर से दर्ज कराई गई एफआईआर के मुताबिक मंगलवार दोपहर वह अपने खेत पर गन्ने की बुआई कर घर लौट रहा था, साथ में माता-पिता व परिवार के अन्य लोग भी थे। आरोप है कि रास्ते में गांव के ही रहने वाले गजेंद्र, उसकी पत्नी गीता के अलावा सुरेश सिंह व सौराज ने घेर लिया। आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी, विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया। हमले में गुम चोटें आने से गंभीर घायल पुष्पेंद्र बेहोश होकर सड़क पर गिर पड़ा। चीख पुकार सुनकर जमा लोगों ने आरोपियों से बचाते हुए घायलों को घर तक पहुंचाया। आरोप है कि आरोपी पक्ष की ओर से लगातार जान से मारने धमकी दी जा रही है। प्रभारी निरीक्षक बालेंद्र कुमार ने बताया कि मामले में तहरीर के आधार पर चारों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। घटना की जांच की जा रही है। आरोपियों को जल्दी गिरफ्तार कर चालान किया जाएगा।

# सफाई कर्मियों ने मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

## सेवा नियमावली व सुविधाओं की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा**। ग्राम पंचायत राज सफाई कर्मचारी संघ ने अपनी विभिन्न लंबित मांगों को लेकर पंचायती राज विभाग के कैबिनेट मंत्री को ज्ञापन सौंपा है। संघ का कहना है कि प्रदेश में वर्ष 2008 में भर्ती हुए लगभग 1.08 लाख ग्रामीण सफाई कर्मचारी आज भी मूलभूत सुविधाओं और स्पष्ट सेवा नियमावली के अभाव में कार्य कर रहे हैं। ज्ञापन में प्रमुख रूप से सफाई कर्मचारियों की सेवा नियमावली लागू करने, पदोन्नति की व्यवस्था सुनिश्चित करने, ग्राम पंचायत अधिकारी व अन्य पदों पर प्रोन्नति का अवसर देने, तथा सफाई कर्मियों के लिए अलग से "पंचायत सेवक" पद सृजित करने की मांग की गई है। इसके अलावा कर्मचारियों को नियमित रूप से सफाई उपकरण उपलब्ध कराने, महिला कर्मियों को 5 किमी से अधिक दूरी पर ड्यूटी से राहत देने और लंबित पास. बुक जारी करने की भी मांग उठाई गई है। संघ ने यह भी आरोप लगाया कि कई कर्मचारियों के नाम व विवरण पोर्टल पर गलत दर्ज हैं, जिससे उन्हें सेवा संबंधी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन में इन त्रुटियों को जल्द सुधारने की मांग की गई है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुमार भारती और प्रदेश महामंत्री कमल सिंह ने कहा कि कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर कई बार शासन स्तर पर अनुरोध किया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो संगठन आंदोलन के लिए बाध्य होगा।

# बायोगैस के उपयोग से घरेलू ईंधन की बचत संभव

## स्पर्श के सहयोग से बायोगैस युनिट का शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गजरौला**। गाँव देहरा कादर बख्श में समेकित सतत डेयरी, पशुपालन एवं जैविक खेती विकास परियोजना के अंतर्गत स्पर्श सोशल फाउंडेशन द्वारा स्थापित स्टेबल एवं बायोगैस यूनिट का उद्घाटन संस्था के निदेशक कपिल कौल ने किया।

बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्रीय किसानों के साथ जागरूकता एवं परामर्श बैठक में डेयरी प्रबंधन, स्वच्छ ऊर्जा के उपयोग तथा जैविक खेती के माध्यम से किसानों की आय वृद्धि के विभिन्न आयामों पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम में उपस्थित किसानों को परियोजना के उद्देश्य, संभावित लाभ एवं आगामी कार्ययोजना के संबंध में समुचित जानकारी दी की गई। एस. आनन्द एवं कृष्ण गोपाल ने बायोगैस यूनिट के महत्व एवं उससे संबंधित विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बायोगैस के उपयोग से घरेलू ईंधन (रसोई गैस) की बचत संभव है तथा इससे प्राप्त स्लरी का उपयोग उच्च गुणवत्ता की जैविक खाद के रूप में किया जा सकता है। इस अवसर पर स्पर्श सोशल फाउंडेशन के कार्यकर्ता शिव प्रसाद, दिनेश मेहर, हेमन्त कुमार आदि मौजूद रहे।

# बस में कालेज के छात्र से मारपीट

## चार आरोपियों पर रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया**। डिडौली कोतवाली क्षेत्र में कॉलेज छात्र के साथ बस में मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गजरौला थाना क्षेत्र के गांव मोहम्मदाबाद निवासी सुहेल पुत्र अब्दुल्ला ने बताया कि वह 23 अप्रैल 2026 को आईएफटीएम यूनिवर्सिटी से बस द्वारा अपने घर लौट रहा था। आरोप है कि बस जैसे ही डिडौली थाना क्षेत्र के गांव चौधरपुर पहुंची, तभी प्रशांत पुत्र रविंद्र निवासी इसापुर, अमन पुत्र राजीव सिंह निवासी डुकिया, प्रशांत पुत्र आलोक निवासी अटारी मुरादपुर और सालार निवासी पक्का पुल गजरौला ने दबंगई दिखाते हुए उसे सीट से उठाने का प्रयास किया। विरोध करने पर आरोपियों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी और जान से मारने की नीयत से गला दबाने का भी प्रयास किया। बस में मौजूद अन्य छात्र-छात्राओं ने बीच-बचाव कर किसी तरह सुहेल को बचाया। पीड़ित का कहना है कि मारपीट का वीडियो भी उसके पास मौजूद है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर चारों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# बिना प्लॉट छोड़े होगा, गन्ने का सर्वे

## अधिकारियों ने दिये निर्देश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। आगामी गन्ना सर्वे को लेकर धनोरा चीनी मिल परिसर में गन्ना विभाग और यूपी मिल स्टाफ की ओर से संयुक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें धनोरा, अमरोहा और चांदपुर क्षेत्र के राजकीय गन्ना पर्यवेक्षकों को गन्ना सर्वे का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों ने बताया कि गन्ना सर्वे पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ किया जाएगा, ताकि किसानों को किसी तरह की परेशानी न हो। गन्ना विकास निरीक्षकों ने सर्वे टीम को जरूरी दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि गांव में एक छोर से दूसरे छोर तक सभी गन्ना खेतों का सही तरीके से सर्वे किया जाए और कोई भी प्लॉट न छूटे। चीनी मिल के मुख्य महाप्रबंधक ने बताया कि सर्वे कार्य रोजाना सुबह छह बजे से शुरू होगा। खेतों में खड़ी गन्ना फसल के रकबे का सही आंकलन किया जाएगा और पुराने पेड़ी गन्ने का भी मौके पर सत्यापन कराया जाएगा। अधिकारियों ने किसानों को गन्ना फसल को रोग और कीटों से बचाने के लिए समय पर दवा और खाद का संतुलित प्रयोग करने की सलाह दी। कार्यक्रम में गन्ना विभाग और चीनी मिल के कई अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# बीएसडी के चार बच्चों का सोनीपत में चयन



## परिधि, खुशहाल, ऋषिका व भूमिका ने बढ़ाया मान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मंडी धनौरा**। स्पोर्ट्स स्कूल सोनीपत की लिखित परीक्षा के घोषित परिणाम में बीएसडी एकेडमी के चार विद्यार्थियों का चयन हुआ है। चयनित विद्यार्थियों में परिधि, खुशहाल, ऋषिका और भूमिका शामिल हैं। बच्चों की सफलता से विद्यालय में खुशी का माहौल है।

विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में प्रबंधक नितिन धारीवाल और निर्देशिका सुशीला देवी ने चयनित विद्यार्थियों को फूलमाला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर सम्मानित किया। उन्होंने बच्चों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय प्रबंधक नितिन धारीवाल ने कहा कि विद्यालय में बच्चों को शिक्षा के साथ खेल एवं अन्य प्रतियोगी गतिविधियों के लिए भी प्रेरित किया जाता है। बच्चों की सफलता पूरे विद्यालय परिवार के लिए गर्व की बात है। इस दौरान विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं भी मौजूद रहीं। शिक्षकों ने कहा कि विद्यार्थियों की मेहनत और अनुशासन का ही परिणाम है कि उन्होंने परीक्षा में सफलता प्राप्त की है।

# रिश्तेदारी को लेकर विवाद में मारपीट

## पांच आरोपियों पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया**। डिडौली थाना के गांव पायंती कला में रिश्तेदारी को लेकर हुए विवाद में मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर पांच आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गांव पायंती कला निवासी शौकीन अहमद पुत्र रहीस अहमद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी मुंहबोली बहन के यहां कुछ लोग रिश्ता करने के लिए आए थे। आरोप है कि नसीम उर्फ छग्गा, हमीद और नसीम पहले भी रिश्ता करने की बात कह चुके थे, लेकिन पीड़ित पक्ष ने मना कर दिया था। आरोप है कि 27 अप्रैल 2026 की रात करीब 10 बजे नासिर पुत्र कल्लू, यासिर पुत्र कल्लू, आमिर पुत्र आकिल और जुनैद पुत्र जावेद समेत अन्य लोग वहां पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। मारपीट में पीड़ित पक्ष को गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर नासिर, यासिर, आमिर, जुनैद समेत अन्य आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## विम्स में जटिल कूल्हा का सफल प्रत्यारोपण



**शाह टाइम्स संवाददाता अमरोहा**। वेंक्टेश्वरा संस्थान के मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल विम्स में डॉक्टरों ने जटिल टोटल हिप रिप्लेसमेंट (टीएचआर) सर्जरी कर 18 वर्षीय युवक अयान को नया जीवन दिया। युवक की कूल्हे की हड्डी और आसपास की मांसपेशियां पूरी तरह क्षतिग्रस्त थीं, जिससे यह सर्जरी काफी चुनौतीपूर्ण थी। आर्थो विभाग की टीम ने अत्याधुनिक तकनीक के जरिए सफल ऑपरेशन किया। डॉक्टरों के अनुसार अब मरीज स्वस्थ है और जल्द सामान्य रूप से चल-फिर सकेगा। यह सर्जरी आयुष्मान योजना के तहत निशुल्क की गई। संस्थान के चेयरमैन सुधीर गिरि ने टीम को बधाई देते हुए सस्ती व विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं देने की प्रतिबद्धता दोहराई। वहीं चिकित्सकों ने इसे विभाग की बड़ी उपलब्धि बताया ।

# घर में घुसकर मारपीट में चार पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया**। डिडौली थाना क्षेत्र के गांव हुसेनपुर मिलक में घर में घुसकर मारपीट करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर चार आरोपियों के खिलाफ मुक. दमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गांव हुसेनपुर मिलक निवासी आलम पुत्र मोहम्मद यासीन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह 28 अप्रैल 2026 की सुबह आरटीओ ऑफिस गया था। दोपहर करीब 2 बजे जब वह घर वापस लौटा तो उसने गांव निवासी माजिद पुत्र रहीसुद्दीन को अपनी पत्नी शवाना के कमरे में देखा। आरोप है कि जब उसने इसका विरोध किया तो माजिद और उसकी पत्नी ने गाली-गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि कुछ देर बाद माजिद के भाई जावेद, साहिद और कासिम पुत्रगण रहीसुद्दीन भी मौके पर पहुंच गए और सभी ने मिलकर आलम के साथ मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पीड़ित ने आरोप लगाया कि माजिद ने उसकी भतीजी सना पुत्री जुबेर के साथ भी मारपीट की और उसके कपड़े फाड़ दिए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर माजिद, जावेद, साहिद और कासिम के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## रास्ते में रोककर युवक को पीटा, चार पर रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता जोया**। डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव जोई निवासी आफताब आलम की तहरीर पर पुलिस ने चार युवकों के खिलाफ मुक. दमा दर्ज किया है। आफताब आलम का आरोप है कि उसका बेटा अबुबकर बाजार से सोडा लेने गया था। इसी दौरान रास्ते में हफीजुर पुत्र तहजीब, अमान, कासान और अलमाज निवासी मोहल्ला जोया व रायपुर खुर्द ने उसे रोक लिया और गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। मारपीट में अबुबकर की पीठ पर गंभीर चोट आई है। घटना 27 अप्रैल की शाम करीब 5:30 बजे की बताई गई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# लोटे में फंसा बंदर के बच्चे का सिर, छतों पर जमा हुए बंदर

## गांधीनगर में अफरा-तफरी, बंदर के बच्चे को तड़पता देख लोगों ने लगायी मद्द की गुहार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। नगर के मोहल्ला गांधी नगर में बुधवार दोपहर एक अजीबो-गरीब घटना से अफरा-तफरी का माहौल बन गया। यहां एक बंदर के बच्चे का सिर लोटे में फंस गया, जिसके बाद वह इधर-उधर भागता और छटपटाता दिखाई दिया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि बंदर का बच्चा लोटे में सिर फंसने के कारण बेहद परेशान है। वह कभी छत पर दौड़ता तो कभी दीवारों पर चढ़ने की कोशिश करता नजर आया। बच्चे की हालत देखकर आसपास के लोग भी चिंतित हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में बंदर आसपास की छतों पर जमा हो गए। मोहल्ले के लोगों के मुताबिक बंदरों का झुंड काफी देर तक इलाके में मंडराता रहा। कई बंदर लगातार शोर मचाते रहे, जिससे लोगों में डर का माहौल बन गया। सुरक्षा के चलते कई लोगों ने अपने घरों के दरवा. जे बंद कर लिए। स्थानीय लोगों ने बताया कि बंदर के बच्चे की मदद करने की कोशिश की गई, लेकिन आक्रामक बंदरों के कारण कोई भी उसके पास जाने की हिम्मत नहीं जुटा सका। लोगों का कहना है कि नगर में बंदरों की संख्या लगातार बढ़ रही है और आए दिन बंदर लोगों के घरों में घुसकर नुकसान पहुंचाते हैं। मोहल्लेवासियों ने वन विभाग और संबंधित प्रशास. निक अधिकारियों से मांग की है कि बंदरों को पकड़ने के लिए अभियान चलाया जाए और लोटे में फंसे बंदर के बच्चे को सुरक्षित बाहर निकाला जाए, ताकि उसकी जान बचाई जा सके। सोशल मीडिया पर भी लोग वीडियो साझा कर प्रशासन से जल्द कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

# पुलिस मुठभेड़ के दौरान घायलावस्था में लुटेरा गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत**। शहर कोतवाली पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान हुई मुठभेड़ में एक लुटेरे को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 24 घंटे से भी कम समय में लूट की इस वारदात का सफल अनावरण किया। मुठभेड़ में घायल लुटेरे को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

गिरफ्तार लुटेरे के पास से बिना नंबर प्लेट की एक मोटरसाइकिल, लूटा गया मोबाइल फोन, 1700 रुपये नकद, एक अवैध तमंचा, एक जिंदा कारतूस और दो खोखा कारत. ूस बरामद हुए हैं। पीड़ित ने 28 अप्रैल को कोतवाली पर शिकायत दर्ज कराई थी। अमरोहा जनपद कानपुर निवासी अमर पुत्र अब्दुल सलाम ने शहर कोतवाली में तहरीर दी थी। उन्होंने बताया कि जब वे अपने भांजे आरिफ और सागर के साथ बागपत से काठा खेकड़ा मार्ग से जा रहे थे, तभी अंधेरे का फायदा उठाकर बाइक सवार अज्ञात बदमाशों ने उनके साथ मारपीट की औरफोन व नकदी लूट ली। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत मुकदमा दर्ज किया और जंगल में घेराबंदी शुरू कर दी। चेकिंग के दौरान एक बाइक पर आता हुआ व्यक्ति दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रोकने का प्रयास किया, लेकिन चालक ने रफ्तार बढ़ा दी। इस दौरान हुई मुठभेड़ में पाली, बागपत निवासी अभिषेक को गिरफ्तार किया गया।

**सम्बन्ध-विच्छेद**

मेरा बेटा मौहम्मद वासिफ गलत संगत में पड़ गया है। जिस कारण मैं व मेरा परिवार उससे सभी तरह के संबंध विच्छेद कर उसे अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। उसके द्वारा किये गये किसी भी गलत कृत्य के लिए मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा।

मौ मुस्तजाब पुत्र छोटे ग्राम गंदासपुर कोतवाली डिडौली जिला अमरोहा

# डांस कॉम्पटीशन का आयोजन

**■ बेन-हर किड्स वर्ल्ड एवं बेन-हर गुरुकुल में हुए कार्यक्रम**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** बेन-हर किड्स वर्ल्ड एवं बेन-हर गुरुकुल में कक्षा केजी के छात्र - छात्राओं का समूह नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इस अवसर पर बेन-हर पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या करिश्मा सैहमी, नर्सरी इंचार्ज रीना सक्सेना, मोहिनी उपाध्याय एवं एक्टिविटी इंचार्ज रोशनी बग्गा ने सामूहिक रूप से दीप को प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। निर्णायक की भूमिका विद्यालय की प्रधानचर्या करिश्मा सैहमी ने निभाई।

कक्षा केजी ऑरेंज, पर्पल, ग्रीन, ब्लू, पिंक, तथा येलो वर्गों के नन्हे मुन्ने बच्चों ने सामूहिक नृत्य करके सभी का मन मोह लिया। इसमें प्रथम स्थान पर केजी ऑरेंज (एकता नगर कैम्पस), द्वितीय स्थान पर केजी ग्रीन ( बेन - हर रोड कैम्पस ) तथा तृतीय स्थान पर केजी पर्पल ( एकता नगर कैम्पस ) के छात्र-छात्राएं रहे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका मनु सक्सेना ने किया। वहीं बेन-हर गुरुकुल (बेन-हर रोड एवं टनकपुर रोड में केजी कक्षा की इंटर हाउस ग्रुप डांस प्रतियोगिता हुई संपन्न। सर्वप्रथम विद्यालय की संस्थापिका रंजीत सैहमी ,मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. परविंदर सिंह सैहमी और प्रधानाचार्या डॉ.निर्मल कौर ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके नृत्य प्रतियोगिता का शुभारंभ करवाया। निर्णायक की भूमिका विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ. निर्मल कौर एवं हेडमिस्ट्रेस पल्लवी पांडेय ने निभाई। टनकपुर रोड कैंपस में एथिक्स हाउस के प्रतिभागियों को प्रथम स्थान, इंटीग्रिटी हाउस के प्रतिभागियों को दूसरे स्थान और लीडरशिप हाउस के प्रतिभागियों को तीसरे स्थान मिला। गुरुकुल बेन-हर रोड कैंपस में नॉलेज हाउस को प्रथम स्थान एवं लीडरशिप हाउस को द्वितीय स्थान मिला। इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक डॉ परविन्दर सिंह सैहमी व प्रशासक गुरदित्त सिंह सैहमी ने सभी छात्र-छात्राओं का उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका रेनू भट्ट और आयुषी भटनागर ने किया। संपूर्ण प्रतियोगिता विद्यालय के डांस शिक्षक शिवम शर्मा, सलोनी गंगवार, एंजेल की दिशा निर्देशन में संपन्न हुई। प्रतियोगिता के दौरान बच्चों के उत्साहवर्धन के लिए विद्यालय की एक्टिविटी इंचार्ज गुरसेवक सिंह और एकैडमिक इंचार्ज आयुषी दीक्षित के साथ जमशीदा, शिखा पांडे, आयुषी अग्रवाल, प्रियंका अग्रवाल, जसमीत सेठी, सुनैना, साक्षी सक्सेना उपस्थिति रही।

# पशुशाला में लगी भीषण आग

**■ नौ मवेशियों की जलकर मौत, गांव में मचा कोहराम**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बीसलपुर।** बिलसंडा ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम शिवनगर गोटिया में एक पशु शाला में आग लगने से नौ मवेशियों की जिंदा जलकर मौत हो गई। यह घटना बुधवार सुबह होने से पहले रात में हुई सूचना मिलने पर नायब तहसीलदार अवधेश कुमार और लेखपाल अथवा पशु चिकित्सा अधिकारी मौके पर पहुंचे। ग्राम पंचायत सिंभुआ के मजरा शिव नगर गोटिया निवासी कृपाराम की पशु शाला में लगी इस आग में चार गाय और पांच बकरियां जिंदा जल गई, कृपा राम के अनुसार वह जिस घर में रहते हैं उससे अलग सरकारी सहायता से बनी पशुशाला में यह आग लगी उन्हें ग्रामीणों द्वारा आग लगने की सूचना मिली थी।

ग्राम पंचायत सिंभुआ के प्रधान पति राजेश कुमार शुक्ला की सूचना पर नायक तहसीलदार अवधेश कुमार और क्षेत्रीय लेखपाल विवेक दीक्षित ने घटनास्थल का निरीक्षण किया उन्होंने पीड़ित कृपाराम से घटना के संबंध में जानकारी जुटाई। बिलसंडा के पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर जगदेव सिंह ने मौके पर पहुंचकर मृत पशुओं का पोस्टमार्टम किया इसके बाद सभी मवेशियों को जेसीबी मशीन से गड्ढा खोदकर जमीन में दफना दिया गया। आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया गया। लेकिन तब तक 9 पशुओं की मौत हो चुकी थी।

बीसलपुर नायब तहसीलदार अवधेश कुमार का कहना है ग्रामीण की पशु शाला में आग लगने से नौ मवेशियों की जलकर मौत हो गई पोस्टमार्टम कराया गया। इस दौरान नायब तहसीलदार अवधेश कुमार ने कहा कि पीड़ित को सरकारी सहायता दिलाने का पूरा संभव प्रयास किया जाएगा।

## एक नजर

### दुल्हन की विदाई से पहले जमकर हुई मारपीट

**लड़की के रिश्तेदारों ने फोड़ा दूल्हे का सर**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** एक शादी समारोह उस समय हिंसा में बदल गया जब विदाई से ठीक पहले लड़की पक्ष के लोगों ने दूल्हे और बारातियों पर हमला कर दिया। हमले में दूल्हे का सिर फट गया और कई बाराती घायल हो गए। हालात बिगड़ने पर बारात बिना दुल्हन के ही वापस लौट गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र के गांव निजामपुर उर्फ लाह निवासी धर्मेन्द्र कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके पुत्र निखिल कुमार की शादी ग्राम खमरिया पट्टी, थाना पूरनपुर में तय हुई थी। 27 अप्रैल को बारात एक पैलेस, पूरनपुर पहुंची, जहां जयमाला के दौरान लड़की पक्ष के कुछ लोगों ने हंगामा किया। हालांकि उस समय मामला समझाकर शांत करा दिया गया और शादी की सभी रस्में पूरी कर ली गई। मिली जानकारी के अनुसार 28 अप्रैल की सुबह करीब 6:30 बजे विदाई से ठीक पहले लड़की पक्ष के रिश्तेदार-सीताराम, कपिल, विपिन और रतिराम-लाठी-डंडों और लोहे की रॉड लेकर दूल्हे पर हमला कर दिया। हमले में दूल्हे के सिर पर गंभीर चोट आई, जिससे उसका सिर फट गया। इसके अलावा शरीर पर कई अन्य चोटें भी आई। बीच-बचाव में आए धर्मेन्द्र कुमार और अन्य बारातियों के साथ भी मारपीट की गई, जिसमें उन्हें भी चोटें आई। हमलावर घटना के बाद जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। घटना के बाद विदाई नहीं हो सकी और बारात को बिना दुल्हन के ही लौटना पड़ा। पीड़ित परिवार ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और सुरक्षा की मांग की है। मामले में आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है और आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### बुद्ध पूर्णिमा के दृष्टिगत तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे डीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**बदायूं।** जिलाधिकारी अवनीश राय बुधवार को पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ आगामी बुद्ध पूर्णिमा के दृष्टिगत कछला गंगा घाट पर की जा रही तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे। उन्होंने वहां की गई व्यवस्थाओं को एक-एक कर देखा व संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों से कहा कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की समस्या ना हो सभी व्यवस्थाएं इस प्रकार की जाए। उन्होंने विभिन्न व्यवस्थाओं की दृष्टिगत अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कछला गंगा घाट के पुल से दोनों छोरों पर की गई व्यवस्थाओं को देखा। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा, अपर जिलाधिकारी प्रशासन अरुण कुमार सहित अन्य पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

# भीषण गर्मी में खराब पड़े इण्डिया मार्का हैंडपंपों ने बढ़ाई मुश्किलें

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बदायूं।** ब्लाक म्याऊं के ग्राम पंचायत बन बौसारी में पेयजल की समस्या दिन-ब-दिन गंभीर होती जा रही है। गांव में लगे हैंडपंपों में से आधे से अधिक खराब पड़े हैं, जिसके कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

भीषण गर्मी के चलते स्थिति और भी बदतर हो गई है, क्योंकि स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता बेहद सीमित हो गई है।ग्रामीणों का कहना है कि संबंधित अधिकारियों से कई बार शिकायत करने के बावजूद अब तक समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। पानी की कमी के कारण लोगों का रोजमर्रा का जीवन प्रभावित हो रहा है और उन्हें दूर-दूर से पानी लाना पड़ रहा है।वहीं दूसरी ओर, जल जीवन मिशन योजना के तहत हर घर तक पानी पहुंच. ने का दावा भी अधूरा साबित हो रहा है। इस योजना की शुरुआत 22 मार्च 2023 को लगभग 223.49 लाख रुपये की लागत से हुई थी, लेकिन अप्रैल 2026 तक भी पानी की टंकी का निर्माण पूरा नहीं हो सका है।गांव में बढ़ती जल समस्या से आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। इस संबंध में ग्राम पंचायत अधिकारी अजीत पाल ने कहा है कि सभी खराब हैंडपंपों को चिन्हित कर लिया गया है और उन्हें जल्द ही ठीक कराया जाएगा।

# किसानों की समस्याएं लेकर जिला मुख्यालय पहुंचे पूर्व मंत्री हेमराज वर्मा

**■ दल बल के साथ सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा राज्यपाल के नाम ज्ञापन**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व रसद एवं खाद्य मंत्री किसान नेता हेमराज वर्मा सैकड़ों की संख्या में जुलूस की शक्ल में नारेबाजी करते हुए जिला मुख्यालय पहुंचकर राज्यपाल के नाम से ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर को सौंपते ग्राम अण्डरायन निवासी ललित वर्मा के विरुद्ध मुकदमे को निरस्त कराने एवं क्षेत्रीय किसानों की गंभीर समस्याओं के समाधान करने मांग की गई।

ज्ञापन में कहा गया कि पीलीभीत सदर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम अण्डरायन निवासी कृषक ललित वर्मा पुत्र ओमप्रकाश के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा तीन /सात के अंतर्गत मुकदमा थाना अमरिया में राजनैतिक प्रभाव दबाव में दर्ज किया गया है, जो प्रथम दृष्टया निराधार एवं तथ्यों के विपरीत प्रतीत होता है। निरस्त किये जाने योग्य हैं। किसान पर सिचाई एवं जुताई के लिये रखे गये डीजल पर उत्पीड़न करने के उद्देश्य से जिला पूर्ति विभाग के निरीक्षक द्वारा दर्ज कराये गये फर्जी एवं झूठे मुकदमे की उच्चस्तरीय जांच करवाकर मुकदमे को समाप्त करवाने का कष्ट करें।किसान पर ऐसे फर्जी मुकदमे लादने पर जनपद के किसानो में रोष व्याप्त है।इसके अतिरिक्त जनपद के किसानों की स्थिति अत्यंत दयनीय हो चुकी है, जिनकी समस्याओ मे खाद की भारी कमी किसानों को इस समय पर खाद उपलब्ध नहीं हो पा रही है, जिससे ग्रीष्म कालीन फसल प्रभावित हो रही है। खाद न मिल पाने के कारण किसान पर फसल बचाने का संकट उत्पन्न हो गया हैं। किसानों को शीघ्र खाद उपलब्ध कराई जाये। गन्ना किसानों का करोड़ों का गन्ना बकाया मूल्य भुगतान समय पर नहीं किया जा रहा है, जिससे किसान आर्थिक तंगी से जूझ रहा है।

गेहूं उत्पादन में गिरावट मौसम की मार के कारण गेहूँ की पैदावार बहुत कम हुई है। मौसम की मार से प्रभावित किसानों को शीघ्र मुआवजा दिलवाया जाये। गेहूं क्रय केंद्रों पर अव्यवस्था सरकारी खरीद केंद्रों पर गेहूँ की तौल समय पर नहीं हो रही है, जिसके कारण किसान औने-पौने दामों में बिचौलियों को फसल बेचने को मजबूर हो रहा है। उसकी फसलों का उचित मूल्य दिलवाया जाये।

पूर्व मंत्री हेमराज वर्मा ने कहा कि ज्ञापन की सारी मांगे जनहित में रखी गई है प्रशासन स्वीकार करें क्योंकि अब अन्नदाता किसान का शोषण बर्दाश्त किसी भी कीमत पर नहीं किया जाएगा।

### बिसौली में जनगणना 2027 के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में भारत की जनगणना 2027 के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हो गया।



बुधवार को प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन दिवस पर चार्ज अधिकारी तहस. ीलदार सुरेंद्र कुमार ने प्रशिक्षणार्थियो को संबोधित करते हुए कहा कि विभागीय दिशा निर्देशों के आलोक में मकान सूचीकरण एवं मकान की गणना कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण किया जाना है। उन्होंने निर्देशित किया की जनगणना कार्य के दौरान आंकड़ों की शुद्धता एवं गोपनीयता का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने सभी पर्यवेक्षकों और प्रगणकों को सेवा भाव की प्रतिज्ञा दिलाई गयी। फील्ड ट्रेनर रामाधार शर्मा, हरदीप सिंह, अमित पाराशरी, मदन गोपाल, अतुल कुमार वर्मा, ओमवीर, अमित बाबू व मनु मिश्रा ने कार्मिकों को प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रशिक्षण के तीसरे और अंतिम दिन प्रगणकों व पर्यवेक्षकों को परिवारों से जनसंपर्क कर डेटा फीडिंग और जनगणना संबंधी अन्य कार्यों के विषय में जानकारी दी गई। वहीं भारत में यह 16वीं जनगणना होगी, जिसे डिजिटल माध्यम से कराने से पारदर्शिता और गति बढ़ेगी। पहले चरण में सात से 21 मई तक स्वगणना के तहत मकान सूचीकरण होगा। दूसरे चरण में 22 मई से 20 जून तक प्रगणक और पर्यवेक्षक विस्तृत सर्वेक्षण करेंगे।

# नहर में तैरता मिला तेंदुए का शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** थाना क्षेत्र की एक नहर में तेंदुए का सब मिलने से हल्का मच गया सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम जांच करने में जुटी हुई है घटना के संबंध में प्रभागीय निदेशक, वन एवं वन्यजीव प्रभाग, पीलीभीत भरत कुमार डीके ने पत्र जारी कर बताया कि वन एवं वन्यजीव प्रभाग, पीलीभीत की पीलीभीत रेंज अन्तर्गत 29 अप्रैल को समय प्रात: लगभग 8.40 बजे पर सूचना प्राप्त हुई कि मरौरी सेक्शन अन्तर्गत बीसलपुर ब्रांच नहर के बहते पानी में ग्राम जार कल्लिया नहर पुलिया से नरायनठेर जाने वाली पुलिया की झाल में फंसा एक तेन्दुए का सड़ा गला शव फंसा पड़ा हुआ है।

तत्काल रेंज स्टाफ मौके पर पहुंचा तो नहर के बहते पानी में नरायनठेर को जाने वाले मार्ग पुलिया के नीचे एक तेन्दुए का शव पाया। तत्काल शव को बहते पानी से बाहर निकाला गया, बाहरी निरीक्षण में तेन्दुए के शव के सभी बाहरी अंग सुरक्षित पाये गये। घटना स्थल से पीलीभसीत टाइगर रिजर्व, पीलीभीत वन क्षेत्र सीमा की हवाई दूरी लगभग 9.50 किमी. पायी गयी।

तेन्दुए के शव को अभिरक्षा में लेकर पोस्टमार्टम एवं अग्रिम कार्यवाही हेतु पीलीभीत रेंज कार्यालय परिसर में लाया गया है।

तेंदुए के शव का पोस्टमार्टम मुख्य पशु चिकित्साधिकारी पीलीभीत द्वारा नामित 2 पशु चिकित्सकों एवं वन संरक्षक/ फील्ड डायरेक्टर, पीलीभीत टाइगर रिजर्व वृत्त पीलीभीत द्वारा नामित डा. दक्ष गंगवार, पशु चिकित्सक के पैनल से कराया गया है। पशु चिकित्सकों द्वारा मृत्यु का कारण जानने हेतु तेंदुए के शव से निकाले गये बिसरा सैम्पलों को आईबीआरआई, इज्जतनगर, बरेली जांच हेतु भेजा गया है।

# ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल में 'अंतर्राष्ट्रीय नृत्य दिवस' का भव्य आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**




**पीलीभीत।** ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल में 'अंतरराष्ट्रीय नृत्य दिवस' के अवसर पर दिन बुधवार को एक भव्य एवं रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर विद्यालय परिसर उल्लास और उमंग से सराबोर रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या पूजा छाबड़ा एवं विद्यालय के प्रबंधक देवेन्द्र सिंह छाबड़ा द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस कार्यक्रम में कक्षा 3 से लेकर कक्षा 8 तक के विद्यार्थियों ने एकल नृत्य में बढ़-चढ़ कर भाग लिया। प्रतियोगिता को दो वर्गों कक्षा 3 से 5 एवं कक्षा 6 से 8 में आयोजित किया गया। विद्यार्थियों ने भारतीय शास्त्रीय, लोकनृत्य और आधुनिक नृत्य शैलियों में अपनी अद्भुत प्रस्तुतियाँ दीं, जिनमें कथक, भरतनाट्यम, भांगड़ा, गरबा, राजस्थानी घूमर, बॉलीवुड एवं वेस्टर्न डांस प्रमुख रहे। प्रत्येक प्रस्तुति में विद्यार्थियों की लगन, मेहनत और रचनात्मकता स्पष्ट रूप से दिखाई दी।

विद्यालय की प्रधानाचार्या पूजा छाबड़ा ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा कि "नृत्य केवल कला नहीं है, यह आत्मा की अभिव्यक्ति है और यह हमारी संस्कृति एवं भावनाओं को सुंदर रूप में प्रस्तुत करता है।"इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षकगण उपस्थित रहे और उन्होंने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का संचालन टनकपुर रोड कैंपस में साक्षी गोयल द्वारा एवं सुरभि कॉलोनी कैंपस में मीनू द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में निर्णायक मंडल द्वारा प्रतिभागियों का मूल्यांकन नृत्य प्रस्तुति, ताल, भाव-भंगिमा, मंच प्रस्तुति एवं रचनात्मकता के आधार पर किया गया तथा परिणाम भी दोनों वर्गों के अनुसार घोषित किए गए। टनकपुर रोड कैंपस में कक्षा 3 से 5 (सब-जूनियर वर्ग) में प्रथम स्थान कक्षा 3 के अर्पित एवं कक्षा 5 की अंशिका ने संयुक्त रूप से प्राप्त किया, द्वितीय स्थान कक्षा 4 की आध्या एवं कक्षा 5 की आन्या ने प्राप्त किया तथा तृतीय स्थान कक्षा 3 की मायरा एवं कक्षा 5 की युवान्या ने प्राप्त किया। कक्षा 6 से 8 (सीनियर वर्ग) में प्रथम स्थान कक्षा 7 की अनिका पांडेय एवं कक्षा 6 की आध्या अग्रवाल ने संयुक्त रूप से प्राप्त किया, द्वितीय स्थान कक्षा 7 की विनीता ने प्राप्त किया तथा तृतीय स्थान कक्षा की जारा ने प्राप्त किया।

सुरभि कॉलोनी कैंपस में आयोजित सोलो डांस प्रतियोगिता के अंतर्गत कक्षा 1 से 5 वर्ग में प्रथम स्थान कृषिका सिद्धार्थ, द्वितीय स्थान मान्या अग्रवाल एवं तृतीय स्थान अक्षिता शुक्ला ने प्राप्त किया। कक्षा 6 से 8 वर्ग में प्रथम स्थान उत्कर्ष जौहरी, द्वितीय स्थान अवनी भारती एवं जानवी ठाकुर तथा तृतीय स्थान पारिधि कपूर एवं आराध्या पांडेय ने संयुक्त रूप से प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त 'गणेश वंदना' समूह नृत्य में उत्कर्ष जौहरी, कुमकुम वर्मा, काव्या गंग. वार, अरुषी राजानी, गर्विता अग्रवाल, परी रस्तोगी, अनुष्का, कृति सिंह एवं सत्यम गंगवार ने मनमोहक प्रस्तुति दी।

# गन्ना सर्वेक्षण कार्य हेतु दिया प्रशिक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** आज बुधवार को सहकारी गन्ना विकास समिति बदायूं के प्रांगण में गन्ना विकास परिषद बदायूं के सौजन्य से गन्ना फसल सर्वेक्षण वर्ष 2026-27 हेतु 01 मई से 30 जून 2026 तक होने वाले गन्ना सर्वेक्षण कार्य हेतु, प्रशिक्षण आयोजित किया गया, प्रशिक्षण सत्र को संबोधित करते हुए जिला गन्ना अधिकारी बदायूं ने बताया कि पूर्ण पारदर्शिता ही गन्ना सर्वेक्षण का मूल आधार है,जिन कृषको के नाम राजस्व अभिलेखों में भूमि हो सिर्फ उनके ही नाम सर्वे किया जाएगा।

सर्वेक्षण कार्य भ्भ्ठ मशीन/ एंड्राइड मोबाइल से ही किया जाएगा । सर्वे के समय ही विकास कार्य अंतर्गत पेड़ी प्रबंधन,गन्ना में लगने वाले प्रमुख कीट/ रोग की पहचान , नियंत्रण के उपाय, हेतु सुझाव दिया। साथ ही साथ यह भी कहा गया कि जिस ग्राम में सर्वे प्रारंभ किया जाए उसके पौधे के साथ साथ पेड़ी का सत्यापन एक साथ किया जाए। सर्वेक्षण से पूर्व टीम की सूचना चीनी मिले तीन दिन पूर्व ही उे के माध्यम से दे दी जाए। नए सदस्यों को 30 सितंबर 2026 तक मदुनपतल.बंदमनच.पद पर बनाए। उपज बढ़ोत्तरी के आवेदन भी 30 सितंबर 2026 तक निर्धारित शुल्क लेकर कराए। प्रशिक्षण प्रदान करते हुए ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक बदायूं प्रदीप कुमार वर्मा ने कहा कि सर्वेक्षण कार्य सुबह सूर्योदय से पहले प्रारंभ करें, तेज धूप से बचाव हेतु, स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें, प्रशिक्षण प्रदान करते हुए GM केन ए . सिद्दीकी, रूपापुर,हरदोई ने सर्वेक्षण कार्य के साथ, विकास कार्य अंतर्गत गन्ना में लगने वाले प्रमुख कीट पहचान, उनके नियंत्रण पर विस्तार से बताया, चीनी मिल बदायूं के मुख्य गन्ना अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि पेड़ी सत्यापन के समय जो पेड़ी मौके पर नहीं है उसको डिलीट कर दिया जाए। प्रशिक्षण का संचालन मुकेश कुमार चौधरी ने किया। प्रशिक्षण में चीनी मिल बिसौली,बदायूं , फरीदपुर, रूपापुर, न्यौली, मंझावली, करीमगंज, राजपुरा के प्रति. निधि, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक बदायूं आदि थे।

# भीषण गर्मी में संवेदनशील पहल

**■ डीएम अविनाश सिंह ने जनता दर्शन में कराई ठंडे पानी, शीतल पेय व ओआरएस की विशेष व्यवस्था**

**■ जनसुविधा को प्राथमिकता कलेक्ट्रेट पहुंचे लोगों को मिली राहत, मानवीय दृष्टिकोण की हो रही सराहना**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** भीषण गर्मी के इस दौर में आमजन की परेशानियों को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने एक सराहनीय और संवेदनशील पहल की है। कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित जनता दर्शन में आने वाले लोगों के लिए ठंडे पानी, शीतल पेय पदार्थ और ओआरएस (ओरल रिहाइड्रेशन सॉल्यूशन) की समुि. चत व्यवस्था सुनिश्चित कराकर उन्होंने प्रशासन की जनहितकारी सोच को मजबूती से प्रस्तुत किया है।

तेज धूप और बढ़ते तापमान के बीच दूर-दराज क्षेत्रों से अपनी समस्याएं लेकर पहुंचने वाले नागरिकों को राहत देने के उद्देश्य से यह व्यवस्था कराई गई। कलेक्ट्रेट परिसर में जगह-जगह पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है, वहीं शीतल पेय पदार्थों की व्यवस्था से लोगों को तुरंत राहत मिल रही है। साथ ही ओआरएस की उपलब्धता से डिहाइड्रेशन जैसी समस्याओं से बचाव में भी मदद मिल रही है।

जिलाधिकारी अविनाश सिंह के इस कदम को आमजन में काफी सराहना मिल रही है। लोगों का कहना है कि इस भीषण गर्मी में इस तरह की व्यवस्था न केवल राहत देने वाली है, बल्कि यह प्रशासन की संवेदनशीलता और जनकल्याण के प्रति प्रतिबद्धता को भी दर्शाती है।

डीएम ने संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि इन व्यवस्थाओं की नियमित निगरानी की जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि जनता दर्शन में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति को इन सुविधाओं का लाभ सहजता से मिल सके। किसी भी प्रकार की लापरवाही पर कार्रवाई के निर्देश भी दिए गए हैं।

प्रशासन द्वारा आमजन से अपील की गई है कि वे गर्मी के मौसम में विशेष सावधानी बरतें, पर्याप्त मात्रा में पानी का सेवन करें, खाली पेट धूप में निकलने से बचें तथा आवश्यकता पड़ने पर ओआरएस का उपयोग करें। साथ ही बुजुर्गों और बच्चों का विशेष ध्यान रखने की सलाह भी दी गई है।

इस पहल से स्पष्ट है कि जनपद प्रशासन न केवल समस्याओं के समाधान के लिए तत्पर है, बल्कि नागरिकों की सुविधा और स्वास्थ्य को भी प्राथमिकता दे रहा है, जो एक सकारात्मक और भरोसेमंद प्रशासनिक व्यवस्था का संकेत है।

# प्रधानमंत्री ने राष्ट्र को समर्पित किया गंगा एक्सप्रेसवे

**■ बदायूं के विकास में मील का पत्थर साबित होगा गंगा एक्सप्रेसवेः केंद्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बदायूं।** प्रधानमंत्री भारत सरकार नरेंद्र मोदी ने बुधवार को जनपद हरदोई में आयोजित कार्यक्रम में मेरठ से प्रयागराज तक बनाए गए गंगा एक्सप्रेसवे का लोकार्पण कर राष्ट्र को समर्पित किया। इस वसर पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश सरकार के विभिन्न मंत्री, अधिकारी व आमजन मौजूद रहे। वहीं जनपद बदायूं के घटपुरी बिनावर इंटरचेंज के समीप आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ केंद्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा व जनप्रतिनिधियों ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्वलन कर किया। केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि बदायूं के विकास में गंगा एक्सप्रेसवे मील का पत्थर साबित होगा।

कार्यक्रम के दौरान जनपद हरदोई में माननीय प्रधानमंत्री जी के कार्यक्रम का संजीव प्रसारण दिखाया गया, जिसे जनप्रतिनिधियों व आमजन ने देखा। उल्लेखनीय है कि गंगा एक्सप्रेसवे का माननीय प्रधानमंत्री ने दिसंबर 2021 में शिलान्यास किया था और एक्सप्रेसवे को तय समयसीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया गया है और बुधवार को प्रधानमंत्री ने इसका लोकार्पण कर एक्सप्रेसवे को राष्ट्र को समर्पित किया। प्रदेश के जनपद मेरठ से प्रारंभ होकर प्रयागराज तक कुल 12 जनपदों से गुजरने वाले 594 किलोमीटर लंबे इस एक्सप्रेसवे की कुल लागत 36230 करोड रुपए है।

बदायूं में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री बी एल वर्मा ने कहा कि आजादी के बाद से जितने विकास कार्य 60 सालों में नहीं हुई, उससे ज्यादा विकास कार्य डबल इंजन की सरकार में हुए हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के कार्यकाल में विभिन्न एक्सप्रेसवे, फ्लाओवर अन्य विकास कार्य हुए है, जिसका सीधा लाभ आम जनता तक पहुंचा है। उन्होंने कहा कि पहले प्रधानमंत्री ने 2 करोड़ दीदीओ को लखपति बनाने का लक्ष्य रखा था। वर्तमान में दो करोड़ 70 लाख दीदीया लखपति हैं, अब प्रधानमंत्री ने स्वयं सहायता समूह की 6 करोड़ दीदीओ को लखपति बनाने का लक्ष्य रखा है, जिस पर कार्य किया जा रहा है।

केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि गंगा एक्सप्रेसवे बन जाने से लखनऊ व दिल्ली की दूरी कम हुई है, अब कम समय में वहां पहुंचा जा सकेगा। उनका की गंगा एक्सप्रेसवे बन जाने से पूर्वी उत्तर प्रदेश व पश्चिम उत्तर प्रदेश की बीच की दूरी कम हुई है, इससे व्यापार बढ़ेगा, रोजगार सृजन होगा, किसानों को लाभ होगा व आमजन को भी इसका सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार जो कहती है वह पूरा करके दिखाती है। उन्होंने कहा कि गंगा एक्सप्रेसवे देश का सबसे लंबा एक्सप्रेसवे है।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार गरीबों, महिलाओं, पिछड़ों, युवाओं व किसानों को ध्यान में रखकर कार्य करती है तथा सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास, सबका विश्वास को ध्यान में रखकर कार्य करती है और विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचा रही है साथ ही निशुल्क राशन भी उपलब्ध कराया जा रहा है।

भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने कहा कि प्रदेश के 12 जनपदों से होकर गुजरने वाला गंगा एक्सप्रेसवे बदायूं के लिए वरदान साबित होगा। उन्होंने कहा कि पूर्व में बदायूं की गिनती पिछडे जनपद के रूप में होती थी लेकिन एक्सप्रेसवे व अन्य विकास कार्य होने से बदायूं प्रदेश के विकास में केंद्र पर होगा। उन्होंने कहा कि जनपद में इस एक्सप्रेसवे के समीप दो औद्योगिक पार्क (गलियारें) भी बनाए जा रहे हैं जिसमें एक घटपुरी बिनावर इंटरचेंज पर व दूसरा डहरपुर दातागंज के समीप बनाया जा रहा है, यहां विभिन्न औद्योगिक गतिविधियां व कारखाने स्थापित होंगे, इससे रोजगार सृजन होगा तथा युवाओं को इसका सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि बदायूं विकास के नए आयाम स्थापित करेगा। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश को अब एक्सप्रेसवे प्रदेश के रूप में जाना जाता है तथा गंगा एक्सप्रेसवे बन जाने से करीब 60 प्रतिशत एक्सप्रेसवे उत्तर प्रदेश में ही होंगे, यह गौरव की बात है।

विधान परिषद सदस्य वागिश पाठक ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार ने विभिन्न विकास कार्य किए हैं जिसका सीधा लाभ आमजन तक पहुंचा है। इस अवसर पर जिलाधिकारी अवनीश राय, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा, अपर जिलाधिकारी प्रशासन अरुण कुमार, वित्त वैभव शर्मा, सहायक निदेशक सूचना आशुतोष चंदोला, विभिन्न विभागों के अधिकारी, पार्टी पदाधिकारी व आमजन आदि मौजूद रहे।

# धामपुर में महिलाओं ने पुतला फूंका

## संसद में महिला आरक्षण के पक्ष में वोट न देने पर जताया आक्रोश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** सुमंगलम फार्म हाउस में भारतीय जनता पार्टी के बैनर तले जन आक्रोश महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया।

सम्मेलन में विधायक अशोक राणा ने कहा कि विपक्षी दलों के कारण महिलाओं को मिलने वाले आरक्षण में बाधा उत्पन्न हो रही है और इसके लागू होने में अनावश्यक देरी हो रही है। उन्होंने केंद्र सरकार की विभिन्न महिला कल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए महिलाओं को जागरूक रहने का आह्वान किया। भाजपा जिला अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान बॉबी ने कहा कि संगठन में महिलाओं को विशेष महत्व दिया जा रहा है और पार्टी उन्हें 33 प्रतिशत आरक्षण दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री रश्मि शर्मा रावल ने कहा कि विपक्ष के षड्यंत्र के चलते संसद में नारी शक्ति वंदन बिल पारित नहीं हो सका। जिसके विरोध में महिलाओं को सड़कों पर उतरना चाहिए।

कार्यक्रम प्रभारी एवं महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष योजना गुप्ता के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में जिला मंत्री मिथिलेश सिंह, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष महेंद्र धनौरिया, ग्राम प्रधान संगठन की अध्यक्ष संध्या चौधरी सहित कई वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संच. ालन भाजपा नगर अध्यक्ष दीपक अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजू गुप्ता, डॉ. एनपी सिंह, डॉ. विनीत देवरा, जितेंद्र गोयल, सरदार सतमीत सिंह मनी, सरदार जसप्रीत सिंह रॉकी, सुमित माहेश्वरी, मलखान सिंह, दीप सौरभ सिंह पाथ, अनिल कुमार, सीमा शर्मा, सोनिका अग्रवाल, ज्योति, शीला देवी, सुमन देवी, आशा रानी, वैशाली, संतोष, ममता सैनी, रितिका अग्रवाल सहित अनेक महिलाएं मौजूद रहीं। सम्मेलन के बाद रैली निक. ाली गई, जो पुलिस सुरक्षा में नगीना चौराहे तक पहुंची। जहां अखिलेश यादव व राहुल गांधी का पुतला दहन किया गया।

# रोडवेज बस-ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** जलालाबाद में बीती रात करीब दो बजे एक रोडवेज बस और ट्रैक्टर-ट्रॉली की आमने-सामने की टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में बस चालक, परिचालक, ट्रैक्टर चालक और कई यात्रियों सहित आधा दर्जन से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

बिजनौर से आ रही रोडवेज बस की टक्कर सामने से गलत दिशा से आ रही ट्रैक्टर-ट्रॉली संख्या यूके 17 डी 2358 से हुई। ट्रैक्टर-ट्रॉली में भैंस के बच्चे भरे हुए थे। घायलों को तत्काल पुलिस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र समीपुर भेजा गया। नजीबाबाद थाना प्रभारी अमित कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि सभी घायलों का उपचार जारी है। मामले में अभी तक कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। घायलों में नगीना निवासी अनिल कुमार पुत्र

### आधा दर्जन से अधिक गंभीर रूप से घायल

प्रताप सिंह, कोतवाली देहात निवासी बस चालक सुमित कुमार पुत्र तेजपाल, कोटद्वार गढ़वाल निवासी संतोषी रावत पत्नी अरविंद रावत, पावोक गढ़वाल निवासी धर्मेंद्र पुत्र करण सिंह, कोटद्वार गढ़वाल निवासी संदीप नेगी पुत्र दलबीर सिंह, कोटद्वार गढ़वाल निवासी नसीम पुत्र नाजिम, पवोक गढ़वाल निवासी बलवंत सिंह पुत्र कल्याण सिंह, सतपुली निवासी रोशन जोयल पुत्र श्याम सिंह जोयल, कनखल हरिद्वार उत्तराखंड निवासी अभिषेक तिवारी पुत्र विजेंद्र तिवारी और चमोली निवासी त्रिलोक रावत पुत्र खेम सिंह शामिल हैं।

# शुगर मिल टीम का निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** धामपुर शुगर मिल के उपाध्यक्ष श्री आशीष शर्मा एवं विभागाध्यक्ष गन्ना विकास करुण अग्रवाल ने जॉन नहटौर के अंतर्गत फतेहपुर असल, सीकरी और फुलसन्दा गांवों में बसंतकालीन गन्ना बुवाई एवं पेड़ी गन्ने की फसल का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान पेड़ी गन्ने में वाटर शूट अधिक मात्रा में पाए गए, जिस पर अधिकारियों ने संबंधित कर्मचारियों को उन्हें कटवाने के निर्देश दिए। उन्होंने किसानों को सलाह दी कि गन्ने की फसल में टॉप बोरर के प्रकोप को कम करने के लिए सीटीपीआर, कोराजन, नेटजन एवं बोलियम की ड्रैंचिंग अवश्य कराई जाए।

इस दौरान फील्ड सुपरवाइजर नृपेन्द्र कुमार भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों को अपनाने के लिए जागरूक करते हुए फसल की बेहतर देखभाल पर जोर दिया।

# भाजपा ने विपक्ष का पुतला फूंका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** भाजपा कार्यकर्ताओं और महिलाओं ने महिला आरक्षण बिल (131वां संविधान संशोधन) का समर्थन न करने पर विपक्ष के खिलाफ प्रदर्शन किया। केंद्र सरकार द्वारा लाए गए इस बिल के विरोध में भाजपा ने 'जनाक्रोश महिला पदयात्रा' निकाली और विपक्ष के रवैये को महिला विरोधी बताते हुए नारेबाजी की।

यह पदयात्रा नगर के संतोषी माता मंदिर से शुरू हुई। इसमें भाजपा महिला मोर्चा की पदाधिकारी और कई कार्यकर्ता हाथों में तख्तियां लिए हुए थे। पदयात्रा चौक बाजार से होते हुए कल्लूगंज पहुंची, जहां एक जनसभा आयोजित की गई और



### 'जनाक्रोश' पदयात्रा कर जताया विरोध

उसके बाद विपक्ष का पुतला दहन किया गया।

इस अवसर पर राज्य महिला आयोग की सदस्य संगीता जैन अग्रवाल ने विपक्ष की आलोचना की। उन्होंने कहा 33 प्रतिशत महिला आरक्षण बिल जैसे ऐतिहासिक और महत्वपूर्ण मुद्दे पर विपक्ष का अड़ियल रवैया देश की आधी आबादी के साथ अन्याय है। विपक्ष ने संशोधन प्रस्ताव को गिराकर अपनी मानसिकता स्पष्ट कर दी है, लेकिन देश की महिलाएं और भाजपा कार्यकर्ता इस अपमान को बर्दाश्त नहीं करेंगे।

प्रदर्शन के दौरान बलराज त्यागी, नगर अध्यक्ष नकुल अग्रवाल, मोनिका यादव, मनीष सैनी, सुनीता अग्रवाल, सुविधा भटनागर, गायत्री निराला, इंदु राजपूत, गीता राज, बिट्टू भटनागर, अभिषेक यादव, हार्दिक अग्रवाल और हिमांशु तायल सहित कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

पदयात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल भी तैनात किया गया था।

# विवेक विश्वविद्यालय में बीवीएससी एंड एएच कोर्स का होगा संचालन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए विवेक विश्वविद्यालय अब बैचलर ऑफ वेटरिनरी साइंस एंड एनिमल हसबेंडरी कोर्स का संचालन करेगा। अब तक उत्तर प्रदेश में यह कोर्स मुख्यत: केवल सरकारी विश्वविद्यालयों में ही संचालित होता था, उत्तर प्रदेश के अनेकों छात्र सीट्स कम होने के कारण प्रवेश से वंचित रह जाते थे। ऐसे में निजी क्षेत्र में इस कोर्स की शुरुआत प्रदेश के विद्यार्थियों के लिए एक बड़ा अवसर साबित होगी। सभी प्रवेश नीट की मेरिट के आधार पर किए जाएंगे।

इस प्रतिष्ठित कोर्स के संचालन हेतु वेटरिनरी काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा विश्वविद्यालय को अनुमति प्रदान की गई है, जो संस्थान की गुणवत्ता, संसाधनों और शैक्षणिक मानकों पर मुहर



### एमबीबीएस के बाद पशु चिकित्सक के इस कोर्स की सबसे अधिक मांग

लगाती है। चिकित्सा क्षेत्र में एमबीबीएस के बाद बीवीएससी एंड एएच कोर्स देश के सबसे अधिक मांग वाले प्रोफेशनल कोर्सेज में से एक है, जिसमें रोजगार और स्वरोजगार की व्यापक संभावनाएं उपलब्ध हैं। पशु चिकित्सक, पशुपालन, डेयरी, पोल्ट्री, अनुसंधान एवं सरकारी सेवाओं में इस कोर्स के छात्रों की लगातार बढ़ती मांग है।

विवेक विश्वविद्यालय द्वारा इस कोर्स की शुरुआत से न केवल क्षेत्र के छात्रों को अपने ही जिले में उच्च स्तरीय शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा, बल्कि यह कदम पशुपालन और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। विश्वविद्यालय कुलाधिपति अमित कुमार गोयल ने बताया कि आधुनिक इंफास्ट्रक्चर, अनुभवी फैकल्टी और व्यावहारिक प्रशिक्षण के माध्यम से छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जाएगी। प्रवेश के लिए पंजीकरण प्रारम्भ हो चुके है। यह पहल विवेक विश्वविद्यालय को शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक अग्रणी संस्थान के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# धामपुर पब्लिक स्कूल में एनसीसी चयन प्रक्रिया का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** पब्लिक स्कूल में नई छात्राओं के लिए एनसीसी चयन प्रक्रिया का आयोजन किया गया। इस चयन में बड़ी संख्या में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

यह चयन टीम 9 यूपी गर्ल्स बटालियन एनसीसी मुरादाबाद से विद्यालय में पहुंची थी। चयन प्रक्रिया के अंतर्गत छात्राओं की शारीरिक दक्षता लिखित परीक्षा, ऊंचाई एवं वजन का परीक्षण किया गया। सभी छात्राओं ने अनुशासन, आत्मविश्वास और उत्साह के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

इस चयन प्रक्रिया को सफल बनाने में सेकेंड ऑफिसर कंचन रानी का विशेष योगदान रहा। चयन के लिए आए सुबेदार विकास कुमार एवं हवलदार चंदर पाल सिंह ने पूरी प्रक्रिया को




### छात्राओं ने अनुशासन, आत्मविश्वास और उत्साह के साथ प्रतिभा का किया प्रदर्शन

निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराया।

इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती बबीता गुप्ता ने छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि एनसीसी न केवल अनुशासन और नेतृत्व क्षमता विकसित करता है, बल्कि यह देश सेवा की भावना को भी मजबूत बनाता है। उन्होंने चयनित छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इस चयन प्रक्रिया के माध्यम से योग्य छात्राओं का चयन किया गया। जो आगे चलकर एनसीसी की विभिन्न गतिविधियों में भाग लेंगी।

# भजनों के माध्यम से बाबा बजरंगबली का गुणगान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** सात बार सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। उसके बाद भजनों के माध्यम से बजरंगबली बाबा का गुणगान किया गया।

कालागढ़ रोड स्थित भारतीय स्टेट बैंक वाली गली में स्थित डॉ. एके सक्सेना के आवास पर श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल द्वारा हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। उसके बाद भजनों के माध्यम से बजरंगबली बाबा का गुणगान किया गया। भजन मां अंजनी के लाल तेरी नहीं कोई मिसाल, बालाजी तेरा नाम मोहे अच्छा लगे रे। यह भजन सबको खूब पसंद आया। सब ने तालियां बजा कर उत्साहवर्धन किया। अंत में आयोजक परिवार को राम दरबार का चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया। आयोजक परिवार में डॉ. एके सक्सेना, नीलम सक्सेना रवि मोहन भटनागर, डॉ. करिश्मा सक्सेना, डॉ. कुशाग्र सक्सेना, नितिन सक्सेना, प्रणव सक्सेना, वेदांत सक्सेना, रूदांश सक्सेना आदि शामिल रहे। श्रीमद् हनुमत भक्ति विचार मंडल के अध्यक्ष अरुण अग्रवाल श्रीश्री 108 महामंडलेश्वर आचार्य डॉक्टर दिनेश चंद्र भारद्वाज, महंत राहुल अग्रवाल, मनोज रस्तौगी राम प्रकाश वर्मा, प्रीतम सैनी, नरेश वत्स, नंदकिशोर रस्तौगी, संदीप भारद्वाज, निखिल अरोड़ा आदि शामिल रहे। अंत में बालाजी की आरती कर प्रसाद वितरित किया गया। सब ने प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ उठाया।

# रोडवेज बस की टक्कर से टैम्पू पलटा, चालक घायल

**शेरकोट।** ग्राम खुराड़ा निवासी छत्रपाल पुत्र रामसिंह अपने खाली मालवाहक टैम्पो से धामपुर से शेरकोट की ओर जा रहा था। जैसे ही वह बस स्टॉप के पास पहुंचा, तो पीछे से आ रही तेज रफ्तार रोडवेज बस ने उसे साइड मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि टैम्पो अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। हादसे में चालक छत्रपाल घायल हो गया और मौके पर ही दर्द से कराहने लगा। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत उसकी मदद की और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को एंबुलेंस के जरिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। जहां उसका इलाज जारी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बस चालक की लापरवाही और तेज रफ्तार इस हादसे का मुख्य कारण मानी जा रही है।

# अवैध कब्जे की शिकायत पर कार्रवाई

### राजस्व विभाग की टीम ने की भूमि की पैमाइश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** चामुंडा देवी मंदिर की भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत के बाद राजस्व विभाग की टीम ने आज मौके पर पहुंचकर पैमाइश की। यह कार्यवाही चामुंडा देवी मंदिर ट्रस्ट की शिकायत पर की गई।

प्राप्त समाचार के अनुसार पीर की चुंगी के पास स्थित चामुंडा देवी मंदिर ट्रस्ट ने मंदिर की जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायत दर्ज कराई थी। ट्रस्ट के अध्यक्ष चेतराम सिंह के अनुसार मंदिर की कुछ भूमि पर अवैध रूप से निर्माण व



कब्जे का प्रयास किया जा रहा है। शिकायत का संज्ञान लेते हुए राजस्व विभाग की एक टीम दोपहर करीब तीन बजे मौके पर पहुंची।

टीम में कानूनगो ओमवीर सिंह, हल्का लेखपाल ब्रह्म सिंह रवि आदि शामिल थे। टीम ने विवादित स्थल का निरीक्षण किया और फीते से पूरी जमीन की पैमाइश की।

इस दौरान मौके पर काफी भीड़ जमा रही और अधिकारियों ने संबंधित पक्षों से जानकारी भी जुटाई। कानूनगो ओमवीर सिंह ने बताया कि पैमाइश कर ली गई है। इसकी रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेजी जाएगी।

## एक नजर

### सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा



**स्योहारा।** नगर क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से थाना स्योहारा पुलिस द्वारा थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च के माध्यम से पुलिस प्रशासन ने आमजन में सुरक्षा का भरोसा मजबूत करने के साथ-साथ असामाजिक तत्वों को सख्त संदेश दिया। फ्लैग मार्च नगर के प्रमुख बाजारों मुख्य मार्गों एवं संवेदनशील क्षेत्रों से होकर गुजरा। इस दौरान पुलिस बल ने पैदल मार्च करते हुए लोगों से संवाद स्थापित किया तथा नागरिकों से शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील की। थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने कहा कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की प्राथमिकता है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि नगर में शांति भंग करने या कानून व्यवस्था बिगाड़ने का प्रयास करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। फ्लैग मार्च के दौरान बाजारों में सुरक्षा व्यवस्था का भी जायजा लिया गया, जिससे आमजन में सुरक्षा की भावना और मजबूत होती दिखाई दी। फ्लैग मार्च के चलते नगर में पुलिस की सक्रियता साफ नजर आई और लोगों ने पुलिस की इस पहल की सराहना की।

### आवारा कुत्तों का बढ़ता आतंक



**स्योहारा।** नगर के गुरुद्वारे के आसपास इन दिनों आवारा कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है, जिससे क्षेत्रवासियों में भय और चिंता का माहौल बना हुआ है। आए दिन राहगीरों और विशेष रूप से स्कूल आने-जाने वाले मासूम बच्चों पर कुत्तों के झुंड द्वारा हमला किए जाने की घटनाएं सामने आ रही हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि जिन परिवारों के छोटे-छोटे बच्चे हैं। वे सबसे ज्यादा परेशान हैं। अभिभावकों को हर समय यह डर बना रहता है कि कब रास्ते से गुजरते समय आवारा कुत्ते हमला कर दें और उनका बच्चा किसी हादसे का शिकार हो जाए। इसी वजह से बच्चे डर के माहौल में स्कूल आने-जाने को मजबूर हैं। हाल ही में हुई एक घटना सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुई, जिसमें स्कूल से लौट रहे बच्चों की ओर कुत्तों ने दौड़ लगा दी। आसपास मौजूद लोगों की सतर्कता से बच्चों को सुरक्षित बचा लिया गया, जिससे बड़ा हादसा टल गया घटनाओं के बाद मोहल्लेवासियों में चिंता बढ़ गई है। लोगों ने नगर पालिका प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द अभियान चलाकर आवारा कुत्तों को पकड़ा जाए और क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि आम नागरिकों और बच्चों को राहत मिल सके।

### तेज धूप व लू ने बढ़ाई मुश्किलें



**स्योहारा।** क्षेत्र में पड़ रही भीषण गर्मी और तेज धूप से जनजीवन प्रभावित होने लगा है। बढ़ते तापमान और लू के खतरे को देखते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ. बी.के. स्नेही ने शासन से प्राप्त एडवाइजरी जारी कर लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। बुधवार को सुबह मौसम में हल्का बदलाव रहा, लेकिन दोपहर में तेज धूप और गर्म हवाओं ने लोगों को परेशान कर दिया। बाजारों व सड़कों पर लोग छाता और गमछा लेकर निकलते नजर आए। स्कूल से लौटते बच्चे भी धूप से बचाव करते दिखाई दिए। मौसम विभाग के अनुसार मई माह में तापमान 44 से 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने तथा लू चलने की संभावना है। डॉ. बी.के. स्नेही ने बताया कि लू से बचने के लिए अधिक पानी पिएं, हल्के सूती कपड़े पहनें, धूप में निकलते समय छाता या सिर ढककर निकलें तथा बासी भोजन से बचें, लू के लक्षण दिखाई देने पर व्यक्ति को तुरंत छांव में ले जाकर ठंडा करें और चिकित्सकीय परामर्श लें। उन्होंने बताया कि सीएचसी स्योहारा में हीट वेव से प्रभावित मरीजों के उपचार हेतु पांच बेड आरक्षित किए गए हैं। साथ ही जनता से अपील की कि शासन की एडवाइजरी का पालन करें और किसी भी स्वास्थ्य समस्या होने पर तुरंत अस्पताल पहुंचकर उपचार लें।

### कृष्णा का परीक्षाफल घोषित



**बिजनौर।** एमजेपी रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय बरेली द्वारा एमएससी तृतीय सेमेस्टर गृह विज्ञान फूड एण्ड न्यूट्रिशियन के घोषित परिणाम में कृष्णा कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड इन्फोंमेशन टैक्नोलॉजी की छात्राओं का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। एमएससी तृतीय सेमेस्टर गृह विज्ञान फूड एण्ड न्यूट्रिशियन की छात्रा प्राची ने 8.23 एसजीपीए प्रथम, आंचल ने 7.92 एसजीपीए द्वितीय तथा स्वाति ने 7.54 एसजीपीए प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय परिवार इन सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करता हैं। कृष्णा कॉलेज के प्रबन्धक मनोज कुमार ने सभी उत्तीर्ण छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि कृष्णा कॉलेज का परिणाम सदैव ही अत्युत्त्म रहा है। हमारा निरन्तर यही प्रयास रहता है कि छात्राओं को कॉलेज में आधुनिक व शैक्षिक वातावरण मिले। जिससे कि वह प्रोफेशनल एजुकेशन को बेहतर रुप से समझ सकें। कॉलेज के संस्थापक निद. ेशक राजीव कुमार, प्रबन्धक मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, कॉलेज प्राचार्या डॉ. सीमा शर्मा तथा गृह विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ. शालिनी शर्मा, सहायक प्रवक्ता श्रीमती ज्योति चौहान, श्रीमती प्रीति चौहान, श्रीमती मुक्ता चौधरी, सायमा खानम ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# उत्तर प्रदेश में बीफ एक्सपोर्ट बंद कराने की अरशद वारसी अंसारी ने उठाई मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** माइनोरिटीज डेमो क्रेटिक पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ने देश में बीफ एक्सपोर्ट बंद कराने की माँग करते हुए देश के सभी राज्यों में गौपालक किसानों को सौ रूपये प्रतिदिन प्रतिगाय का मानधन उपलब्ध कराने की माँग की है। बुधवार को एम डी पी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अरशद वारसी ने महाम. हिम राष्ट्रपती महोदया, मा. प्रधानमंत्री और माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को पत्र लिखकर कहा है कि भारत में गाय सनातन धर्म का सबसे बड़ा हिस्सा है जिसका सम्मान कराया जाना अति आवश्यक है। उन्होंने खोजी पत्रकार निरंजन टकले व समाचार सूत्रों के खुलासों का जिक्र करते हुए कहा कि देश में सिद्ध हो चुका है कि अंतर्राजीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर गऊ तस्करी की जा रही है इसलिए देश और प्रदेश से होने वाले गौमांस का निर्यात रुकवाया जाए। क्योंकि भारत की अग्रणी बीफ निर्यात कंपनियां बडे पैमाने पर बीफ की आड़ में गौमांस निर्यात करा रही हैं। पत्र में देश के बड़े बड़े बीफ कारोबारीयों का उल्लेख किया गया है। साथ साथ बीफ के नाम पर क्वालिटी काउंसिल ऑफ इंडिया (QCI) i&CAS Halal Scheme के आधिकारिक संरचना के तहत बीफ निर्यात के लिये हलाल सर्टिफिकेट देने वाली जमीयत उलेमा-ए-हिन्द प्रेषित जमीयत उलेमा हलाल ट्रस्ट व हलाल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड और इतर कम्पनियां के गौमांस एक्सपोर्ट को हलाल सर्टिफिकेट देने के गोरखधंदे पर रोक लगाई जाने और बीफ निर्यात के लिये दिया गया हलाल सर्टिफिकेशन का रजिस्ट्रेशन रद्द करने की माँग की गई है।



# क्षेत्राधिकारी ने ढकिया पुलिस चौकी का किया, औचक निरिक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद।** बुधवार को सीओ देवक. ीनंदन ने शाहबाद थाना अंतर्गत ढकिया पुलिस चौकी औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान चौकी पर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रिक्रूट आरक्षी गण को सोशल मीडिया पॉलिसी, पुलिस कर्तव्य एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण की बारीकियों से विस्तारपूर्वक अवगत कराया गया। निरीक्षण के दौरान चौकी क्षेत्र में गस्त, पिकेट एवं चेकिंग व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने के निर्देश दिए गए। चौकी प्रभारी सुमित कुमार को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया कि क्षेत्र में अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाया जाए तथा पूर्व में घटित पुरानी घटनाओं के अनावरण में तेजी लाई जाए। निरीक्षण का उद्देश्य न केवल चौकी की कार्यप्रणाली का मूल्यांकन करना था, बल्कि नवनियुक्त आरक्षी गण को जमीनी स्तर पर पुलिसिंग के व्यावहा. रिक पहलुओं से जोड़ना भी था। सोशल मीडिया के जिम्मेदाराना उपयोग और पुलिस कर्तव्यों के प्रति सजगता पर विशेष बल दिया गया।




# व्यापारियों की पहल पर शासन ने हाउस टैक्स के दाम घटाएं

## उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल में हुई टैक्स पर चर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** बुधवार को उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की एक बैठक मिस्टन गंज रामपुर की एक धर्मशाला में आहूत की गई। बैठक में शासन द्वारा नगर पालिका द्वारा बढ़ाए गए हाउस टैक्स को वापस लिए जाने पर खुशी व्यक्त की। बैठक में जिला अध्यक्ष अनिल अग्रवाल ने बताया की व्यापार मंडल के अथक प्रयासों से उत्तरबप्रदेश सरकार ने नगर पालि. का द्वारा जो हाउस टैक्स बेहिसाब और कई गुना बढ़ाए थे उन पर रोक लगा दी गई है। उन्होंने कहा कि जिन्होंने बड़े हुए हाउस टैक्स जमा कर दिए हैं वह भी अपने ज्यादा जमा करे गए रुपए वापस ले सकते हैं। यह उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के लिए एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। शासन के इस निर्णय से आमजन को काफी राहत दी है। युवा जिला अध्यक्ष विपुल गुप्ता ने कहा कि हमारी कुछ मांगे राज्य सरकार से और भी हैं और हम उम्मीद करते हैं की, शासन उन मांगों का भी निस्तारण करेगा। इस मौके पर छोटेलाल रस्तोगी, नवीन भाटिया, प्रवीण मित्तल, रवि अग्रवाल, कमल किशोर रस्तोगी, मनोज रस्तोगी, राजीव आर्य, हरीश अरोड़ा, सरदार दलजीत सिंह, सरदार मिल्कीत सिंह और रमेश अग्रवाल आदि मौजूद रहे।





## किशोरी को बहला फुसलाकर ले जाने पर पिता की शिकायत पर तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद।** थाना क्षेत्र में एक 14 वर्षीय किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का मामला सामने आया है। किशोरी के पिता की तहरीर पर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कर लिया है।शिकायतकर्ता रियाजुल पुत्र अल्लाह बख्श, जो जाहिदपुर गांव के निवासी हैं, ने बताया कि 27 अप्रैल 2026 को सुबह करीब 4 बजे उनकी बेटी माहीन को भारतपुर गांव निवासी जीशान पुत्र इकरार बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। रियाजुल ने अपनी शिकायत में यह भी आरोप लगाया है कि जीशान को इस वारदात में तमकीन पुत्र इकरार, बड़ा बाई और लड़के के पिता इकरार ने भी मदद की। उन्होंने बताया कि उनकी बेटी अपने साथ एक लाख रुपये नकद भी ले गई है।पुलिस ने पिता की तहरीर के आधार पर भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अब मामले की जांच कर रही है और आरोपियों की तलाश जारी है।

## जोनल प्रतियोगिता में जलवा दिखाएंगी रामपुर की खिलाड़ी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

रामपुर। मेरठ में दो मई को होने वाली क्रिकेट प्रतियोगिता में रामपुर की खिलाड़ी भी अपना जलवा दिखाएंगी। कोच ने बताया मंडल स्तर पर अंडर 19 में होने हुई क्रिकेट प्रतियोगिता में रामपुर की प्रतीक्षा, शगुन, उजिला खां, मांनिया खन्ना और हरमन कौर का चयन हुआ है। यह खिलाड़ी मेरठ में होने वाली जोनल प्रतियोगिता में मुरादाबाद मंडल की टीम से खेलेंगी। यह प्रतियोगिता दो मई को मेरठ के भामाशाह स्टेडियम में होगी। अध्यक्ष इरफान हुसैन व सचिव बसंत सिंह बघेल ने चयनित खिलाड़ियों को बधाई दी है।

# पुलिस ने साढ़े तीन लाख रुपये के जेवर किए बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** मुरादाबाद में एक शादी समारोह में शामिल होने जा रही महिला का पर्स टांडा थाना क्षेत्र में गिर गया। जिसमें कीमती जेवर व अन्य सामान था। महिला ने पर्स को काफी तलाश किया लेकिन सुराग नहीं लगा। जिस पर पीड़िता ने टांडा थाने में रिपोर्ट दर्ज करा दी थी। पुलिस ने सीसीटीवी के जरिए महिला का पर्स और पूरा सामान बरामद कर लिया है। बरामद सामान की कीमत करीब साढ़े तीन लाख रुपये है।

टांडा पुलिस के अनुसार 27 अप्रैल को ग्राम चक गजरौला में रहने वाली एक महिला मुरादाबाद में एक शादी समारोह में शामिल होने जा रही थी। बताते हैं वह ई रिक्शा से टांडा आई। यहां पर उसका बैग गिर गया। जिसमें कीमती जेवर व अन्य सामान था। पर्स गायब होने पर महिला के होश उड़ गए। काफी खोजबीन करने के बाद भी पर्स का सुराग नहीं लगा। जिस पर पीड़िता ने टांडा थाने में रिपोर्ट दर्ज करा दी थी। इसके बाद पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी की फुटेज खंगाली। जिसके आधार पर पुलिस ने मय जेवर पर्स बरामद कर लिया। बरामद सामान की कीमत करीब साढ़े तीन लाख रुपये हैं। इसके बाद पुलिस ने महिला को बुलाकर पर्स उसके सुपुर्द कर दिया।




## रुपये न देने पर अश्लील वीडियो वायरल करने वाला गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

..........................

**रामपुर।** केमरी थाना क्षेत्र में घर में घुसकर कुछ लोगों ने महिला के साथ गैंगरेप किया और उसका अश्लील वीडियो बना लिया। बाद में वीडियो वायरल करने की धमकी देकर महिला से सोने की अंगूठी व करीब 20 हजार रुपये ले लिए। बाद में फिर रकम मांगी तो पीड़िता ने इंकार कर दिया। जिस पर आरोपियों ने उसका अश्लील वीडियो वायरल कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज होने के बाद एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। केमरी पुलिस के अनुसार इस मामले में कई आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हुई थी। जिसमें से पुलिस ने एक आरोपी केमरी निवासी अयान को बिलासपुर रोड से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी का चालान कर दिया गया है।

## विवाहिता की हत्या करने में पति व उसकी प्रेमिका दोषी

### वर्ष 2024 में स्वार कोतवाली क्षेत्र में हुई थी घटना, आज कोर्ट सुनाएगी फैसला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

रामपुर। विवाहिता की गला घोंटकर हत्या कर देने के मामले में कोर्ट ने पति व पति की प्रेमिका को दोषी करार दिया। कोर्ट इस मामले में बृहस्पतिवार को सजा सुनाएगी। हत्या का यह मामला स्वार कोतवाली क्षेत्र का है। मिलक खानम थाना क्षेत्र के नानकारैन निवासी सुखदेव सिंह की ओर से स्वार कोतवाली में 29 मार्च 24 को तहरीर दी थी,जिसमें उन्होंने कहा कि उनकी चचेरी बहन चरणजीत कौर की शादी भगवंतनगर निवासी अमरीक सिंह के साथ हुई थी। उसकी बहन के तीन बच्चे हैं। उन्होंने तहरीर अमरीक सिंह पर चरणजीत कौर की हत्या करने का आरोप लगाया था। पुलिस ने अमरीक सिंह के खिलाफ गला घोंटकर हत्या कर देने का मामला दर्ज किया था। पुलिस ने मामले की विवेचना की और विवेचना के बाद इस मामले में अमरीक सिंह के अलावा उसकी प्रेमिका मनदीप कौर के खिलाफ चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की थी। पुलिस का कहना था कि दोनों के बीच प्रेम संबंध थे। इसलिए अमरीक सिंह ने गला घोंटकर मार दिया। मनदीप कौर को षडयंत्र रचने का आरोपी बनाया गया। कोर्ट ने इस मामले की सुनवाई की। सुनवाई के दौरान अभियोजन की ओर से गवाहों को पेश किया। जबकि बचाव पक्ष की ओर से दोनों को निर्दोष बताया गया। दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद कोर्ट ने दोनों को दोषी करार दिया। एडीजीसी प्रताप सिंह मौर्य ने बताया कि इस मामले में अमरजीत सिंह व उसकी प्रेमिका मनदीप कौर को दोषी माना है। दोनों को जेल भेज दिया गया है। इस मामले में कोर्ट गुरुवार को अपना फैसला सुना सकती है।

# महिला सिपाही और उसके बेटे की हत्या के आरोप में एक और गिरफ्तार

## पुलिस ने घटना में प्रयुक्त डंपर भी किया बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** महिला सिपाही और उसके बेटे की हत्या के आरोप में गंज पुलिस ने एक अन्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसके कब्जे से डंपर भी बरामद कर लिया है। इस मामले में पुलिस महिला सिपाही के पति समेत अन्य आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

घटन 25 फरवरी को गंज कोतवाली क्षेत्र में हुई थी। बताते हैं कि मिलक कोतवाली क्षेत्र में रहने वाले दान सिंह की पत्नी लता यूपी पुलिस में थी। घटना से एक दिन पहले दान सिंह अपनी पत्नी लता व बेटे के साथ कार से नैनीताल गया था। उसके साथ में एक रिश्तेदार रवि भी था। वापसी में दान सिंह ने लता की रकम हड़पने के लिए हत्या की साजिश रची। अपने साथियों के साथ मिलकर पहले उसने पत्नी लता व बेटे लड्डू को नशीली कोल्डड्रिंक पिला दी। जब दोनों बेहोश हो गए तो दान सिंह ने गंज क्षेत्र में चाकू चौराहे वाली रोड पर खुद कार को डंपर से टक्कर मार दी। बाद में अपने साथियों को बुलाकर कार में आग लगा दी। जिससे लता और बेटे की मौत हो गई। बाद में दान सिंह ने इस हादसे का रूप दे दिया। हालांकि इस घटना के बाद पुलिस ने जब सीसीटीवी खंगाले तो हकीकत कुछ और निकली। पूरी साजिश का खुलासा होने के बाद गंज पुलिस ने पति दान सिंह, नूरहसन, सलमान,.प्रदीप यादव और रवि को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इस मामले में जांच में एक अन्य आरोपी गंज कोतवाली क्षेत्र के पक्का बाग निवासी मोहम्मद गुलफाम का नाम सामने आया था। इस पर पुलिस ने मोहम्मद गुलफाम को गिरफ्तार कर डंपर बरामद कर लिया।



### दान सिंह ने दिया था गुलफाम को डंपर

रामपुर। पूछताछ में आरोपी गुलफाम ने बताया कि महिला सिपाही और उसके बेटे की हत्या के लिए दान सिंह ने उसे डंपर दिया था। घटना के दिन वह खौद से चाकू चौक वाली रोड पर जाकर खडा हो गया । मैने डम्फर को कार के आगे-आगे चलाना शुरू किया। रास्ते में सुनसान जगह मिलने पर दान सिंह ने जानबूझ कर अपनी कार डंपर से टकरा दी। ताकि यह हत्या एक हादसा लगे। इस घटना के बाद वह शांतिभंग में जेल चला गया था। दान सिंह ने मुझे कहा था कि जेल से छूटकर डम्फर को हटाकर कही ओर खडा कर देना। इसलिये मैने डम्फर को रात में भुर्जी की मडैय्या को जाने वाले रास्ते पर जो निर्माणाधीन हाईवे बन रहा है उसी के पास खड़ा कर दिया था। पुलिस ने डंपर बरामद कर आरोपी का चालान कर दिया है।

# ट्रैक्टर ट्राली ने बाइक सवार को मारी टक्कर बाइक सवार गंभीर घायल रेफर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद।** बुधवार रात में एक ट्रैक्टर ट्रॉली ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी जिसमें बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया जिस एंबुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद लाया गया जहां पर डॉक्टरों ने घायल को प्राथमिक उपचार देकर जिला चिकित्सालय रामपुर रेफर कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार प्रदीप पुत्र रामवीर निवासी ग्राम पट्टी फाजिलाबाद अपनी बाइक द्वारा काम पर से अपने घर जा रहे थे तभी सारी इमाम के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी जिसमें प्रदीप सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया जिस एंबुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद लाया गया जहां पर डॉक्टरों ने घायल को प्राथमिक उपचार देकर हालत नाजुक देखते हुए जिला चिकित्सालय रामपुर रेफर कर दिया।



# प्रधानमंत्री ने प्रदेश के सबसे बड़े गंगा एक्सप्रेसवे का किया लोकार्पण

## प्रधानमंत्री ने दिया प्रदेश को सबसे बड़ा एक्सप्रेसवे, हापुड़ में लाइव प्रसारण देख उमड़ा उत्साह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को हरदोई से प्रदेश के सबसे बड़े गंगा एक्सप्रेसवे का लोकार्पण किया। इस अवसर पर हापुड़ जनपद के बहादुरगढ़ स्याना रोड स्थित कार्यक्रम स्थल पर लोकार्पण समारोह का सीधा प्रसारण दिखाया गया, जिसे बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, अधिका. रियों और आमजन ने देखा और सुना। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद के प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने की।

प्रधानमंत्री द्वारा बटन दबाकर मेरठ से प्रयागराज तक बनने वाले 594 किलोमीटर लंबे गंगा एक्सप्रेसवे का शुभारंभ किया गया। यह एक्सप्रेसवे मेरठ जनपद के बिजौली गांव से शुरू होकर प्रयागराज तक जाएगा और उत्तर प्रदेश का सबसे बड़ा एक्सप्रेसवे माना जा रहा है। इसके शुरू होने से पश्चिमी उत्तर प्रदेश से पूर्वांचल तक की यात्रा अब पहले की तुलना में काफी आसान और तेज हो जाएगी। प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि पहले मेरठ से प्रयागराज तक की यात्रा पूरी करने में 12 से 14 घंटे तक का समय लगता था, लेकिन गंगा एक्सप्रेसवे के शुरू होने के बाद यही दूरी अब 6 से 7 घंटे में पूरी की जा सकेगी। इससे यात्रियों को समय की बचत होगी और सफर अधिक सुरक्षित, सुगम और आरामदायक बनेगा। कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि गंगा एक्सप्रेसवे आधु. निक सुविधाओं से सुसज्जित है। इसमें सुरक्षा व्यवस्था के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, वहीं आपातकालीन परिस्थितियों और रक्षा जरूरतों को ध्यान में रखते हुए लड़ाकू विमानों की लैंडिंग के लिए एयर स्ट्रिप भी बनाई गई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश लगातार विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। कार्यक्रम के अंत में प्रभारी मंत्री ने प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह ऐतिहासिक परियोजना प्रदेश के लाखों लोगों के जीवन को आसान बनाएगी और उत्तर प्रदेश को विकास की नई दिशा देगी। इस दौरान सदर विधायक विजयपाल आढ़ती, गढ़मुक्तेश्वर विधायक हरेंद्र तेवतिया, जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा नागर, क्षेत्रीय अध्यक्ष विकास अग्रवाल, गढ़ नगर पालिका अध्यक्ष राकेश बजरंगी, पिलखुवा नगर पालिका अध्यक्ष विभु बंसल, जिलाधिकारी कविता मीणा, पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह, मुख्य विकास अधिकारी श्रुति शर्मा तथा बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे।





## गंगा में डूबे मेरठ के युवक का शव बरामद, परिवार में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** गढ़मुक्तेश्वर कोतवाली क्षेत्र के ब्रजघाट में गंगा स्नान के दौरान डूबे मेरठ निवासी 21 वर्षीय युवक का शव दो दिन बाद बुधवार को बरामद कर लिया गया। गोताखोरों ने लगातार तलाश अभियान चलाते हुए शव को ब्रजघाट से करीब एक किलोमीटर दूर गंगानगर क्षेत्र के सामने गंगा से बाहर निकाला। युवक का शव मिलने के बाद परिवार में मातम छा गया। पुलिस के अनुसार मेरठ के जागृति विहार निवासी दिव्यांश अपनी मौसी शिवांकी के साथ ब्रजघाट गंगा स्नान के लिए आया था। स्नान के दौरान अचानक उसका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी की ओर चला गया था। देखते ही देखते युवक तेज बहाव में डूब गया। सूचना मिलते ही स्थानीय गोताखोर तुरंत गंगा में उतरे और युवक की तलाश शुरू कर दी। सोमवार से लगातार सर्च अभियान चलाया जा रहा था, लेकिन पहले दो दिन तक उसका कोई पता नहीं चल सका। बुधवार को गोताखोरों ने फिर से तलाश अभियान तेज किया, जिसके बाद युवक का शव गंगानगर के सामने गंगा में दिखाई दिया। काफी मशक्कत के बाद शव को बाहर निकाला गया। सूचना मिलते ही परिजन भी मौके पर पहुंच गए। बेटे का शव देखते ही परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। कोतवाली प्रभारी देवेंद्र बिष्ट ने बताया कि युवक के गंगा में डूबने की सूचना के बाद पुलिस और गोताखोरों की टीम लगातार तलाश में जुटी थी। बुधवार को शव बरामद कर लिया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# साइबर फ्रॉड पर पुलिस का बड़ा प्रहार, ठगों के 129 खाते किए सीज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** साइबर अपराधों की रोकथाम, आर्थिक धोखाधड़ी के मामलों में त्वरित कार्रवाई और पीड़ितों को शीघ्र राहत दिलाने के उद्देश्य से मेरठ परिक्षेत्र में लगातार प्रभावी अभियान चलाया जा रहा है।

पुलिस उपमहानिरीक्षक मेरठ परिक्षेत्र कलानिधि नैथानी के निर्देशन में एक जनवरी 2026 से 15 अप्रैल 2026 तक साइबर अपराधों के विरुद्ध व्यापक कार्रवाई की गई, जिसमें हापुड़ जनपद में भी उल्लेखनीय कार्य हुआ। समीक्षा के दौरान बताया गया कि राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर दर्ज शिकायतों के आधार पर हापुड़ में 180 मोबाइल नंबर बंद कराए गए, जबकि 196 आईएमईआई नंबर भी ब्लॉक किए गए। इसके अलावा साइबर ठगी में प्रयुक्त 129 म्यूल बैंक खातों को डेबिट फीज कराया गया, ताकि ठगी की रकम को रोका जा सके और पीड़ितों को राहत मिल सके। पांच लाख रुपये या उससे अधिक धनराशि से जुड़े मामलों में हापुड़ में पांच प्राथमिकी दर्ज की गईं। वहीं राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर दर्ज कुल 285 शिकायतों का निस्तारण किया गया। आमजन को जागरूक करने के लिए जनपद में 113 साइबर जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। मेरठ परिक्षेत्र के चार जनपदों मेरठ, बुलंदशहर, बागपत और हापुड़ में कुल 1962 मोबाइल नंबर बंद किए गए, 4106 आईएमईआई नंबर ब्लॉक हुए, 960 म्यूल बैंक खातों को डेबिट फीज कराया गया तथा 3426 शिकायतों का निस्तारण किया गया। साथ ही 1310 साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को ऑनलाइन ठगी से बचने के उपाय बताए गए। पुलिस उपमहानिरीक्षक कलानिधि नैथानी ने सभी थाना प्रभारियों और साइबर सेल को निर्देश दिए हैं कि राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर प्राप्त प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। थानों पर आने वाले लोगों को साइबर ठगी से बचाव के उपाय बताए जाएं और हेल्पलाइन नंबर 1930 का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार किया जाए। डीआईजी ने बताया कि कोई भी नागरिक साइबर ठगी का शिकार होने पर राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल या हेल्पलाइन नंबर 1930 के माध्यम से तुरंत शिकायत दर्ज करा सकता है।



## बैसाख पूर्णिमा पर स्नान-दान का महापुण्य, 1 मई को विशेष संयोग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नृसिंह जयंती एवं मां छिन्नमस्ता जयंती 30 अप्रैल गुरुवार को रवि योग में मनाई जाएगी, जबकि बैसाख पूर्णिमा, बुद्ध पूर्णिमा, कूर्म जयंती और ऋषि भृगु जयंती 1 मई शुक्रवार को सिद्धि योग में श्रद्धा और विधि-विधान के साथ मनाई जाएगी। भारतीय ज्योतिष कर्मकांड महासभा के अध्यक्ष ज्योतिर्विद पंडित के.सी. पाण्डेय काशी वाले ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि स्कंदपुराण के अनुसार बैसाख पूर्णिमा का विशेष धार्मिक महत्व है। पूर्णिमा तिथि 30 अप्रैल की रात्रि 9 बजकर 12 मिनट से प्रारंभ होकर 1 मई की देर रात्रि 10 बजकर 52 मिनट तक रहेगी। पंडित के.सी. पाण्डेय ने बताया कि भविष्य पुराण में उल्लेख है कि बैसाख पूर्णिमा के दिन गंगा या किसी पवित्र नदी में स्नान करने के बाद योग्य ब्राह्मण को दान अवश्य करना चाहिए। इस दिन सोना, तिल, मधु, घी, भोजन, जल और जलपात्र का दान अत्यंत शुभ माना गया है। बौद्ध धर्म के अनुयायियों के लिए यह दिन विशेष आस्था और श्रद्धा का पर्व है। इसके साथ ही इसी दिन ज्योतिष फलादेश के प्रमुख ग्रंथ भृगु संहिता के रचयिता महर्षि भृगु की जयंती भी मनाई जाती है।



# सर्वहितकारी इंटर कॉलेज में स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम

## टीबी और संचारी रोगों से बचाव के बताए उपाय, छात्रों को स्वच्छता का दिया संदेश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** क्षेत्र के सर्वहितकारी इंटर कॉलेज मसवासी में बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मसवासी की ओर से एक विशेष स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में टीबी इंचार्ज डॉ. जितेन्द्र चौधरी ने छात्र-छात्राओं को टीबी जैसी गंभीर बीमारी के लक्षण, उपचार और उससे बचाव के तरीकों की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही उन्होंने संचारी रोगों के बढ़ते खतरे को देखते हुए स्वच्छता अपनाने और आसपास साफ-सफाई रखने का संदेश दिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. जितेन्द्र चौधरी ने कहा कि टीबी एक गंभीर लेकिन पूरी तरह इलाज योग्य बीमारी है। यदि किसी व्यक्ति को लगातार एक सप्ताह या उससे अधिक समय तक खांसी बनी रहती है, शरीर में कमजोरी महसूस होती है, बुखार आता है या वजन तेजी से कम हो रहा है तो ऐसे लक्षणों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि समय रहते जांच कराने से बीमारी पर आसानी से नियंत्रण पाया जा सकता है और साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर इसका निःशुल्क इलाज उपलब्ध है। उन्होंने छात्रों को संचारी रोगों के बारे में जागरूक करते हुए बताया कि बरसात और गर्मी के मौसम में मच्छरों से फैलने वाली बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। डेंगू, मलेरिया और अन्य संक्रमण से बचाव के लिए घर और आसपास पानी जमा नहीं होने देना चाहिए। पुराने टायर, टूटे बर्तन, गड्ढे, कूलर और गमले मच्छरों के पनपने का सबसे बड़ा कारण बनते हैं। उन्होंने छात्रों से अपील की कि वे अपने परिवार और आसपास के लोगों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करें।

विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. अजय प्रकाश दीक्षित ने कार्यक्रम में पहुंचे स्वास्थ्य विभाग की टीम का स्वागत करते हुए कहा कि इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम छात्रों के लिए बेहद उपयोगी साबित होते हैं। उन्होंने कहा कि आज के समय में स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहना बहुत जरूरी है और छात्र समाज में जागरूकता फैलाने की महत्वपूर्ण कड़ी बन सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वे यहां मिली जानकारी को अपने घरों और मोहल्लों तक पहुंचाएं ताकि अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हो सकें। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने भी स्वास्थ्य संबंधी प्रश्न पूछे, जिनका विशेषज्ञों द्वारा विस्तार से जवाब दिया गया। कार्यक्रम में धर्मपाल सिंह, योगेश चंद्र परगाई, विजय यादव, प्रदीप सिंह, उमंग चंद्रा सहित विद्यालय स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद।

# पांचवी बार निर्विरोध जिलाध्यक्ष बनें डॉ. राजवीर सिंह

## अंजुम स्नेही को चुना गया जिला महामंत्री, अधिकारियों ने दी बधाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** बुधवार को उत्तर प्रदेश जूनियर हाईस्कूल व माध्यमिक शिक्षक संघ का त्रिवार्षिक चुनाव संपन्न हुआ। जिसमें पांचवी बार डॉ. राजवीर सिंह को निर्विरोध जिलाध्यक्ष चुना गया। जबकि चौथी बार अंजुम स्नेही को जिला महामंत्री चुना गया। रिजल्ट घोषित होने के बाद बीएसए व शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारियों ने दोनों को बधाई दी। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने कहा कि वह पहले की तहर की शिक्षकों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाते रहेंगे।

शिवापुरम स्थित लीना लॉन में चुनाव का आयोजन किया गया। चुनाव अधिकारी अमीर जहां तुर्की, दीपक कुमार, सुभाषचंद्र की मौजूदगी में चुनाव प्रक्रिया शुरू हुई। 11.30 बजे नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ हुई। जिलाध्यक्ष पद के लिए डॉ राजवीर सिंह सहायक अध्यापक उच्च प्राथमिक विद्यालय कन्या टांडा कंपोजिट ब्लॉक स्वार और सुरेंद्र पाल सिंह यादव सहायक अध्यापक उच्च विद्यालय मिश्री नगर जनूबी ब्लॉक चमरौवा ने नामांकन किया। जबकि जिला महामंत्री पद के लिए डॉ. अंजुम स्नेही सक्सेना सहायक अध्यापक मिलक निब्बी ब्लॉक चमरौआ और हिमदीप जी प्रधानाध्यापक उच्च प्राथमिक विद्यालय टांडा ब्लॉक स्वार ने नामांकन कराया। तय समय तक केवल इतने ही दावेदारों ने नामांकन किया। नाम वापसी के दौरन सुरेंद्र पाल सिंह यादव ने लिखित सहमति से बिना किसी दवाब के अपना नामांकन पत्र डॉ. राजवीर सिंह के पक्ष में वापस ले लिया। डॉ. अंजुम स्नेही सक्सेना के पक्ष में हिमदीप सिंह जी ने अपना नामांकन पत्र वापस ले लिया। इसके बाद चुनाव अधिकारियों ने डॉ. राजवीर सिंह को पांचवीं बार सर्व सहसमिति से निर्विरोध जिला अध्यक्ष और डॉ. अंजुम स्नेही सक्सेना को सर्व सहसमिति से चौथी बार निर्विरोध जिला महामंत्री पद पर विजेता घोषित कर दिया। परिणाम आने के बाद शिक्षकों ने दोनों पदाधिकारियों का फूल-माला पहनाकर स्वागत किया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने कहा कि वह पहले की तरह की शिक्षकों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाते रहेंगे। इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेश त्यागी जी ने टीईटी की अनिवार्यता के खिलाफ मजबूती से एक जुट होने की बात कही। बीएसए कल्पना देवी ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी। प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष कैलाश पटेल, जिला मंत्री श्री आनंद प्रकाश गुप्ता समेत अनीता प्रकाश, हेमलता सिंह, रामचंद्र सिंह, दिलशाद वारसी, कमर इशाक जव्वाद, मुस्तफा अली, सुभाष पाण्डेय, अरविन्द गंगवार, विनोद कुमार, उमेश पाल सिंह, मनोज कुमार, दर्पण गौतम, मुजाहिद खान, चिंतामणि गंगवार, सुरेंद्र सिंह, सुषमा रानी, सविता रानी, एकता गुप्ता, शिखा सक्सेना प्रीति रानी, होरी लाल राजपूत, श्रृष्टि सिंह, कमलेश लता अनुराधा मौर्या और रेखा सिंह आदि मौजूद रहे।

# विपक्ष के खिलाफ भाजपा महिला मोर्चा का आक्रोश, फूंका पुतला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की नगर अध्यक्ष रेनू श्रीवास्तव के नेतृत्व में दर्जनों महिलाओं ने बुधवार को विपक्ष के विरुद्ध जोरदार प्रदर्शन किया गया। महिला कार्यकर्ताओं ने विपक्ष का प्रतीकात्मक पुतला फूंककर अपना तीव्र आक्रोश व्यक्त किया। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में भाजपा महिला कार्यकर्ताएं शामिल रहीं। प्रदर्शन के दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व अध्यक्ष मंडी समिति शाहबाद सुरेश बाबू गुप्ता ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि विपक्ष ने हमेशा महिलाओं के साथ अन्याय किया है और उनके राजनैतिक अधिकारों को कुचलने का काम किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष कभी नहीं चाहता कि महिलाएं राजनीति में आगे आएं और अपनी सशक्त भूमिका निभाएं।सुरेश बाबू गुप्ता ने विपक्ष पर महिला आरक्षण बिल का विरोध करने का आरोप लगाते हुए कहा कि विपक्ष ने संसद में इस ऐतिहासिक विधेयक को गिराने का काम किया, जो देश की करोड़ों महिलाओं के साथ घोर विश्वासघात है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि भारत की महिला शक्ति विपक्ष के इस कृत्य को कभी माफ नहीं करेगी।प्रदर्शनकारियों ने एकजुट होकर यह संकल्प लिया कि महिलाओं के अधिकारों पर कुठाराघात करने वाले विपक्ष को जनता सबक सिखाएगी। इस विरोध प्रदर्शन में प्रदर्शन महिला मोर्चा की नगर अध्यक्ष रेनू श्रीवास्तव, पूर्व जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा मंजू लता शर्मा, पूर्व जिला महामंत्री महिला मोर्चा माधुरी सक्सेना एडवोकेट, पूर्व अध्यक्ष मंडी समिति शाहबाद सुरेश बाबू गुप्ता, नगर मंडल अध्यक्ष ठाकुर नरेंद्र सिंह, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष महेश चंद्रवंशी, पूर्व नगर महामंत्री शाहबाद रामगोपाल मिश्रा, रोहित बरनवाल एडवोकेट सहित बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ताएं उपस्थित रहीं।

# भगवान परशुराम एक महान योद्धा और धर्म के रक्षक थे: आकाश सक्सेना

## सिविल लाइंस स्थित परशुराम चौक का हुआ उद्घाटन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** सिविल लाइंस स्थित भगवान परशुराम चौक का बुधवार को विधि-विधान से सदर विधायक आक. ाश सक्सेना ने उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम एक महान योद्धा और धर्म के रक्षक थे। हम सभी को उनके बताए मार्ग पर आदर्शो पर चलना चाहिए।

उद्घाटन के मौके पर अखिल भारत वर्षीय ब्राह्मण महासभा ने एक कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष त्रिभुवन शर्मा, राष्ट्रीय मंत्री मुनीश चंद्र शर्मा और जिलाध्यक्ष सौरभ पाठक व सदर भाजपा विधायक आकाश सक्सेना मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। सबसे पहले पंडित अंकुर शर्मा, कौशल मिश्रा व अतुल मिश्रा ने वैदिक मंत्रोच्चारण कर भगवान परशुराम का पूजन किया। जिला महामंत्री अभिषेक शर्मा ने सभी अतिथियों का तिलक लगाकर और पटका पहनाकर अभिनंदन किया। इसके बाद सदर विधायक ने चौक का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंन कहा कि भगवान परशुराम एक महान योद्धा और धर्म के रक्षक थे। उन्होंने समाज में व्याप्त बुराइयों के खिलाफ संघर्ष किया और धर्म की स्थापना की। उन्होंने कहा कि आज हमें भगवान परशुराम के जीवन से प्रेरणा लेने की जरूरत है और समाज में व्याप्त बुराइयों के खिलाफ खड़े होने की जरूरत है। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने कहा कि ऐसे महापुरुषों के चौक शहर के हर चौराहे पर बनने चाहिए।ये समाज मे हमारे आदर्शों को याद रखने का एक माध्यम भी है!

अनिल वशिष्ठ जी ने कहा कि हमारे जीवन में आज यह चौक बन गया जिसकी हमेशा से दिल में एक चाहत थी हमारे जीवन में यह एक बहुत सुनहरा पल आया है। त्रिपुरेश्वरी शक्तिपीठ के संस्थापक राधेश्याम वासन्तेय ने ब्राह्मणों की वर्तमान स्थिति पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ब्राह्मणों को आज भी समाज में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि ब्राह्मणों को एक साथ मिलकर इन चुनौतियों का सामना करने की जरूरत है। समारोह का समापन भगवान परशुराम की भव्य आरती के साथ हुआ। इस अवसर पारस वशिष्ठ, अवधेश शर्मा, श्वेता शर्मा, अनिल वशिष्ठ,,धनंजय पाठक, आरके पांडे, जागेश्वर दयाल दीक्षित, शैलेंद्र शर्मा, संजय शर्मा, निक्कू पंडित, प्रियंका शुक्ला ,ज्योति द्विवेदी, सुषमा पांडे, प्रियंका पाठक, ओमेंद्र पांडे, अजय पाठक, डॉक्टरबीबी शर्मा, रमेश पाठक और दीपक शर्मा आदि मौजूद रहे।

# महिलाएं संकट के समय पर लें पुलिस का सहारा

## मिशन शक्ति अभियान के तहत गोष्ठी करके किया जागरुक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** मिशन शक्ति अभियान फेज-पांच के तहत बुधवार को भी महिला सुरक्षा दल की टीम ने महिलाओं और बालिकाओं को जागरुक किया। उनको सशक्त बनने के साथ ही आत्मरक्षा की जानकारी दी। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि महिलाएं और बालिकाएं संकट के समय पर पुलिस का सहारा लें। उन्होंने सभी को हेल्पलाइन नंबरों की जानक. ारी भी दी। इस दौरान बच्चों को कॉमिक्स भी वितरित की गई।

मिशन शक्ति अभियान का पांचवा चरण शुरू होने के बाद से पुलिस लगातार विद्यालय, शिक्षण संस्थान, बाजार, शॉपिंग माल, पार्क और सार्वजनिक स्थलों पर गोष्ठी का आयोजन कर रही है। जिसका मुख्य उद्देश्य है कि महिलाओं औश्र बालिक. ाओं को जागरुक करने के साथ ही उनको सशक्त और आत्मनिर्भर बनाया जा सके। लगातार महिला सुरक्षा दल की टीमें पूरे जिले में घूम-घूमकर सभी को कानून, हेल्पलाइन नंबर, संसोधित कानून व साइबर ठगी से बचने की जानकारी दे रही हैं। इसके तहत बुधवार को भी टीमों ने कई स्थानों पर गोष्ठी की। बच्चों को कामिक्स देकर हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। कहा कि किसी भी मुश्किल परिस्थिति में वह इन नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं। पुलिस हमेशा उनकी सेवा में तत्पर है। वहीं महिलाओं को हेल्पलाइन नंबर वूमेन पॉवर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, एंबुलेंस सेवा 108, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड लाइन 1098 और स्वास्थ्य सेवा 102 की जानकारी विस्तार से दी। साथ ही साइबर क्राइम से बचाव के संबंध में विस्तार से बताया।

# मांगों के निस्तारण को लेकर जिला सहकारी बैंक कर्मियों ने काली पट्टी बांधकर जताया विरोध

## गुरुवार को आला अधिकारियों को सौपेंगे ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** विभिन्न मांगों के निस्तारण को लेकर जिला सहकारी बैंक कर्मचारियों का विरोध प्रदर्शन जारी है। इसी के तहत बुधवार को कर्मचारियों ने हाथों पर काली पट्ट्टी बांधकर अपना विरोध जताया। निर्णय लिया कि कल उच्चाधिकारियों को इस संबंध में ज्ञापन सौंपा जाएगा। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि जिला सहकारी बैंकों में लगातार ऐसी नीतियां लागू की जा रही हैं, जो कर्मचारियों के हितों के प्रतिकूल हैं। श्रम कानूनों को नई श्रम संहिताओं से बदलने, गैर-बैंकिंग कार्यों का दबाव, अवकाश के दिनों में कार्य कराने की मजबूरी तथा राजनीतिक/विभागीय हस्तक्षेप से कर्मचारियों में व्यापक असंतोष व्याप्त है। पदाधिकारियों का कहना था कि एसोसिएशन की प्रमुख मांगों में प्रदेश के 16 जिला सहकारी बैंकों के कर्मचारियों का वेतन पुनरीक्षण, रिक्त पदों पर शीघ्र भर्ती, 01 अप्रैल 2021 से लंबित वेतन पुनरीक्षण का क्रियान्वयन, स्थानांतरण नीति में पारदर्शिता, सेवारत एवं सेवानिवृत्त कर्मचारियों के देयकों का समयबद्ध भुगतान तथा कर्मचारियों के उत्पीड़न पर रोक शामिल हैं। कई बार इन मांगों के निस्तारण को लेकर मांग कर चुके हैं लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। जिस कारण प्रदेश व्यापी आह्वान पर कर्मचारी हाथों पर काली पट्ट्टी बांधकर अपना विरोध प्रदर्शन जता रहे हैं। साथ ही निर्णय लिया गया कि मांगों के निस्तारण को लेकर गुरुवार को उच्चाधिकारियों को ज्ञापन सौंपा जाएगा। इसके बाद भी कोई हल नहीं निकला तो आगामी आंदोलन की रणनीति तैयार की जाएगी।

# संदिग्ध परिस्थितियों में बीकॉम की छात्रा ने फांसी लगाकर दी जान

## घर में मौजूद परिजनों ने जब शव लटकते देखा तो मचा कोहराम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** शहर कोतवाली क्षेत्र में एक बीकॉम की छात्रा ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर जान दे दी। छात्रा के पिता कुछ परिजनों के साथ वैष्णो देवी गए हुए हैं। सुबह देर तक कमरे से बाहर न निकलने पर अन्य परि. जनों ने जब मौके पर जाकर देखा तो छात्रा का शव लटक रहा था। नजारा देखकर परिजनों के होश उड़ गए। छात्रा के चाचा ने इस संबंध में पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। खबर लिखे जाने तक छात्रा के माता-पिता न आने के कारण फांसी लगाने की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है।

मामला शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला महल सरांय का है। यह पर रहने वाले नरेंद्र प्रताप सिंह चौहान सहकारिता विभाग में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी हैं। उनकी बेटी दीप्ति चौहान बीकाम की छात्रा थी और रजा डिग्री कालेज में पढ़ रही थी। आज उसका पेपर था। बताते हैं कि नरेंद्र प्रताप सिंह कुछ परिजनों के साथ वैष्णो देवी गए हुए थे। दीप्ति घर में मौजूद परिजनों के साथ थी। रात किसी वक्त उसने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। सुबह काफी देर तक जब वह घर से नहीं निकली तो अन्य परिजन उसके कमरे में पहुंचे। काफी देर तक खटखटाने के बाद दरवाजा नहीं खुला तो परिजनों ने किसी तरह से दरवाजा खोला। अंदर का नजारा देखकर परिजनों के होश उड़ गए। इसके बाद कोहराम मच गया। जानकारी होने पर तमाम मोहल्ले वाले भी आ गए। सूचना पर पहुंचे मृतका छात्रा के चाचा ने शहर कोतवाली पुलिस को जानकारी दी। मौके पर आई पुलिस ने शव उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। आत्महत्या की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है। पुलिस का कहना है कि अभिभावकों के आने के बाद ही सही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। यदि कोई सुसाइड नोट या अन्य तथ्य सामने आते हैं तो जांच उसी आधार पर आगे बढ़ेगी। फिलहाल पुलिस मोबाइल फोन और अन्य पहलुओं की भी जांच कर रही है।

# पैतृक संपत्ति हड़पने का आरोप लगाकर की शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** गंज थाना क्षेत्र में पैतृक संपत्ति हड़पने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने एएसपी को पत्र देकर मामले की जांच कराने की मांग की है। शहर के मोहल्ला शुतरखाना निवासी अब्दुल रहीम ने एएसपी के नाम दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया कि उसके हिस्से का मकान बिना जानकारी और सहमति के बेच दिया गया। पीड़ित के अनुसार वह और उसके भाई मजदूरी के सिलसिले में बाहर रहते हैं। इसी दौरान उनके पुश्तैनी मकान को दूसरे पक्ष ने अपने नाम दर्ज कर बेच दिया। जब वह घर लौटा और जानकारी की, तो विरोध करने पर उसके साथ गाली-गलौज की गई और धमकी दी गई। पीड़ित ने बताया कि उसने थाने में शिकायत की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। इसके बाद पीड़ित ने जांच के बाद दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

# केंद्रों में नहीं है बीज की व्यवस्था, कहां जाए किसान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** मिलक खंड के ग्राम बंकराबाद में भारतीय किसान संगठन की बैठक हुई। जिसमें पदाधिकारियों ने विभिन्न समस्याओं को उठाया। उनका कहना था कि केंद्रों में बीज की व्यवस्था नहीं हैं। ऐसे में किसान परेशान हो रहे हैं। वहीं एक दबंग पर प्रशासनिक अधिकारी कई बार शिकायत करने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं।

पंचायत में किसानों ने मिलक प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाएं। उनका कहना था कि खेतों में जबरन सड़क डाली जा रही है। जबकि एक दबंग व्यक्ति के खेत में प्रस्तावित सड़क की पैमाइश पिछले एक वर्ष से तहसील प्रशासन द्वारा लगातार टाली जा रही है। इसके बावजूद आज तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। पंचायत में किसानों ने ढैंचा (हरित खाद) बीज का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया। उनका कहना था कि बीज उपलब्ध नहीं हो रहा है, जिससे उनकी भूमि खाली पड़ी है। किसानों ने मांग की कि जिला कृषि अधिकारी तत्काल उप कृषि केंद्रों पर बीज की व्यवस्था सुनिश्चित करें। किसान संघ ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र उचित कार्रवाई नहीं हुई तो संगठन चार मई को मिलक तहसील में अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन शुरू करेगा। बैठक में जिला उपाध्यक्ष मथुरा प्रसाद दिवाकर समेत आशीष चंद्र, मिंटू तिवारी, अरुण श्रीवास्तव, अभिषेक प्रधान, अमित, अंकित, नितिन, संजय और राकेश कश्यप आदि मौजूद रहे।

# संदिग्ध परिस्थितों में गोली लगने से इलेक्ट्रिशियन की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** मिलक कोतवाली क्षेत्र में संदिग्ध परिस्थितियों में बिजली मिस्त्री की गोली लगने से मौत हो गई। हादसे के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की पत्नी का कहना है कि वह डिप्रेशन में था, इसलिए आत्महत्या कर ली। जबकि परिजन गोली मारकर हत्या करने का आरोप लगा रहे हैं। पुलिस ने मौके से एक तमंचा भी बरामद किया है।

यह घटना मिलक कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला पटेलनगर में रात करीब 12 बजे हुई। यहां पर रहने वाला रवि सैनी बिजली मिस्त्री थी और यहां पर किराए के मकान में रहता था। मंगलवार की रात वह अपनी पत्नी और बेटे के साथ कमरे में सोया हुआ था। रात को फायर की आवाज सुनकर पत्नी और बेटे की आंख खुली तो नजारा देखकर उनके होश उड़ गए। रवि मृत अवस्था में पड़ा था और उसके सिर से खून निकल रहा था। उसके हाथ में तमंचा था। इसके बाद तो परि. जनों में कोहराम मच गया। बताया जाता है कि रवि मंगलवार को एक शादी समारोह से घर लौटा था। सूचना मिलने पर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया। पुलिस ने मौके से एक तमंचा बरामद किया।

शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया है। बुधवार की सुबह एडिशनल एसपी अनुराग सिंह भी घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने मृतक की पत्नी, बेटे और अन्य परिजनों से घटना के संबंध में जानकारी ली।

मृतक की मां हरप्यारी ने आरोप लगाया है कि उनका बेटा आत्महत्या नहीं कर सकता, बल्कि उसकी गोली मारकर हत्या की गई है। वहीं पत्नी सुनीता का कहना है कि रवि डिप्रेशन में था, जिस कारण गोली मारकर आत्महत्या कर ली। इस संबंध में कोतवाल प्रभारी पुष्कर ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह घटना आत्महत्या प्रतीत हो रही है। हालांकि, पुलिस हर पहलू से मामले की बारीकी से जांच कर रही है।

श्रीमान लघुवाद न्यायाधीश / सिविल जज (सी0डि0) रामपुर
नम्बर मुकदमा लघुवाद सं0-04/2025
वक्फ हाफिज लड्डन साहब
बनाम उसमान सिकन्दर
बनाम उसमान सिकन्दर पुत्र श्री सिकन्दर शाह खां निवासी मुहल्ला पीला तालाब, तहसील सदर, जिला रामपुर। ...प्रतिवादी
हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बावत बेदखली के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि वे बतारीख हस्बजैल का असालतन या मार्फत के जो हालात मुकदमा से करार वाकई वाकिफ किया गया है और जो कुल अहम मुताल्लिक मुकदमा का जवाब दे सके या जिनके पास कोई शख्स हो जो जवाब ऐसे हवालात दे सके, हाजिर हो और जवाब देही दावा भी करे और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करे, जिन पर आप बताईद अपनी जवाब देही के इस्तेमाल करना चाहते हैं।
आपको इत्तिला दी जाती है कि बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा गैर हाजिरी आपका मसमुआ फैसला होगा।
दस्तखत मेरे और मोहर के आज बतारीख 29.04.2026 जारी किया गया।
तारीख वास्ते दाखिल करने जवाब एवं तारीख वास्ते मुकर्रर तनकीह-07.05.2026
आदेशानुसार लघुवाद न्यायाधीश सिविल जज (सी0डि0) जनपद रामपुर

# MI ने SRH को 244 रन का टारगेट दिया

### रायन रिकेल्टन ने नाबाद 123 रन बनाए, प्रफुल्ल हिंगे को 2 विकेटदिल्ल

**मुंबई, वार्ता।** मुंबई इंडियंस ने आईपीएल में बुधवार को हैदराबाद को जीत के लिए 244 रन का टारगेट दिया। वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई ने टॉस जीतकर बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट पर 243 रन बनाए।

ओपनर रायन रिकेल्टन ने 55 गेंद पर नाबाद 123 रन की शतकीय पारी खेली। इस पारी में 10 चौके और 8 छक्के शामिल रहे। रिकेल्टन के अलावा, विल जैक्स ने 46 और कप्तान हार्दिक पंड्या ने 31 रन बनाए। सनराइजर्स की ओर से प्रफुल्ल हिंगे ने 2 विकेट झटके। ईशान मलिंगा, साकिब हुसैन और नीतीश कुमार रेड्ड्डी को एक-एक विकेट मिला। कप्तान पैट कमिंस को कोई विकेट नहीं मिला। हैदराबाद ने अनिकेत वर्मा



को इम्पैक्ट प्लेयर बनाया है। वे साकिब हुसैन की जगह मैदान पर आए। आखिरी ओवर में तिलक वर्मा 7 रन बनाकर आउट हुए। प्रप्रफुल्ल हिंगे के इस ओवर में 14 रन आए। इन रनों के सहारे मुंबई ने 20 ओवर में 243 रन बनाए और हैदराबाद को 244 रन का टारगेट दिया। 19वें ओवर की पहली बाल पर कप्तान हार्दिक पंड्या 31 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें साकिब हुसैन ने हेनरिक क्लासन के हाथों कैच कराया। पैट कमिंस ने अपने कोटे के आखिरी ओवर में महज 6 रन दिए। 17वें ओवर में उनकी बाल पर कोई बाउंड्री नहीं आई। सभी रन सिंगल के जरिए आए। 16वें ओवर में मुंबई ने 200 रन का आंकड़ा पार कर लिया। हार्दिक पंडड्या ने प्रप्रफुल्ल हिंगे की 5वीं बाल पर चौका लगाकर टीम को 200 पार पहुंचाया। उन्होंने हिंगे के इस ओवर में 3 चौके और एक छक्के के सहारे 21 रन बनाए। रायन रिकेल्टन ने 15वें ओवर की आखिरी बाल पर सिंगल लेकर शतक पूरा किया। 14वें ओवर की चौथी बाल पर मुंबई ने चौथा विकेट गंवाया। यहां पर नमन धीर को प्रफुल्ल हिंगे ने हर्ष दुबे के हाथों कैच कराया। इसी के साथ फिफ्टी पार्टनरशिप ब्रेक हुई। हिंगे ने इस ओवर में महज 4 रन दिए। 13वें ओवर में ईशान मलिंगा ने महज 7 रन खर्च किए। उनके इस ओवर में कोई बाउंड्री नहीं आई है। सभी रन सिंगल के जरिए बने। एक रन वाइड से आया। 12वें ओवर में मुंबई ने 150 रन का आंकड़ा पार कर लिया है। हर्ष दुबे के इस ओवर की शुरुआती दो बाल पर रायन रिकेल्टन ने लगातार दो छक्के लगाए। फिर आखिरी बाल पर नमन धीर ने चौका लगाया। ईशान मलिंगा ने 9वें ओवर में सूर्यकुमार यादव को कैच आउट कराया। 11वें ओवर में साकिब हुसैन ने 13 रन खर्च कर दिए। उनकी बाल पर रायन रिकेल्टन और नमन धीर ने एक-एक चौके लगाए। 9वें ओवर की तीसरी बाल पर मुंबई ने दूसरा विकेट गंवाया। यहां पर सूर्यकुमार यादव 5 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें ईशान मलिंगा ने अभिषेक शर्मा के हाथों कैच कराया। पिछले ओवर में विल जैक्स पवेलियन लौटे थे।

# वैभव को बैटिंग करते देखना विशुद्ध सिनेमा जैसा है: चेतेश्वर

**मुल्लांपुर, वार्ता।** राजस्थान रॉयल्स ने मुल्लांपुर में टाटा आईपीएल 2026 में पंजाब किंग्स की जीत का सिलसिला तोड़ते हुए छह विकेट से जीत दर्ज की। 'जियो स्टार' के एक्सपर्ट चेतेश्वर पुजारा और मिशेल मैकक्लेनेघन ने 'निडर युवा खिलाड़ी' वैभव सूर्यवंशी और यशस्वी जायसवाल के खेलने के तरीके के असर का विश्लोण किया।

पुजारा ने वैभव सूर्यवंशी के निडर अंदाज की जमकर तारीफ करते हुए कहा, वैभव सूर्यवंशी को बैटिंग करते देखना बिल्कुल सिनेमा जैसा है। जिस तरह वह हर गेंदबाज का सामना निडर होकर करते हैं, वह कमाल का है। वह बस गेंद को देखते हैं और उसे हिट करने के लिए खुद पर भरोसा रखते हैं। सबसे खास बात यह है कि जब विरोधी टीम को पता होता है कि वह हमला करने वाले हैं, तब भी उन्हें रोकना मुश्किल होता है। उनकी यह निरंतरता, और पावरप्ले में उनका निडर इरादा ही उनकी टीम को निर्णायक बढ़त दिलाता है और ऐसे मैचों का नतीजा तय करता है। मिशेल मैकक्लेनेघन ने रन चेज के दौरान यशस्वी जायसवाल की भूमिका पर रोशनी डाली और कहा, यशस्वी अपनी कम उम्र के हिसाब से बहुत ज्यादा समझदारी दिखा रहे हैं।

वह उस पार्टनरशिप में एक अनुभवी बल्लेबाज की तरह खेल रहे हैं, यह समझते हुए कि कब पीछे हटना है और वैभव सूर्यवंशी को अपना स्वाभाविक आक्रामक खेल खेलने देना है। जो बात सबसे ज्यादा उभरकर सामने आती है, वह है उनका परिस्थितियों के हिसाब से ढलना।

## खेल विशेष

### न्यूजीलैंड ने टी-20 महिला विश्व कप के लिए टीम की घोषणा की

**वेलिगटन, वार्ता।** न्यूजीलैंड ने पिछले आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप में खिताबी जीत वाली टीम में शामिल कुल 10 खिलाड़ियों को इंग्लैंड और वेल्स में होने वाले आगामी टूर्नामेंट के लिए 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया है। न्यूजीलैंड ने बुधवार को स्टार ऑलराउंडर मेली केर को टीम का कप्तान बनाया। इसी के साथ मैजूदा चैंपियन न्यूजीलैंड टी-20 विश्व कप के लिए अपनी टीम का घोषणा करने वाली दूसरी टीम बन गई। कीवी टीम में अनुभव और युवाओं का अच्छा मेल है, जिसमें अनुभवी सूजी बेट्स और डिवाइन अपने 10वें टी-20 विश्व कप में खेलेंगी, जबकि नई खिलाड़ी नेन्सी पटेल और बल्लेबाज इजी शार्प का आईसीसी टूर्नामेंट में अपने पहले अनुभव के लिए टीम में स्वागत किया गया है।

### भारतीय भारोत्तोलकों ने एक स्वर्ण व तीन रजत जीते

**नई दिल्ली।** भारतीय भारोत्तोलकों ने अपिया, समोआ में चल रही 2026 कॉमनवेल्थ यूथ और जूनियर वेटलिफ्टिग चैंपियनशिप के साथ-साथ यूनिवर्सल कप में भी अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा, और प्रतियोगिता के तीसरे दिन एक स्वर्ण और तीन रजत पदक जीतकर अपने पदकों की संख्या में और इजाफा किया। कॉमनवेल्थ यूथ और जूनियर चैंपियनशिप में बेलाना हरिका ने 69 किंग्रा वर्ग में कुल 197 किंग्रा (स्नैच में 86 और क्लीन एंड जर्क में 111 किंग्रा) वजन उठाकर स्वर्ण जीता जबकि करांगी तरंगि. नि ने 63 किंग्रा में कुल 179 किंग्रा (स्नैच में 79 और क्लीन एंड जर्क में 100 किंग्रा) वजन उठाकर रजत और भूमिका मोहिते ने 63 किंग्रा में कुल 195 किंग्रा (स्नैच में 86 और क्लीन एंड जर्क में 109 किंग्रा) वजन उठाकर रजत जीता। यूनिवर्सल कप में अभोक निपाने ने 88 किंग्रा वर्ग में कुल 324 किंग्रा (स्नैच में 140 और क्लीन एंड जर्क में 184 किंग्रा) वजन उठाकर रजत जीता।

### जोडार ने सिनर के साथ मैड्रिड का ब्लॉकबस्टर मुकाबला तय किया

**मैड्रिड, वार्ता।** राफेल जोडार मंगलवार को मैड्रिड ओपन में पहली बार एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे। अपने घरेलू मैदान पर उन्होंने विट कोप्रिवा को 7-5, 6-0 से हराकर दुनिया के नंबर 1 खिलाड़ी जानिक सिनर के साथ क्वार्टरफाइनल में अपनी पहली भिड़ंत तय की। 19 साल के यह स्पेनिश खिलाड़ी इस दशक में मास्टर्स 1000 इवेंट के अंतिम आठ में पहुंचने वाले सिर्फ छठे टीनेजर हैं, जबकि मैड्रिड टूर्नामेंट के इतिहास में इस चरण तक पहुं. चने वाले वह सिर्फ चौथे वाइल्ड कार्ड खिलाड़ी हैं। जोडार ने कहा, मैं आज अपने खेल के स्तर और इस टूर्नामेंट में अपने प्रदर्शन से बहुत खुश हूं। घर पर खेलना, और उन बहुत से लोगों के सामने खेलना जिन्हें मैं जानता हूं और जो मेरा समर्थन करने आए हैं, यह बहुत खास है।

# सबालेंका को हरा हैली ने किया मैड्रिड ओपन में यादगार उलटफेर

**मैड्रिड, वार्ता।** दुनिया की नंबर 30 टेनिस खिलाड़ी आर्यना सबालेंका को हरा हैली बैटिस्ट ने किया मैड्रिड ओपन मेने महिला एकल टेनिस क्वार्टर-फाइनल मुकाबले में टॉप सीड आर्यना सबालेंका को हराकर मैड्रिड ओपन 2026 का बड़ा उलटफेर किया।



मंगलवार को अमेरिका की उभरती हुई स्टार हैली बैटिस्ट ने दो घंटे 30 मिनट तक चले मुकाबले में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए बेलारुस की आर्यना सबालेंका को तीन सेट, 2-6, 6-2, 7-6 (6) में हराकर अपने करियर की यागदार जीत दर्ज करते हुए मैड्रिड ओपन के सेमीफाइनल में पहली बार जगह बना ली। सबालेंका से पहला सेट बिना ज्यादा मुकाबले के हारने के बाद - इस दौरान दो ब्रेक पॉइंट गंवाने के बाद - मैच चार बार की ग्रैंड स्लैम एकल चैंपियन के पक्ष में सीधे नतीजे के लिए तैयार लग रहा था। लेकिन बैप्टिस्ट अभी इस गोलियाथ के सामने हारने के लिए तैयार नहीं थीं। उन्होंने जबरदस्त वापसी की, वर्ल्ड नंबर 1 से तीन ब्रेक पॉइंट लेकर दूसरे सेट में भी उतना ही दबदबा बनाया और मैच को बराबर कर दिया, जिससे तीसरे और निर्णायक सेट में मैच बराबर हो गया।

# प्लेऑफ में जगह पक्की करने पर होगी आरसीबी की नजर

**अहमदाबाद, वार्ता।** मौजूदा चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु आईपीएल 2026 प्लेऑफ की दौड़ में अपनी पकड़ और मजबूत करने की कोशिश करेगी, जब गुरुवार को यहां नरेंद्र मोदी स्टेडियम में सीजन के 42वें मैच में उसका सामना गुजरात टाइटन्स से होगा। आरसीबी इस मुकाबले में जबरदस्त फॉर्म में उतर रही है,

उसने अपने आठ में से छह मैच जीते हैं और 1-919 के शानदार नेट रन रेट के साथ पॉइंट्स टेबल पर दूसरे स्थान पर है। वहीं, गुजरात टाइटन्स का प्रदर्शन इस सीजन में उतार-चढ़ाव भरा रहा है, जिसमें उसे चार जीत और चार हार मिली हैं, जिससे वह



पॉइंट्स टेबल में बीच में फंसी हुई है और उसका नेट रन रेट भी नेगेटिव है।

बेंगलुरु की टीम ने इसी सीजन में पहले गुजरात टाइटन्स को पांच विकेट से हराया था और इस बार भी वह अपनी बल्लेबाजी की ताकत और अनुशासित गेंदबा. जी के संतुलित तालमेल पर ही भरोसा करेगी। विराट कोहली 58-50 की औसत से 351 रन बनाकर आरसीबी की बल्लेबाजी की रीढ़ बने हुए हैं, जबकि देवदत्त पडिक्कल और रजत पाटीदार ने मध्यक्रम में आक्रामक अंदाज में उनका साथ दिया है। उनकी गें. दबाजी भी इस टूर्नामेंट में सबसे असरदार रही है, भुवनेश्वर कुमार अब तक 14 विकेट ले चुके हैं और जोश हेजलवुड लगातार मैच जिताने वाली गेंदबाजी कर रहे हैं। आरसीबी दिल्ली कैपिटल्स पर एकतरफा जीत हासिल करके इस मैच में उतर रही है, जिसमें उसने अपने विरोधी को सिर्फ 75 रन पर ऑल आउट कर दिया था और फिर 6-3 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया था।

# सूर्यवंशी ने फिर किया ऑरेंज कैप पर कब्जा

**नई दिल्ली, वार्ता।** जब भी पंजाब किंग्स या राजस्थान रॉयल्स का मैच प्ल्स 2026 में होता है, ऑरेंज कैप तालिका में बड़े बदलाव देखने को मिलते हैं। मंगलवार रात न्यू चंडीगढ़ में जब दोनों टीमें आमने-सामने हुई, तब भी यही देखने को मिला। ऑरेंज कैप वैभव सूर्यवंशी इस सीजन सबसे ज्यादा रन बनाने वालों की सूची में फिर से शीर्ष पर पहुंच गए हैं। उन्होंने सिर्फ 16 गेंदों में 43 रन बनाए, जिसमें पांच छक्के शामिल थे। इसके साथ ही वह इस सीजन 400 रन के आंकड़े तक पहुंचने वाले पहले बल्लेबाज बन गए। सीजन की शुरुआत 52, 31, 39 और 78 जैसी पारियों से करने के बाद सूर्यवंशी का प्रदर्शन थोड़ा धीमा पड़ा था,

लेकिन उन्होंने शानदार वापसी करते हुए पिछली तीन पारियों में से दो में 46 और



103 का स्कोर बनाया है और अब ताजा पारी के बाद वह फिर से ऑरेंज कैप सूची में नंबर 1 पर हैं। उनके पीछे शीर्ष पांच में अभीोक शर्मा (380 रन), केएल राहुल (358), विराट कोहली (351) और हेनरिक क्लासेन (349 रन) मौजूद हैं। वहीं मंगलवार को 44 गेंदों में 59 रन की पारी खेलने वाले पंजाब के प्रभसिमरन सिह 346 रन के साथ छठे स्थान पर हैं। प्रभसिमरन के कप्तान श्रेयस अय्यर 27 गेंदों में 30 रन बनाकर सीजन में कुल 309 रन तक पहुंच गए हैं और अब दसवें स्थान पर हैं। पर्पल कैप जोफ्रा आर्चर ने न्यू चंडीगढ़ में प्रियांश आर्य का विकेट लेकर अपनी कुल विकेटों की संख्या 14 तक पहुंचा दी है, जिससे वह अब आरसीबी के भुवनेश्वर कुमार, चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के अंशुल कंबोज और एसआरएच के इशान मलिगा के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर पहुंच गए हैं। आर्चर की इकॉनमी रेट 8-27 है, जबकि भुवनेश्वर की 7-61, कंबोज की 8-56 और मलिगा की 9-44 है। इनके पीछे 13 विकेट के साथ लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के प्रिस यादव और गुजरात टाइटंस (जीटी) के कगिसो रबाडा मौजूद हैं।

# भारतीय पहलवानों ने एशियन बीच गेम्स में जीते चार पदक

**सान्या (चीन), वार्ता।** भारतीय पहलवानों ने बुधवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए एशियन बीच गेम्स 2026 में बीच रेसलिग में दो स्वर्ण सहित चार पदक जीते। इसी के साथ भारत के पदकों की संख्या छह हो गई।

आज हुए मुकाबलों में प्रिया मलिक (महिलाओं की 70 किंग्रा) और पुपा यादव (महिलाओं की 60किंग्रा) ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि सिद्धार्थ (पुरुषों की 70 किंग्रा) और जसप्रीत कौर (महिलाओं की 70 किंग्रा) ने क्रमशः रजत और कांस्य जीते। महिलाओं के 60 किंग्रा फाइनल में, पुपा यादव ने चीन की एशियन चैंपियन जी मेंग्यू को 3-0 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। वियतनाम की थी माई हान गुयेन ने पोडियम पूरा किया। एशियन पदक विजेता प्रिया मलिक ने महिलाओं के 70 किंग्रा फाइनल में मंगोलिया की बोलोरटुंगलाग जोरिग्ट को 3-2 से हराकर रेसलिग में भारत के लिए दूसरा गोल्ड मेडल जीता। चीन की ली वेनजी ने कांस्य पदक जीता। जसप्रीत कौर पोडियम पर पहुंचने वाली दूसरी भारतीय महिला पहलवान थीं। 70 किंग्रा के सेमीफाइनल में वियतनाम की थी लिन्ह डांग से हारने के बाद, जसप्रीत कौर ने कजाकिस्तान की बेइबिट सेदुअली के खिलाफ कांस्य का मुकाबला 2-0 से जीता। चीन की जिया लॉन्ग और थी लिन्ह डांग ने महिलाओं की 70 किंग्रा में एक के बाद एक स्वर्ण और रजत पदक जीते। भारत के पुरुष पहलवानों में, सिद्धार्थ अकेले ऐसे थे।

# भारतीय गोल्फ के दिग्गज विजय कुमार का निधन

**लखनऊ, वार्ता।** भारतीय पेशेवर गोल्फ के दिग्गज खिलाड़ी और पूर्व इंडियन ओपन चैंपियन विजय कुमार का मंगलवार को उनके गृह नगर लखनऊ में 57 वर्ष की आयु में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया।

2002 के इंडियन ओपन के विजेता और चार बार के 'ऑर्डर ऑफ मेरिट' चैंपियन, विजय कुमार भारतीय पेशेवर गोल्फ के सबसे सफल और सम्मानित नामों में से एक थे। 29 सितम्बर, 1968 को लखनऊ में जन्मे विजय ने 1988 में पेशेवर गोल्फर के तौर पर अपना करियर शुरू किया। उन्होंने 1990 के दशक के मध्य से लेकर अगले दशक की शुरुआत तक भारतीय घरेलू गोल्फ पर अपना दबदबा बनाए रखा, उनका शानदार करियर कई खिताबों से भरा रहा। 2002 के इंडियन ओपन में विजय की ऐतिहासिक जीत भारतीय गोल्फ के इतिहास में एक मील का पत्थर मानी जाती है। वह उन चुनिदा नौ भारतीय गोल्फरों में से एक हैं जिन्होंने इंडियन ओपन का खिताब जीता है। विजय ने स्कॉटलैंड के सेंट एंड्रयूज में आयोजित 1999 के अल्फ्रेड डनहिल कप में भी भारत का प्रतिनिधित्व किया था। अपनी बेहतरीन खेल-कौशल, निरंतरता, प्रतिस्पर्धी भावना और अनुकरणीय आचरण के लिए व्यापक रूप से सराहे जाने वाले विजय ने गोल्फरों की कई पीढ़ियों को प्रेरित किया और देश में इस खेल के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

अपनी उपलब्धियों से परे, हमेशा मुस्कुराते रहने वाले विजय को उनके सकारात्मक दृटिकोण, हंसमुख स्वभाव, बेहतरीन हास्य-बोध और खेल भावना के लिए हमेशा याद किया जाएगा। डीपी वर्ल्ड प्रोफेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया के अध्यक्ष कपिल देव ने विजय कुमार के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा, विजय कुमार जी भारतीय गोल्फ के सच्चे दिग्गजों में से एक थे। उनकी उपलब्धियों, विनम्रता और खेल के प्रति समर्पण ने उन्हें गोल्फरों की कई पीढ़ियों के लिए एक आदर्श (रोल मॉडल) बना दिया। उनका निधन भारतीय गोल्फ के लिए एक बहुत बड़ी क्षति है, और हम उनके परिवार तथा प्रियजनों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदनाएं व्यक्त करते हैं। डीपी वर्ल्ड प्रोफेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया के सीईओ अमनदीप जोहल ने कहा कि विजय कुमार उन बेहतरीन पेशेवरों में से एक थे जिन्हें भारतीय गोल्फ ने देखा है।

# बिश्नोई को ड्रॉप करने से उनका आत्मविश्वास गिरेगा: अभिनव

**नई दिल्ली, वार्ता।** पूर्व क्रिकेटर अभिनव मुकुंद का मानना है कि अच्छी फॉर्म में चल रहे रवि बिश्नोई को ड्राप करने से उनका आत्मविश्वास प्रभावित होगा। एक टाइमआउट शो में अभिनव मुकुंद ने कहा कि मैं यश राज को खिलाने के फैसले से पूरी तरह सहमत नहीं हूं, क्योंकि मेरा मानना है कि आईपीएल में लंबे समय तक सफल रहने वाली टीमों ने अपने गेंदबाजों या भारतीय खिलाड़ियों का एक मजबूत कोर बनाए रखा है।

और खासकर जब रवि बिश्नोई ने अच्छी गेंदबाजी की है। अगर आप उन्हें किसी दूसरे लेग स्पिनर के लिए बाहर करते हैं, तो इससे उनका आत्मविश्वास बुरी तरह प्रभावित होगा। पंजाब किंग्स के खिलाफ पुंजा आरआर के



सबसे सफल गेंदबाज रहे और उन्होंने चार विकेटों में से दो विकेट लिए। बिश्नोई इस सीजन आरआर में लखनऊ सुपर जायंट्स के साथ आईपीएल 2025 के खराब दौर के बाद आए थे, जहां उन्होंने 11 पारियों में नौ विकेट लिए थे और उनकी इकॉनमी रेट 10-83 रही थी। हालांकि, इससे पहले आईपीएल में उनके कई शानदार सीजन रहे थे- 2020 में अपने पहले सीजन से लेकर 2024 तक उन्होंने क्रमशः 12, 12, 13, 16 और 10 विकेट लिए थे, जबकि उनकी इकॉनमी रेट 7.37, 6.34, 8.44, 7.74 और 8.77 रही। उनके 44 टी-20 आई मैचों में से 37 मुकाबले 2022 से 2024 के बीच आए हैं। और फिर उनका प्रदर्शन गिर गया। उल्लेखनीय है इस सीजन की शुरुआत में बिश्नोई ने कहा था, पिछला सीजन मुश्किल था। लेकिन मैंने अपनी प्रक्रिया पर टिके रहने की कोशिश की। मेरी एक कमजोरी थी, अगर मेरी लेंथ गलत होती थी तो मुझे चौके-छक्के पड़ते थे। मैं उसी को सुधारने की कोशिश कर रहा था। मैंने पूरा घरेलू सीजन खेला और अपनी लेंथ को बेहतर करने पर काम किया। सही लेंथ पर गेंद डालने से बल्लेबाजों के लिए मुश्किल हुई, आज भी जब मैंने अधिक फुल गेंद डाली तो मार पड़ी। मानसिक, तकनीकी और शारीरिक, मैंने तीनों पहलुओं पर काम किया।

# अब 4 मई पर नजर

पश्चिम बंगाल में दूसरे चरण का मतदान संपन्न हो गया। बुधवार को 142 सीटों पर मतदान हुआ। छह बजे तक आंकड़ों के अनुसार 91 प्रतिशत से अधिक मतदान हो चुका था और यह उम्मीद जताई जा रही है कि यह और अधिक बढ़ सकता है। पहले चरण का मतदान जो 152 सीटों पर 23 अप्रैल को हुआ था, उसमें भी रिकॉर्ड 93 फीसदी मतदान हुआ था। मत प्रतिशत बढ़ने को लेकर राजनीतिक पंडित भी एक राय नहीं बना पा रहे हैं। कुछ का मानना है कि यह रूझान टीएमसी के पक्ष में जा सकता है, तो ऐसे लोगों की भी कमी नहीं है जो कहते हैं कि यह भाजपा के पक्ष में जाएगा। जैसाकि होता है चुनाव संपन्न होने के बाद एग्जिट पोल का दौर शुरू हो जाता है। बताते चलें कि पश्चिम बंगाल सहित पांच राज्यों केरलम, तमिलनाडु, पुड्डुचेरी, असम में चुनाव हुए हैं। लेकिन चर्चाओं में पश्चिम बंगाल का चुनाव ही अधिक रहा है। अगर हम यह कहें कि इसे भाजपा ने अपनी प्रतिष्ठा का सवाल बना लिया है तो गलत नहीं होगा। यह प्रतिष्ठा का ही सवाल है कि वहां पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित तमाम कैबिनेट व भाजपा और उसके सहयोगी संगठन आरएसएस ने वहां महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इन तमाम लव लश्कर को देखते हुए यह उम्मीद जताई जा रही है कि भाजपा पश्चिम बंगाल जीतने में कोई कसर नहीं छोड़ने जा रही है और भाजपा दावा भी कर रही है कि वह पश्चिम बंगाल में सरकार बनाने जा रही है। छह एग्जिट पोल के नतीजे भी उसकी सोच को सही साबित भी करते हैं। छह में से केवल एक में ही टीएमसी जीतती दिखाई दे रही है। असम में भाजपा सरकार बनाने जा रही है। केरलम में जरूर बाजी कांग्रेस के हाथ जाती दिखाई दे रही हो, तमिलनाडु में पांच में से चार एग्जिट पोल में डीएमके की वापसी होती दिखाई दे रही है। जाहिर है चुनाव के बाद एग्जिट पोल में तमाम तरह की राय जाहिर की जाती है और अनुभव बताता है कि कई बार ये पोल गलत साबित होते रहे हैं। इसलिए असल पता तभी चलेगा जब 4 मई को चुनाव परिणाम सामने आएंगे, लेकिन असल बात इस समय यह है कि दूसरे चरण में जिस तरह का माहौल पश्चिम बंगाल में देखने को मिला, वह हमारे लोकतंत्र के लिए कोई शुभ संकेत नहीं है। भले ही चुनाव प्रतिशत बढ़ा हो, लेकिन जिस तरह वहां से कई स्थानों पर हिंसा की खबरें आई हैं, जिसमें एक बुजुर्ग तक की जान चली गई है। वह बताता है कि अभी लोगों में इतना धैर्य नहीं आया है कि वह शांतिपूर्वक तरीके से मतदान कर सके और यह तब हुआ जब प. बंगाल में सुरक्षाबलों की अभूतपूर्व उपस्थिति बताई गई है। प. बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि बीएसएफ व सीआरपीएफ जैसे केंद्रीय बलों ने जमकर भय का माहौल बनाया और लोगों को पीटा व गिरफ्तार किया। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि अपने जीवन में उन्होंने ऐसा चुनाव कभी नहीं देखा। एसआईआर को लेकर पहले से ही चुनाव आयोग की निष्पक्षता संदेह के घेरे में रही है।

## रोजगार, आस्था व संस्कृति का होगा संरक्षण




देश का सबसे बड़ा 594 किलोमीटर लंबा एक्सप्रेसवे अन्नदाता किसानों की उन्नति, युवाओं के रोजगार, आस्था व संस्कृति के संरक्षण तथा उत्तर प्रदेश की समृद्धि का प्रमुख माध्यम साबित होगा, मेरठ से प्रयागराज तक फैले इस आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर ने 12 जनपदों के एक लाख से अधिक किसानों के योगदान से आकार लिया है, एक्सप्रेसवे के साथ-साथ 27 स्थानों पर इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल क्लस्टर और लॉजिस्टिक हब विकसित किए जा रहे हैं, जो न केवल आवागमन को तेज करेंगे, बल्कि नए निवेश और रोजगार के द्वार भी खोलेंगे, डबल इंजन सरकार की दूरदर्शिता का प्रतीक यह एक्सप्रेसवे उत्तर प्रदेश को नई ऊंचाइयों की ओर ले जा रहा है, डबल इंजन सरकार का संकल्प है कि जिस परियोजना का शिलान्यास होगा, उसका उद्घाटन भी सुनिश्चित किया जाएगा। **-योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री, उप्र**

# स्कूल की चौखट पर खड़ा बाजार, भीतर सिमटती शिक्षा



प्रो. आर.के. जैन




निजी विद्यालयों में एनसीईआरटी पुस्तकों के अनुपालन का सवाल अब महज पाठ्ड सामग्री का विवाद नहीं रहा, बल्कि यह देश की शिक्षा व्यवस्था के चरित्र की परीक्षा बन चुका है। जब एक ओर कानून स्पष्ट दिशा देता हो और दूसरी ओर संस्थान स्वार्थवश उससे भटकें, तो यह केवल लापरवाही नहीं, बल्कि नैतिक विचलन का संकेत होता है। अप्रैल 2026 में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग द्वारा केंद्र, सीबीएसई और सभी राज्यों को जारी नोटिस ने इस विडंबना को उजागर किया है। यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि क्या शिक्षा का अधिकार कानून केवल औपचारिक घोषणा बनकर रह गया है, या उसे लागू करने की प्रतिबद्धता ही क्षीण हो गई है। यह पूरा घटनाक्रम बताता है कि शिक्षा में समानता का मूल सिद्धांत निरंतर दबाव और उपेक्षा के बीच संघर्ष कर रहा है।

शिक्षा का अधिकार कानून 2009 की धारा 29 ने स्पष्ट रूप से यह प्रावधान किया था कि प्रारंभिक शिक्षा (कक्षा 1 से 8) में पाठ्यक्रम और पाठ्यपुस्तकों का निर्धारण एनसीईआरटी या संबंधित एससीईआरटी द्वारा किया जाएगा। इसी सोच के तहत एनसीईआरटी और एससीईआरटी को पाठ्यक्रम और पाठ्यपुस्तकों के निर्धारण का अधिकार सौंपा गया। इन संस्थाओं द्वारा तैयार पुस्तकें न केवल शैक्षणिक रूप से संतुलित और विश्वसनीय होती हैं, बल्कि आम परिवारों के लिए किफायती भी रहती हैं। इसके विपरीत, निजी प्रकाशकों की महंगी किताबें इस मूल उद्देश्य को कमजोर करती हैं। जब एक ही कक्षा की पुस्तकों पर हजारों रुपये खर्च होने लगें, तो यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या शिक्षा अब अधिकार से ज्यादा एक लाभकारी व्यापार में बदलती जा रही है।

निजी विद्यालयों में महंगी पुस्तकों को अनिवार्य बनाना कोई आकस्मिक भूल नहीं, बल्कि एक सुव्यवस्थित आर्थिक तंत्र की ओर संकेत करता है। कई स्थानों पर स्कूल और प्रकाशक मिलकर ऐसा गठजोड़ रचते हैं, जिसमें शिक्षा का उद्देश्य पीछे छूट जाता है और मुनाफा केंद्र में आ जाता है। अभिभावकों को ह्उच्च गुणवत्ताह्न और ह्अधिक उपयोगी सामग्रीह्न का हवाला देकर इन पुस्तकों को खरीदने के लिए बाध्य किया जाता है, जबकि इन दावों की ठोस पुष्टि प्रायः नहीं होती। इस पूरी प्रक्रिया में अभिभावकों की विवशता का व्यवस्थित दोहन होता है और वे विरोध करने में असहाय महसूस करते हैं। ऐसी प्रवृत्ति शिक्षा के नैतिक आधार को कमजोर करती है और संस्थागत विश्वसनीयता पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े करती है। सबसे चिंताजनक परिणाम एक तेजी से गहराते शिक्षा-विभाजन के रूप में सामने आता है। जहां सरकारी विद्यालयों के बच्चे सस्ती, मानकीकृत और समान पुस्तकों से पढ़ते हैं, वहीं निजी स्कूलों के छात्र महंगी और अलग सामग्री पर निर्भर होते हैं, जिससे उनके ज्ञान का आधार ही भिन्न बन जाता है। यही अंतर आगे चलकर अवसरों की खाई को और चौड़ा कर देता है। मध्यम और निम्न वर्गीय परिवार पहले से ही शिक्षा पर बढ़ते खर्चों का दबाव झेल रहे हैं, ऐसे में किताबों का अतिरिक्त आर्थिक बोझ उनके लिए बेहद असहनीय हो जाता है। यह स्थिति केवल आर्थिक असमानता को नहीं बढ़ाती, बल्कि समाज में गहराते असंतुलन और विभाजन को भी और मजबूत करती है। इस पूरे परिप्रेक्ष्य में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की पहल एक महत्वपूर्ण और समयोचित हस्तक्षेप के रूप में सामने आती है, जिसने शिक्षा के अधिकार को मानवाधिकार के व्यापक दृष्टिकोण से देखने की आवश्यकता को और स्पष्ट किया है। अनावश्यक तथा भारी-भरकम पुस्तकों का बढ़ता बोझ बच्चों के शारीरिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है, जो राष्ट्रीय स्कूल बैग पॉलिसी 2020 की मूल भावना के विपरीत है। यदि राज्य सरकारें और संबंधित संस्थाएं अब भी इस मुद्दे पर उदासीन बनी रहती हैं, तो यह केवल प्रशासनिक अक्षमता नहीं, बल्कि संवैधानिक दायित्वों की स्पष्ट उपेक्षा मानी जाएगी। इसलिए इस विषय को अब सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए ठोस और प्रभावी कदम उठाना अनिवार्य हो गया है।

अकादमिक स्वायत्तता का तर्क अक्सर इस व्यवस्था को सही ठहराने के लिए दिया जाता है, पर इसकी वैधता तभी तक है जब तक वह कानून की सीमाओं में रहे। जब विधि स्पष्ट रूप से तय करती है कि पाठ्डपुस्तकों का चयन किन संस्थाओं के अधिकार में होगा, तब उस सीमा का उल्लंघन स्वतंत्रता नहीं, बल्कि अनुशासनहीनता का संकेत है। एनसीईआरटी की पुस्तकें विशेषज्ञों द्वारा राष्ट्रीय पाठ्यक्रम के अनुरूप तैयार होती हैं, जिससे उनकी विश्वसनीयता सिद्ध होती है। इसके विपरीत, निजी प्रकाशनों में आकर्षण अधिक, पर सामग्री की प्रमाणिकता पर सवाल बने रहते हैं। ऐसे में अकादमिक स्वतंत्रता के नाम पर व्यावसायिक हितों को बढ़ावा देना शिक्षा की मूल भावना के विरुद्ध है। अब समय महज चर्चा का नहीं, ठोस और निर्णायक हस्तक्षेप का है। केंद्र और राज्य सरकारों को मिलकर एक पारदर्शी, कड़ा और जवाबदेह निगरानी तंत्र विकसित करना होगा, जो कागजों तक सीमित न रहे, बल्कि जमीन पर प्रभावी दिखे। निजी विद्यालयों की पुस्तक सूचियों का नियमित, निष्पक्ष और व्यापक ऑडिट सुनिश्चित किया जाए, तथा नियमों का उल्लंघन करने वाले संस्थानों पर सख्त और उदाहरणात्मक कार्रवाई हो। जुर्माने से लेकर मान्यता रद्द करने तक के प्रावधानों को पूरी दृढ़ता के साथ लागू करना अनिवार्य है। साथ ही अभिभावकों को जागरूक और सशक्त बनाना होगा, ताकि वे अपने अधिक. ारों के प्रति सजग रहें और किसी भी अनावश्यक आर्थिक बोझ के विरुद्ध निर्भीक होकर आवाज उठा सकें।

आखिरकार यह प्रश्न केवल किताबों तक सीमित नहीं, बल्कि राष्ट्र के भविष्य और उसकी सामाजिक दिशा से गहराई से जुड़ा है। शिक्षा वही मजबूत आधार है जिस पर एक संतुलित और न्यायपूर्ण समाज की इमारत खड़ी होती है, और यदि इसी आधार में असमानता की दरार पड़ जाए, तो समावेशी विकास का सपना अधूरा रह जाता है। समान पाठ्ड सामग्री सिर्फ शैक्षणिक जरूरत नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय और अवसर की समानता का एक अहम स्तंभ है। अब सरकार और समाजकृदोनों के सामने यह स्पष्ट विकल्प है कि शिक्षा को बराबरी का सेतु बनाया जाए या उसे विभाजन की खाई में बदलने दिया जाए।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# पेट्रोल में इथेनॉल ब्लेंडिंग से क्या होगा

**वाहनों की बात करें तो उनके लिए इसका असर मिश्रित है। अप्रैल 2023 से बने वाहन E20 कंप्लायंट हैं, वे 20 प्रति. इथेनॉल मिश्रित ईंधन से अपने वाहन आसानी से चला सकते हैं। अप्रैल 2025 से बने वाहन पूर्ण म्20 अनुकूलित हैं, लेकिन 2023 से पहले के वाहनों में रबर पाट्र्स, गैस्केट्स और प्लास्टिक पर इथेनॉल का बुरा असर हो सकता है। हालांकि, विशेषज्ञ कहते हैं कि यह मामूली है और सर्विसिंग में ठीक हो जाता है। E20 से ऑक्टेन नंबर बढ़ता है (91 से 95 तक), इसलिए एक्सेलरेशन बेहतर हो सकता है।**



रजनीश कपूर

पिछले कुछ दिनों से केंद्र सरकार ने पेट्रोल में इथेनॉल ब्लेंडिंग को 20 प्रतिशत से अधिक बढ़ाने और फ्लेक्स-फ्यूल वाहनों को बढ़ावा देने का संकेत दिए है। पश्चिम एशिया संकट के कारण ऊर्जा आपूर्ति बाधित होने के बीच यह कदम तेल आयात पर निर्भरता कम करने, विदेशी मुद्रा बचाने और स्वच्छ ईंधन को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से उठाया जा रहा है। पेट्रोलियम मंत्रालय की एक संयुक्त सचिव ने संकेत दिए कि सरकार जल्द ही E85 (85% इथेनॉल) से E100 (100% इथेनॉल) तक के वाहनों के टेस्टिंग नॉर्म्स अधिसूचित करने वाली है। ऑटोमेकर्स पहले से ही इसके प्रोटोटाइप तैयार कर चुके हैं। देखना यह होगा कि सरकार का यह फैसला आम आदमी की जेब, पर्यावरण और वाहनों पर क्या असर डालेगा? भारत ने 2025 में म्20 कार्यक्रम को पूरा कर लिया है। अप्रैल 2026 तक देशभर में म्20 पेट्रोल उपलब्ध है। अब सरकार E85 या इससे ऊंचे ब्लेंड की ओर आगे बढ़ रही है। फ्लेक्स-फ्यूल वाहन किसी भी अनुपात E20 से E100 तक में इथेनॉल चला सकते हैं। ब्राजील इसका सफल उदाहरण है। भारत में यह कदम ऊर्जा सुरक्षा के लिए जरूरी है। सरकार का दावा है कि EBP कार्यक्रम से अब तक 4.5 करोड़ बैरल कच्चा तेल बचाया गया और 1.65 लाख करोड़ रुपये विदेशी मुद्रा की बचत हुई। 2014 से अब तक 69.8 मिलियन टन $CO_2$ उत्सर्जन कम हुआ। लेकिन क्या यह आम आदमी के लिए फायदेमंद है? दावा है कि इथेनॉल ब्लेंडिंग का सबसे बड़ा फायदा पर्यावरण को है। इथेनॉल नवीकरणीय स्रोत (गन्ना, मक्का, चावल) से बनता है। नीति आयोग के अनुसार, गन्ने से बने इथेनॉल से GHG उत्सर्जन 65% और मक्के से 50% कम होता है। टेलपाइप पर CO HC और पार्टिकुलेट मैटर PM कम निकलते हैं। E20 से $CO_2$ में 6-8 प्रतिशत कमी आती है, जबकि E85 या E100 पर यह और ज्यादा। अध्ययनों से पता चलता है कि इथेनॉल ब्लेंड से वाहन प्रदूषण 20-30: तक घट सकता है। वहीं इसके नुकसान भी हैं। गन्ना आधारित इथेनॉल पानी-गहन है। एक लीटर इथेनॉल बनाने में करीब 2860 लीटर पानी लगता है। भारत में गन्ना पहले से ही 70 प्रतिशत सिंचाई पानी का उपभोग करता है। ज्यादा इथेनॉल के लिए अगर गन्ना या खाद्यान्न (मक्का, चावल) का इस्तेमाल बढ़ा तो 'फूड बनाम फ्यूल' विवाद खड़ा हो सकता है। इसके साथ ही भूमि उपयोग भी बढ़ेगा, मिट्टी की उर्वरता घट सकती है और कीटनाशकों का इस्तेमाल बढ़ेगा। दूसरी पीढ़ी (2G) इथेनॉल (कृषि अपशेष से) पर जोर देने की जरूरत है, जो पर्यावरण के लिए बेहतर है। कुल मिलाकर, अगर नीति सतर्क रही तो पर्यावरणीय फायदा साफ है, कम आयात, कम प्रदूषण, लेकिन पानी और भूमि प्रबंधन बिना तो नुकसान भी हो सकता है। उल्लेखनीय है कि इथेनॉल पेट्रोल से सस्ता है, इसलिए ब्लेंडेड पेट्रोल का प्रति लीटर दाम कम रहता है। सरकार ने E20 के लिए कीमत कम रखने की सिफारिश की थी। लेकिन इथेनॉल की ऊर्जा घनत्व पेट्रोल से 30 प्रति. कम है, इसलिए इससे वाहन का माइलेज घटता है। नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार, पुराने म10 वाहनों में E20 से 6-7 प्रतिशत (4-व्हीलर) या 3-4% (2-व्हीलर) माइलेज गिरावट हो सकती है। मतलब, अगर आपकी कार 15 किलोमीटर प्रति लीटर की खपत करती है तो E20 पर 14.1-14.5 किलोमीटर हो जाएगी। गौरतलब है कि आप E85 या E100 चुन सकते हैं, अगर वह सस्ता हो। भारत में अभी इंफ्रास्ट्रक्चर (अलग पंप) और कीमत निर्धारण स्पष्ट नहीं है। लंबे समय में इंसेंटिव से बचत हो सकती है। पुराने वाहन वाले उपभोक्ता (2012-2023 तक बने) को माइलेज नुकसान और संभवतः मेंटेनेंस खर्च बढ़ सकता है। कुल मिलाकर, जेब पर तुरंत असर नकारात्मक हो सकता है, लेकिन अगर सरकार टैक्स छूट और सब्सिडी दे तो लंबे समय में यह फायदेमंद साबित हो सकता है। वहीं किसान समुदाय को इसका फायदा जरूर होगा, गन्ना और मक्का की खरीद बढ़ेगी, तो आय निश्चित ही बढ़ेगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# इस साल तपती धरती का कारण और इसका समाधान



निर्मल रानी

उत्तर भारत के पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा व प. बंगाल जैसे राज्य इन दिनों भीषण गर्मी की चपेट में हैं। इन राज्यों में कई जगहों पर तापमान 40 डिग्री से लेकर 44 डिग्री तक पहुंच गया है। पिछले दिनों भारतीय मौसम विज्ञान विभाग द्वारा हीटवेव अलर्ट भी जारी किया जा चुका है। मौसम विभाग ने अपनी चेतावनी में लू चलने और तापमान में 4 डिग्री तक बढ़ोतरी होने की संभावना को लेकर लोगों को सचेत किया है। पिछले कुछ वर्षों से लगभग हर साल गर्मी के तापमान में इजाफा होता ही जा रहा है। जीवन के लिए एकमात्र ग्रह पृथ्वी गत दो दशकों से ग्लोबल वार्मिंग का निरन्तर प्रभाव झेल रही है। इसके अलावा भी वैज्ञानिकों द्वारा भारत में तेज गर्मी के और भी कई कई कारण बताए जा रहे हैं। इन कारणों में खासकर जलवायु परिवर्तन के अलावा हीट डोम और अल नीनो प्रभाव को रेखांकित किया जा रहा है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार उच्च दबाव प्रणाली गर्म हवा को जमीन के पास फंसाकर श्ढक्कनश की तरह काम करती है, जिससे तापमान तेजी से बढ़ता है। परिणाम स्वरूप compression heating से गर्मी और तीव्र हो जाती है। उधर पहले से हो रहा जलवायु परिवर्तन, सूखी मिट्टी और कम वनस्पति (वृक्ष कटान) इसे बढ़ावा देते हैं। इसी को हीट डोम प्रभाव कहा जाता है।

इसके अतिरिक्त ग्रीनहाउस गैसों से वैश्विक तापमान बढ़ रहा है। इसने हीटवेव की तीव्रता और इसकी अवधि दोनों को ही बढ़ा दिया है। बताया जा रहा है कि 2026 में दुनिया के 100 सबसे गर्म शहरों में 92 शहर केवल भारत में हैं। इन गर्म क्षेत्रों में केवल दिन ही नहीं बल्कि यहां की रातें भी गर्म रहती हैं। इसे सीवियर वार्म नाइट कहते हैं। यह स्थिति जलवायु परिवर्तन का ही नतीजा है। साथ ही इस हीट वेव पर अल नीनो का प्रभाव भी बताया जा रहा है।

आशंका व्यक्त की जा रही है कि 2026 में सुपर अल नीनो की आशंका से रिकॉर्ड गर्मी पड़ना भी संभव है। अल नीनो का प्रभाव ही प्रशांत महासागर में गर्म पानी का दौर हवाओं को कमजोर कर भारत में गर्मी और कम मानसून लाता है। इसी के साथ गर्मी को बढ़ने में अनियंत्रित शहरीकरण की भी बड़ी भूमिका है। देश में चारों ओर खेत व जंगल वृक्ष निरन्तर कम होते जा रहे हैं। और शहरीकरण के नाम पर कंक्रीट के जंगल बढ़ते जा रहे हैं। लिहाजा श्अर्बन हीट आइलैंडश का प्रभाव और कंक्रीट-आधारित विकास इसके लिए खासकर जिम्मेदार हैं। यह कंक्रीट के जंगल दिन में गर्मी को सोखते हैं और रात में इसे छोड़ते हैं। उधर शहरों में होती जा रही पेड़-पौधों की कमी से वातावरण में नमी घटती जा रही है। यही वजह है कि दिल्ली व अहमदाबाद जैसे महानगरों में रातें पूर्व की तुलना में 60 प्रतिशत अधिक गर्म होने लगी हैं। शहरों में कंक्रीट, डामर और सीमेंट की पक्की इमारतें सूर्य की गर्मी सोख लेती हैं तथा रात में धीरे-धीरे छोड़ती हैं, जिससे तापमान ग्रामीण क्षेत्रों से 5-10 डिग्री अधिक रहता है। पेड़-पौधों और हरियाली की कमी से वाष्पीकरण घटता है, जो प्राकृतिक शीतलन प्रदान करता। साथ ही वाहनों, एसी और उद्योगों से निकलने वाली गर्मी इसे और भी तीव्र बनाती है। गोया भारतीय शहरों में बढ़ता शहरीकरण बढ़ते तापमान के लिए 60 प्रतिशत तक जिम्मेदार है। और यही तापमान वृद्धि प्रति दशक 0.2 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि करता है। शहरीकरण ने गर्मी में 90 प्रतिशत इजाफा किया है तथा रात्रिकालीन सतह तापमान लगभग 70-80 प्रतिशत तक बढ़ा है। मिसाल के तौर पर जमशेदपुर में शहरीकरण ने तापमान वृद्धि में 100 प्रतिशत योगदान दिया।



ऐसे में सबसे ज्वलंत प्रश्न यही है कि आखिर तापमान वृद्धि की जिम्मेदार हमारी वर्तमान पीढ़ी क्या अपनी आने वाली नस्लों को भी ऐसी ही या इससे भी अधिक तपती पृथ्वी देकर जाएगी या इससे बचने के कुछ उपाय करना चाहेगी? इसके लिए सबसे पहले भारतीय शहरों में हरित आवरण को विस्तार देने की सख्त जरूरत है। हालांकि इसके लिए अनेक सरकारी योजनाएं व स्थानीय उपाय प्रभावी हैं जोकि शहरी गर्मी कम करने में हमारी सहायता करते हैं। इसके लिए बाकायदा कार्य योजना बनाकर तथा वर्षाऋतु के आरंभ से ही सरकारी और नगर निकाय भूमि पर बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण अभियान चलाए जा सकते हैं।

कई राज्य इस दिशा में सक्रियता से काम भी कर रहे हैं। वृक्षारोपण को एक आंदोलन का रूप देने के लिए हर व्यक्ति अपने परिवार के शादी ब्याह,मैरिज एनिवर्सरी,बर्थडे, जन्म मृत्यु बरसी जैसे अवसरों पर वृक्षारोपण कर इन अवसरों को यादगार बनाने के साथ साथ जलवायु को बेहतर बनाने की दिशा में भी अपना कीमती योगदान दे सकता है। इसके अलावा हर व्यक्ति जहां जमीन कम हो वहां अपने घरों की छतों पर रूफ गार्डनिंग कर सकता है और वर्टिकल गार्डन भी लगा सकते हैं। अपने घरों के खुले क्षेत्र में अधिक से अधिक गमले लगाकर भी तापमान को काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है तथा ताजी ऑक्सीजन प्राप्त की जा सकती है। गौरतलब है कि कोरोना काल में जब देशभर में अचानक कोरोना प्रभावित लोगों के लिए ऑक्सीजन की कमी पैदा हुई थी उस समय लोगों को हरियाली और वृक्षारोपण की खूब याद आई थी। कई बीमार लोग तो खेतों में पेड़ों के नीचे बैठकर स्वास्थ्य लाभ लेते देखे गए। इस आपदा ने ऑक्सीजन को लेकर लोगों में इतनी जागरूकता बढ़ाई कि उसी समय से गमलों व पौधों की नर्सरी का व्यवसाय कई गुना बढ़ गया।

बहरहाल भविष्य में तापमान वृद्धि से बचने व इसके दीर्घकालिक उपाय करने के साथ साथ तात्कालिक रूप से शरीर पर पड़ने वाले इसके दुष्प्रभाव से बचाव करना भी बेहद जरूरी है। इसके लिए सबसे पहले अपने शरीर को डिहाइड्रेशन से बचाना और शरीर को हाइड्रेटेड रखना सबसे जरूरी है। इसके लिए बहुत सारा पानी पीना चाहिए और बार बार पीना चाहिए। इसके अलावा नारियल पानी, नींबू पानी, सत्तू व ओआरएस जैसे शीतल पेय भी शरीर के तापमान को नियंत्रित रखने में मददगार होते हैं और डिहाइड्रेशन रो. कते हैं।

जीरा, धनिया या खस मिला ठंडा पानी भी इसके लिए बहुत फायदेमंद है। इसके साथ ही अनावश्यक रूप से बाहर निकलने से भी बचना चाहिए। इसके साथ ही घरों में पर्दे,सनशेड आदि लगाकर धुप को रोका जा सकता है। रात के समय खिड़कियां खुली रखने, पंखा चलने व आवश्यकता हो तो गीले कपड़े पहनने या ठन्डे पानी से नहाने व पैरों को ठन्डे पानी में भिगोकर रखने से भी प्रचंड गर्मी से राहत पाई जा सकती है। इस मौसम में आहार में भी सावधानियां बरतने की जरुरत है। हल्का व पौष्टिक भोजन लेना चाहिए। जंक फूड को तो पूरी तरह नजरअंदाज करना चाहिए। इसप्रकार से धरती के इस बढ़ते तापमान का हम किसी हद तक मुकाबला कर सकते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)



कोलकाता। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण के मतदान के दौरान नादिया स्थित एक मतदान केंद्र पर बुजुर्ग महिला के साथ एक व्यक्ति।

## भारत के साथ सैन्य-तकनीकी सहयोग और बढ़ाने का इच्छुक रूस

**मॉस्को।** रूस ने कहा है कि वह भारत के साथ सैन्य-तकनीकी सहयोग को और बढ़ाने का इच्छुक है और मिल कर काम करने तथा और लाइसेंस प्राप्त हथियार निर्माण के लिए तैयार है। रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने भारतीय सूचना पोर्टल 'फर्स्टपोस्ट' को दिए एक साक्षात्कार में कहा रूस, भारत के साथ सैन्य-तकनीकी सहयोग बढ़ाना जारी रखने का इरादा रखता है। भारतीय सशस्त्र बलों की सभी शाखाओं के लिए विस्तृत श्रृंखला में सैन्य उत्पादों की आपूर्ति परस्पर सहमत समय सीमा पर की जा रही है। इसके अलावा वह संयुक्त रूप से लाइसेंस प्राप्त हथियारों के निर्माण के लिए भी तैयार है। राजनयिक ने कहा कि रूस न केवल तैयार सैन्य उत्पादों का निर्यात करने के लिए तैयार है, बल्कि संयुक्त विकास, आधुनिक हथियारों के लाइसेंस युक्त निर्माण और विभिन्न प्रकार के उपकरणों के आधुनिकीकरण एवं अन्य परियोजनाओं को लागू करने के लिए भी तैयार है।

# अमेरिका ने समुद्री क्षेत्र को बंधक बनाया: ईरान

## संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में समुद्री डकैती को अंजाम देने जैसे गंभीर आरोप लगाए

**न्यूयॉर्क/तेहरान।** ईरान ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में अमेरिका की कड़ी आलोचना करते हुए अमेरिका पर समुद्री डकैती को अंजाम देने और खास समुद्री क्षेत्र को बंधक बनाने का आरोप लगाया है। संयुक्त राष्ट्र में ईरान के राजदूत अमीर सईद इरावनी ने होर्मुज जलडमरूमध्य में ईरान के अपने कदमों का बचाव करते हुए कहा कि अमेरिकी नीतियां अंतर्राष्ट्रीय कानून का उल्लंघन कर रही हैं।



■ ईरान की अनुमति के बाद जापानी सुपरटैंकर ने पार किया होर्मुज जलडमरूमध्य क्षेत्र
■ अमेरिका ने 28 फरवरी से ईरान के खिलाफ एक गैरकानूनी समुद्री नाकाबंदी लागू कर दी है

जलमार्गों की सुरक्षा और संरक्षण पर सुरक्षा परिषद की एक खुली बहस में इरावनी ने अमेरिकी नौसैनिक नीति के खिलाफ ईरान के कड़े रुख को स्पष्ट किया। उन्होंने हालिया अमेरिकी कार्रवाइयों को अंतर्राष्ट्रीय कानून और क्षेत्रीय स्थिरता पर सीधा हमला बताते हुए घोषणा की कि अमेरिका समुद्री डकैतों और आतंकवादियों की तरह व्यवहार कर रहा है। ईरानी राजदूत ने आरोप लगाया कि अमेरिका ने 28 फरवरी से ईरान के खिलाफ एक गैरकानूनी समुद्री नाकाबंदी लागू कर दी है। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने अंतर्राष्ट्रीय जलक्षेत्र में ईरानी वाणिज्यिक जहाजों को जब्त किया और चालक दल के सदस्यों को हिरासत में लिया, जो अंतर्राष्ट्रीय कानून के तहत 'समुद्री डकैती' है। इरावनी ने तर्क दिया कि अमेरिकी कार्रवाइयां न केवल संयुक्त राष्ट्र चार्टर का उल्लंघन करती हैं, बल्कि संयुक्त राष्ट्र महासभा के प्रस्ताव 3314 के तहत 'आक्रामकता' की श्रेणी में आती हैं। उन्होंने सुरक्षा परिषद के अन्य सदस्यों को भी उनके 'पाखंड' के लिए आड़े हाथों लिया और कहा कि अंतर्राष्ट्रीय नौवहन के लिए चिंता जताने वालों में से किसी में भी इस बैठक में अमेरिकी कृत्य की निंदा करने का साहस नहीं है। राजदूत ने दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण तेल शिपिंग मार्गों में से एक, होर्मुज जलडमरूमध्य में ईरान के अपने आचरण का बचाव किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि ईरान के उपाय प्रथागत अंतर्राष्ट्रीय कानून के तहत उसके अधिकारों और दायित्वों पर आधारित हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि ईरान समुद्री कानून पर 1982 के संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन का हस्ताक्षरकर्ता नहीं है, इसलिए वह इसके संधि प्रावधानों से पूरी तरह बाध्य नहीं है। इरावनी ने कहा कि ईरान ने फारस की खाड़ी, होर्मुज जलडमरूमध्य और ओमान की खाड़ी में हमेशा समुद्री सुरक्षा और नौवहन की स्वतंत्रता को बनाए रखा है। उन्होंने कहा कि ईरान द्वारा उठाए गए कदम राष्ट्रीय सुरक्षा और सुरक्षित मार्ग की आवश्यकता के बीच संतुलन बनाए रखने के लिए उठाए गए हैं। ईरानी राजदूत ने पश्चिमी देशों की भी तीखी आलोचना की और उन पर 'दोहरे मापदंड' अपनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि समुद्री स्वतंत्रता के प्रति उनकी चिंता वास्तविक नहीं है। राजदूत ने स्पष्ट किया कि समुद्री परिवहन में किसी भी व्यवधान की पूरी जिम्मेदारी हमलावर देश अमेरिका और उसके समर्थकों की है। वहीं ईरानी अधिकारियों से औपचारिक अनुमति मिलने के बाद जापानी स्वामित्व वाले एक सुपरटैंकर ने होर्मुज जलडमरूमध्य को सफलतापूर्वक पार किया है। अमेरिका-इजरायल और ईरान संघर्ष शुरू होने के बाद इस रणनीतिक समुद्री मार्ग से जापान से जुड़ा यह पहला प्रमुख तेल पारगमन माना जा रहा है।

# ईरान में हार से बचने को रास्ता तलाश रहा अमेरिका

## वॉशिंगटन स्थित 'यूरेशिया सेंटर' के पूर्व उपाध्यक्ष अमेरिकी विशेषज्ञ अर्ल रासमुसेन ने किया दावा

**वाशिंगटन।** वाशिंगटन स्थित 'यूरेशिया सेंटर' के पूर्व उपाध्यक्ष अर्ल रासमुसेन ने दावा किया है कि अमेरिका ईरान में हार से बचने का रास्ता खोजने की कोशिश कर रहा है। रासमुसेन ने संवाद समिति रिया नोवोस्ती को बताया कि अमेरिका हार से बचने के लिए किसी भी तरह का रास्ता तलाश रहा है, लेकिन संभवत: उसे इसे स्वीकार करना ही होगा, अन्यथा भविष्य अज्ञात है। विशेषज्ञ ने उन अपेक्षाओं को 'अवास्तविक' बताया कि तेहरान इस संघर्ष में आत्मसमर्पण कर देगा। रासमुसेन ने यह चेतावनी भी दी कि तनाव और बढ़ने से वैश्विक अर्थव्यवस्था पर गहरा प्रभाव पड़ेगा। रासमुसेन ने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प जानते हैं कि तनाव में और वृद्धि संभवत: दुनिया को वैश्विक मंदी या महामंदी की ओर धकेल देगी। उनके अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ईरान के खिलाफ अपने सैन्य अभियान के लिए कांग्रेस से समय विस्तार की मांग कर सकते हैं, क्योंकि वह अनधिकृत युद्धों के लिए निर्धारित 60 दिनों की कानूनी सीमा के करीब पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि ट्रम्प एक ऐसी स्थिति में हैं जहां जीतना कठिन है, फिर भी वे निकलने का रास्ता खोजने का प्रयास कर रहे हैं। वे संभवत: अतिरिक्त समय विस्तार की मांग करेंगे। एक मई को ट्रम्प द्वारा कांग्रेस को ईरान के खिलाफ सैन्य अभियान की सूचना दिए जाने के 60 दिन पूरे हो जाएंगे। 'युद्ध शक्तियों के संकल्प' के तहत, राष्ट्रपति को 60 दिनों के बाद अभियान जारी रखने या सेना वापस बुलाने के लिए कांग्रेस की मंजूरी प्राप्त करने की आवश्यकता होती है, जिसके लिए वे अतिरिक्त 30 दिनों के लिए लिखित रूप में प्रमाणित कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि यदि ट्रम्प सेना वापस बुलाते हैं, तो यह राजनीतिक रूप से अच्छा नहीं लगेगा। वे अपनी धमकियों पर अडिग रहकर आगे बढ़ सकते हैं, लेकिन इसकी सबसे संभावित परिणति और भी खराब होगी। विशेषज्ञ ने ट्रम्प से यह स्वीकार करने का आह्वान किया कि ईरान पर हमला करना एक अत्यंत गलत निर्णय था और उन्हें इस संघर्ष को रोक देना चाहिए। हालांकि, उन्होंने संकेत दिया कि इजरायल और अमेरिका के राजनीतिक अभिजात वर्ग का कुछ हिस्सा और अधिक तनाव बढ़ाने के लिए दबाव डाल सकता है। गौरतलब है कि अमेरिका और इजरायल ने 28 फरवरी को ईरान के ठिकानों पर हमले किए थे, जिससे काफी क्षति हुई और हजारों नागरिक हताहत हुए। सात अप्रैल को वाशिंगटन और तेहरान ने दो सप्ताह के युद्धविराम की घोषणा की थी। इस्लामाबाद में उसके बाद हुई वार्ता बेनतीजा रही। अमेरिका 13 अप्रैल से 'हॉर्मुज जलडमरूमध्य' के दोनों किनारों पर ईरानी बंदरगाहों में प्रवेश करने और वहां से निकलने वाले समुद्री यातायात की घेराबंदी भी कर रहा है।



■ रासमुसेन ने तनाव और बढ़ने से वैश्विक अर्थव्यवस्था पर गहरा प्रभाव पड़ने की भी चेतावनी भी दी

### अमेरिकी शेयर बाजार लुढ़ककर अपने न्यूनतम स्तर पर पहुंचा

**वाशिंगटन।** ईरान के साथ चल रहे युद्ध के कारण तेल की कीमतों में आए एक और उछाल ने मंगलवार को अमेरिकी शेयर बाजार वॉल स्ट्रीट को हालिया रिकॉर्ड स्तर से नीचे धकेल दिया।

ऊर्जा बाजारों में बढ़ते दबाव का सामना कर रहे निवेशकों के कारण बाजार में यह गिरावट देखी गई है। शेयर बाज़ार सूचकांक 'एस एंड पी 500' अपने नवीनतम सर्वकालिक उच्च स्तर से 0.5 प्रतिशत गिर गया। डॉव जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज सूचकांक 25 अंक यानी 0.1 प्रतिशत लुढ़का, जबकि नैस्डैक कंपोजिट सूचकांक अपने रिकॉर्ड स्तर से 0.9 प्रतिशत नीचे आ गया। बाजार में यह हलचल तेल की कीमतों में जारी निरंतर वृद्धि के कारण हुई है। जून अनुबंध के लिए ब्रेंट क्रूड तेल 2.8 प्रतिशत बढ़कर 111.26 डॉलर प्रति बैरल पर बंद हुआ, जबकि अधिक सक्रिय रूप से कारोबार वाले जुलाई अनुबंध में 2.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 104.40 डॉलर पर पहुंच गया। फरवरी के अंत से कीमतों में तेजी से वृद्धि हुई है, जब ब्रेंट 70 डॉलर के करीब कारोबार कर रहा था। अब यह 119 डॉलर के उस स्तर की ओर बढ़ रहा है जो संघर्ष की शुरुआत में देखा गया था। इसका असर वाशिंगटन के सभी पेट्रोल पंपों पर महसूस किया जा रहा है।

### ईरान को परमाणु हथियार विकसित करने के पक्षधर नहीं हैं सम्राट चार्ल्स-3: ट्रम्प

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया है कि ब्रिटेन के सम्राट चार्ल्स-3 भी इस बात से सहमत हैं कि ईरान को परमाणु हथियार विकसित करने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। ट्रम्प ने पश्चिम एशिया नीति पर टिप्पणी करते हुए कहा कि ईरान को कभी भी परमाणु हथियार हासिल नहीं करने दिया जाएगा और इस मुद्दे पर सम्राट चार्ल्स भी उनकी सोच से सहमत हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति की यह टिप्पणी ब्रिटेन की संवैधानिक परंपराओं के संदर्भ में असहज मानी जा रही है, क्योंकि ब्रिटिश सम्राट परंपरागत रूप से राजनीतिक रूप से तटस्थ रहते हैं और सरकारी नीति या अंतर्राष्ट्रीय संघर्षों पर सार्वजनिक रूप से पक्ष नहीं लेते।ब्रिटेन में संवैधानिक व्यवस्था के तहत सम्राट किसी भी दलगत या प्रत्यक्ष राजनीतिक रुख से दूरी बनाए रखते हैं। ऐसे में ट्रम्प का यह दावा राजनीतिक और कूटनीतिक हलकों में चर्चा का विषय बन गया है। इस बीच ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं कि ईरान से जुड़ा युद्ध ब्रिटेन का युद्ध नहीं है और वह इस संघर्ष में प्रत्यक्ष रूप से शामिल होने के पक्ष में नहीं हैं। उन्होंने यह भी दोहराया है कि ईरान को परमाणु हथियार नहीं मिलने चाहिए, जो लंबे समय से ब्रिटिश सरकारों की नीति रही है।

# भारत-केन्या ने की अपनी मुद्राओं में व्यापार पर चर्चा

**नई दिल्ली।** अफ्रीका क्षेत्र में भारत के एक महत्वपूर्ण व्यापारिक भागीदार के रूप में उभर रहे केन्या के साथ नैरोबी में हुई एक बैठक में दोनों देशों ने द्विपक्षीय व्यापार और आर्थिक सहयोग की समीक्षा की है। दोनों देशों ने इसे और विस्तृत एवं मजबूत बनाने के अलावा अपनी मुद्राओं में व्यापार करने की संभावनाओं पर भी पर चर्चा की।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की बुधवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार भारत-केन्या संयुक्त व्यापार समिति (जेटीसी) की 27-28 अप्रैल को नैरोबी में हुई दसवीं बैठक में दोनों पक्षों ने स्थानीय मुद्राओं में व्यापार निपटान को बढ़ावा देने की संभावना को स्वीकार किया है। यह उल्लेख किया गया कि केन्याई बैंकों ने भारतीय बैंकों के साथ विशेष रुपये पर आधारित वोस्त्रो खाते (एसआरवीए) खोले हैं, और इस व्यवस्था का अधिक उपयोग द्विपक्षीय लेनदेन को सुगम बना सकता है। बैठक में स्थानीय मुद्रा निपटान (एलसीएस) तंत्र अपनाने की संभावना पर भी चर्चा की गई। केन्या के लिए भारत एक प्रमुख व्यापारिक भागीदार के रूप में उभरा है और दोनों के बीच व्यापार बढ़कर 4.31 अरब अमेरिकी डॉलर के स्तर पर पहुंच गया है।



■ अफ्रीका क्षेत्र में भारत के एक महत्वपूर्ण व्यापारिक भागीदार के रूप में उभर रहा केन्या

बैठक में दोनों देशों ने व्यापार और निवेश संबंध मजबूत करने पर बातचीत की। इस सत्र की अध्यक्षता वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के वाणिज्य विभाग के सचिव राजेश अग्रवाल और केन्या गणराज्य के व्यापार विभाग की प्रधान सचिव रेजिना अकोटा ओम्बम ने की। विज्ञप्ति के अनुसार दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय व्यापार में लगातार वृद्धि का उल्लेख किया, जिसमें भारत केन्या के प्रमुख व्यापारिक साझेदारों में से एक के रूप में उभरा है। भारत और केन्या के बीच कुल व्यापार 2025-26 में 4.31 अरब अमेरिकी डॉलर रहा, जिसमें 2024-25 के 3.45 अरब अमेरिकी डॉलर से 24.91 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है।

## ट्रम्प ने फ्रेडरिक मर्ज की तीखी आलोचना की

**वाशिंगटन।** ईरान के मुद्दे पर अमेरिका और उसके यूरोपीय सहयोगियों के बीच गहराते मतभेद के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बुधवार को जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज़ की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि मर्ज़ को लगता है कि ईरान का परमाणु हथियार संपन्न होना ठीक है। ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ सोशल पर कहा कि इसमें कोई आश्चर्य नहीं है कि जर्मनी आर्थिक और अन्य मोर्चों पर इतना खराब प्रदर्शन कर रहा है। उन्होंने कहा कि जर्मन चांसलर को नहीं पता कि वह क्या कह रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि यदि ईरान के पास परमाणु हथियार होता, तो पूरी दुनिया को बंधक बना लिया जाता। उन्होंने कहा कि वह अभी ईरान के संबंध में वह कदम उठा रहे हैं, जो अन्य देशों या राष्ट्रपतियों को बहुत पहले कर लेने चाहिए थे।

# ट्रम्प की तस्वीर वाले पासपोर्ट जारी करेगा अमेरिका

## आजादी की 250वीं वर्षगांठ पर लिमिटेड एडिशन मिलेगा, ट्रम्प का गोल्डन सिग्नेचर भी दिखेगा

**वाशिंगटन।** अमेरिका अपनी आजादी की 250वीं वर्षगांठ के मौके पर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की तस्वीर वाले खास पासपोर्ट जारी करेगा। अमेरिकी विदेश विभाग ने मंगलवार को बताया कि यह लिमिटेड एडिशन नए डिजाइन वाले अमेरिकी पासपोर्ट इस गर्मियों से जारी किए जाएंगे। साथ ही इसमें राष्ट्रपति ट्रम्प का गोल्डन सिग्नेचर भी होगा।

अधिकारी के मुताबिक, वाशिंगटन पासपोर्ट एजेंसी से इन पासपोर्ट्स की शुरुआत होगी। वहां व्यक्तिगत रूप से पासपोर्ट रिन्यू कराने वालों को यही डिफाल्ट पासपोर्ट मिलेगा। हालांकि, ऑनलाइन आवेदन करने वालों और अन्य केंद्रों पर मौजूदा डिजाइन जारी रहेगा। स्टेट डिपार्टमेंट के प्रवक्ता टामी पिगाट ने कहा कि, अमेरिका ये पासपोर्ट कस्टमाइज्ड आर्टवर्क और बेहतर इमेजरी के साथ आएंगे, लेकिन इनकी सुरक्षा वही रहेगी, जो अमेरिकी पासपोर्ट को दुनिया के सबसे सुरक्षित दस्तावेजों में से एक बनाती है। यह पासपोर्ट सीमित संख्या में जारी किए जाएंगे, लेकिन कितने जारी होंगे, यह अभी साफ नहीं है। पासपोर्ट के पीछे के कवर पर जान ट्रंबुल की पेंटिंग 'डिक्लेरेशन ऑफ इंडिपेंडेंस' की तस्वीर होगी। यह मशहूर पेंटिंग 1776 के उस पल को देखाती है जब अमेरिकी नेताओं ने पहली बार स्वतंत्रता का दस्तावेज कांग्रेस (अमेरीकी संसद) में पेश किया था। यह पेंटिंग अमेरिकी इतिहास का प्रतीक मानी जाती है और वाशिंगटन डीसी के कैपिटल बिल्डिंग में भी लगी है। अभी जो अमेरिकी पासपोर्ट जारी होते हैं, उनके अंदर के फ्रंट कवर पर पर्सी मोरन की पेंटिंग होती है, जिसमें फ्रांसिस स्काट की फोर्ट मैकहेनरी पर हमले के बाद की सुबह दिखाई गई है। इसी घटना से अमेरिकी राष्ट्रगान लिखे जाने की प्रेरणा मिली थी और उसकी कुछ पंक्तियां भी अंदर छपी होती हैं। 'डिक्लेरेशन ऑफ इंडिपेंडेंस' पेंटिंग। इसमें थामस जेफरसन समेत पांच लोगों की कमेटी को दिखाया गया है, जो स्वतंत्रता घोषणा का ड्राफ्ट लेकर आए थे। 'डिक्लेरेशन ऑफ इंडिपेंडेंस' पेंटिंग। इसमें थामस जेफरसन समेत पांच लोगों की कमेटी को दिखाया गया है, जो स्वतंत्रता घोषणा का ड्राफ्ट लेकर आए थे ट्रम्प की तस्वीर का इस्तेमाल अन्य स्मारक चीजों में भी किया जा रहा है।



■ ऑनलाइन आवेदन करने वालों और अन्य केंद्रों पर मौजूदा डिजाइन जारी रहेगा

# जापान में 10 जुलाई 2026 को रिलीज होगी धुरंधर

मुंबई। अपने शानदार और रिकॉर्ड तोड़ ग्लोबल बॉक्स ऑफिस सफर के बाद, जियो स्टूडियोज और बी62 स्टूडियोज की फिल्म 'धुरंधर (पार्ट वन)', 10 जुलाई 2026 को जापान में थिएटर रिलीज के लिए तैयार है। यह फिल्म के इंटरनेशनल सफर का एक और बड़ा पड़ाव माना जा रहा है।

■ जापान में रिलीज से पहले, फिल्म ने दुनिया भर के कई बड़े मार्केट्स में बेहतरीन प्रदर्शन किया है

जापान में रिलीज से पहले, फिल्म ने दुनिया भर के कई बड़े मार्केट्स में बेहतरीन प्रदर्शन किया है और भारतीय सिनेमा के लिए नए रास्ते खोले हैं। 05 दिसम्बर 2005 को ग्लोबली रिलीज हुई इस स्पाई एक्शन एंटरटेनर ने दुनियाभर में 1328 करोड़ रुपये से ज्यादा का कारोबार किया था। धुरंधर (पार्ट 1) ने इंटरनेशनल मार्केट में भी बड़ा मुकाम हासिल किया। यह नॉर्थ अमेरिका में अब तक की नंबर 1 हिंदी फिल्म बनी, वहीं कनाडा और ऑस्ट्रेलिया में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्म रही, और यूके में भी टॉप परफॉर्म करने वाली भारतीय फिल्मों में शामिल हुई। अपने बड़े पैमाने, दमदार कहानी और अलग जॉनर अपील के साथ, 'धुरंधर' जापान के दर्शकों से जुड़ने के लिए पूरी तरह तैयार है। फिल्म में जबरदस्त एक्शन, इमोशन और गहराई से बुनी कहानी देखने को मिलती है, जो इसे एक इमर्सिव और सभी के लिए एंगेजिंग सिनेमाई अनुभव बनाती है। हाल के समय की सबसे चर्चित हिंदी फिल्मों में से एक 'धुरंधर' को दर्शकों का भरपूर प्यार मिला है और इसने कई बॉक्स ऑफिस रिकॉर्ड भी तोड़े हैं। फिल्म में रणवीर सिह के साथ संजय दत्त, अक्षय खन्ना, आर-माधवन, अर्जुन रामपाल और सारा अर्जुन जैसे कलाकार नजर आते हैं। यह हाई-ऑक्टेन एक्शन थ्रिलर आदित्य धर द्वारा लिखी, निर्देशित और प्रोड्यूस की गई है।


देश/विदेश से एम.बी.बी.एस, एवं स्टडी वीजा के लिए सम्पर्क करें

• रशिया
• जॉर्जिया
• कजाखस्तान
• किर्गिज़स्तान
• उज्बेकिस्तान
• बांग्लादेश
• नेपाल
• चाईना
• ईरान
• इजिप्ट
• यू.के.
• कनाडा
• यू.एस.ए.
और भी देशों से

Since 2010

अन्जुम कलीम (एम.डी.) 8384872313 9457439020

M.B.B.S./M.D.

BDS, BAMS, BUMS, BEMS

Abroad Admission & Counselling For India

• Top Govt. Universities.
• MCI, WHO Approved Universities.
• Indian Hostel & Mess Available.
• Lowest Price Packages.
• Boys/Girls Hostels Are Separates Available.



अपना एम.बी.बी.एस. 25 से 27 लाख में पूरा करें जिसमें ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस, खाना 3 टाईम (वेज/नॉनवेज), वीजा एक्सटेंशन, इंश्योरेंस, मेडिकल, ट्रांसपोर्टेशन, लॉन्ड्री, एफ.एम.जी. ई. कॉचिंग, 15 इंडियन बेस्ट फैकल्टी के द्वारा दी जा रही है 471 बच्चें जनवरी एफ.एम.जी.ई. एक्जाम में पास हुऐ (अन्य कोई खर्चा नहीं)

www.mbbsbijnor.com
ADD : MBBS ABROAD CONSULTANCY, MOIN KA CHAURAHA, CHAHSHIREEN JAMA MASJID, B-21, BIJNOR (U.P)


# पाक में गुब्बारों में एलपीजी भरकर खाना बना रहे लोग

## किल्लत की वजह से लोग ऐसा करने पर मजबूर, जानकर बोले: ये प्रयोग चलते-फिरते बम जैसा

**कराची।** पाकिस्तान के कराची शहर में गैस की भारी कमी के कारण लोग अब प्लास्टिक के गुब्बारों में गैस भरकर खाना बनाने को मजबूर हो गए हैं। लंबे समय से एलपीजी किल्लत की वजह से लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी प्रभावित हो रही है।

यह खतरनाक तरीका खास तौर पर कराची के ओरंगी टाउन इलाके में देखा गया है, जिसमें मोमिनाबाद भी शामिल है। वहां के लोगों का कहना है कि अनियमित गैस सप्लाई के कारण उनके पास कोई दूसरा विकल्प नहीं है। रिपोर्ट के मुताबिक लोग खास तरह के प्लास्टिक के गुब्बारों में गैस भरते हैं। जब थोड़ी देर के लिए गैस सप्लाई आती है, तब इन गुब्बारों को भर लिया जाता है और बाद में दिनभर इन्हीं का इस्तेमाल करके खाना बनाया जाता है। ये गुब्बारे स्थानीय बाजार में भी करीब 1000 से 1500 रुपए में मिल रहे हैं। एक्सपर्ट्स ने इस तरीके को बेहद खतरनाक बताया है। सेफ्टी एनालिस्ट्स का कहना है कि प्लास्टिक के गुब्बारों में गैस भरना 'मोबाइल बम' जैसा है, क्योंकि हल्की सा घर्षण, गर्मी या चिंगारी भी बड़ा विस्फोट करा सकती है। घरों के अंदर ऐसे गैस से भरे गुब्बारे रखना आग लगने के खतरे को बढ़ाता है।



■ ये गुब्बारे स्थानीय बाजार में भी करीब 1000 से 1500 रुपये में मिल रहे हैं

खासकर घनी आबादी वाले इलाकों में इसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं। यह स्थिति ऐसे समय में सामने आई है, जब वैश्विक स्तर पर ऊर्जा सप्लाई पर दबाव बढ़ा हुआ है। अमेरिका और ईरान के बीच चल रहे तनाव के कारण ऊर्जा सप्लाई चेन प्रभावित हुई है, जिसमें होर्मुज स्ट्रेट जैसे अहम रास्तों पर भी असर पड़ा है। कराची में कई सालों से गैस की कमी, कम दबाव और लंबी कटौती की समस्या चलती रही है। सर्दियों में तो हालत और खराब हो जाती है, क्योंकि उस समय मांग बढ़ जाती है और सप्लाई उतनी नहीं होती। इसी वजह से पहले भी लोग अलग-अलग जुगाड़ करते रहे हैं।


यौन समस्याएं



यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें

डा. सम्राट

नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।

नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108